आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.17
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी 09:16 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

रविवार, 22 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 353, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



महंगी होगी हवाई यात्रा किराया बढ़ा सकती हैं एयरलाइंस - 12



पेट्रोलियम मंत्रालय ने 50 फीसदी तक बढ़ाया वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन - 12



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बोलीं- मोदी सबसे बड़ा घुसपैठ करने वाले - 13



केकेआर को बड़ा झटका चोटिल आकाशदीप आईपीएल सत्र से बाहर - 14

# ईरान के परमाणु संयंत्र पर फिर हमला

## रेडियोएक्टिव रिसाव की सूचना नहीं, हिंद महासागर में अमेरिकी बेस पर ईरान ने दागी मिसाइल

- इजराइली रक्षा मंत्री बोले- अगले सप्ताह हमलों में होगी वृद्धि, रूस ने नतांज संयंत्र पर हमले की निंदा की


दुबई, एजेंसी

ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र पर शनिवार को दूसरी बार हवाई हमले किए गए। ईरान ने कहा कि संयंत्र से कोई रेडियोधर्मी विकिरण नहीं हुआ है। लेकिन उसने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु एजेंसी को इसकी जानकारी देकर विरोध दर्ज कराया है। उपग्रह चित्रों के अनुसार कई इमारतें क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही थीं।

तेहरान से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित परमाणु संयंत्र को जून 2025 में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिनों के युद्ध में इजराइली हवाई हमलों और अमेरिका द्वारा निशाना बनाया गया था। वहीं, ईरान ने हिंद महासागर में स्थित अमेरिकी-ब्रिटेन संयुक्त हवाई अड्डे पर हमला किया। ब्रिटेन ने हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया द्वीप स्थित ब्रिटिश-अमेरिकी हवाई सैन्य प्रतिष्ठान पर ईरान की सेना द्वारा मिसाइलें दागे जाने की निंदा की है। ब्रिटिश अधिकारियों ने नाकाम हमले के प्रयास का विवरण नहीं दिया है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। ईरान ने इस हमले की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु एजेंसी को भी दी है।

इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि आने वाले सप्ताह में ईरान के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को समाप्त करने पर विचार करने की घोषणा किए जाने के कुछ घंटों बाद काट्ज ने शनिवार को यह टिप्पणी की। इजराइल ने कहा कि शनिवार सुबह भी ईरान उसकी ओर मिसाइलें दागता रहा, जबकि सऊदी अरब ने बताया कि उसने देश के पूर्वी हिस्से में कुछ ही घंटों में 20 ड्रोन मार गिराए।



ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र पर हमले की सेटेलाइट तस्वीर।

### युद्ध में अब तक 2328 की गई जान

लड़ाई में अब तक ईरान में 1,300 से अधिक, लेबनान में 1,000 से ज्यादा, इजराइल में 15 और इस क्षेत्र में 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है। लेबनान और ईरान में लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान ने शनिवार को रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी के लिए जनाजा निकाला, जिन्हें एक दिन पहले इजराइली हमले में मार दिया गया था।

### न्यूक्लियर क्षेत्र को नहीं बनाया निशाना: इजराइल

इजराइली आर्मी ने ईरान के नतांज न्यूक्लियर प्लांट पर हमले से इनकार किया है। आईडीएफ ने कहा कि हमने यह हमला नहीं किया है और हमें नहीं पता यह किसने किया। हम अमेरिकी कार्रवाई पर कोई टिप्पणी नहीं करते। वहीं, ईरान की न्यूज एजेंसी तसनीम के मुताबिक, जिस जगह पर हमला हुआ उसका नाम 'अहमदी रोशन' है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस हमले के बाद किसी भी तरह का खतरनाक रिसाव नहीं हुआ है और आसपास रहने वाले लोगों को कोई खतरा नहीं है।

### अमेरिका ने पैट्रियट मिसाइलों को प. एशिया भेजा

**लंदन।** ईरान के खिलाफ युद्ध पर ध्यान केंद्रित करते हुए अमेरिका ने बड़ी संख्या में पैट्रियट मिसाइलों को यूरोप से हटाकर पश्चिम एशिया की ओर भेज दिया है। इन मिसाइलों को पश्चिम एशिया में भेजे जाने के कारण यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा कमजोर होने को लेकर चिंता पैदा हो गई है। संवेदनशील सैन्य मामलों पर गोपनीयता के कारण अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी है। वहीं, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका पश्चिम एशिया में तीन और हमलावर जहाज और लगभग 2,500 अतिरिक्त मरीन तैनात कर रहा है। दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने भी जहाजों की तैनाती की पुष्टि की, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कहां जा रहे हैं।

### 22 देशों ने होर्मुज को खोलने की अपील की

**दुबई।** दुनिया के 22 देशों ने शनिवार को ईरान से हमले रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की अपील की। संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया समेत इन देशों ने पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक जहाजों तथा तेल और गैस सुविधाओं पर ईरान के हमलों की निंदा की है। उन्होंने शनिवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा, ईरान की इन कार्रवाइयों का असर दुनिया के हर हिस्से के लोगों खासकर सबसे कमजोर तबके पर पड़ेगा।

# अमेरिका ने ईरानी तेल से 30 दिन प्रतिबंध हटाया, ईरान बोला- नहीं है सरप्लस क्रूड

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने विश्वस्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास में समुद्र में फंसे ईरानी तेल की बिक्री पर लगे प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाने की घोषणा की है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि इस अस्थायी कदम से 14 करोड़ बैरल ईरानी तेल वैश्विक बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा।

बेसेंट ने कहा, यह अस्थायी, अल्पकालिक अनुमति केवल उस तेल तक सीमित है जो पहले से ही रास्ते में है और इसमें नयी खरीद या उत्पादन की अनुमति नहीं है। युद्ध शुरू होने से पहले ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो इस सप्ताह बढ़कर 119.50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। उन्होंने कहा, आज वित्त विभाग एक सीमित, अल्पकालिक अनुमति जारी कर रहा है, जिसके तहत समुद्र में फंसे ईरानी तेल की बिक्री की इजाजत दी जा रही है। अमेरिकी अधिकारी ने दावा किया कि फिलहाल प्रतिबंधित ईरानी तेल को चीन सस्ते दामों पर जमा कर रहा है। इस मौजूदा आपूर्ति को अस्थायी रूप से वैश्विक बाजार के लिए खोलने से लगभग 14 करोड़ बैरल तेल तुरंत बाजार में आएगा, जिससे ऊर्जा आपूर्ति बढ़ेगी और ईरान के कारण तेल आपूर्ति पर पैदा हुए अस्थायी दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। बेसेंट ने कहा, असल में हम ऑपरेशन एपिक फ्यूरी जारी रखते हुए कीमतों को कम रखने के लिए ईरानी तेल का ही इस्तेमाल तेहरान के खिलाफ कर रहे हैं। तेल टैंकरों में लदे ईरानी तेल पर प्रतिबंधों में यह ढील शुक्रवार से लागू होगी और 19 अप्रैल तक जारी रहेगी।युद्ध से पहले अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें तीन डॉलर प्रति गैलन थीं, जो शनिवार तक बढ़कर 3.99 डॉलर प्रति गैलन हो गईं। वहीं, अमेरिकी छूट पर ईरान ने कहा है कि उसके पास अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए कोई सरप्लस क्रूड उपलब्ध नहीं है। ईरान के बयान ने पहले से ही अस्थिर तेल बाजार में अनिश्चितता और बढ़ा दी है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण व्यापार प्रवाह बाधित है। कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई जब भारत और अन्य एशियाई देश अस्थायी छूट के तहत ईरानी तेल की खरीद दोबारा शुरू करने पर मंथन करने में जुटे थे।




- विश्वस्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 30 दिन की छूट दी

### ट्रंप बोले- उनका प्रशासन पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को धीरे-धीरे कम करने पर कर रहा विचार

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को धीरे-धीरे कम करने पर विचार कर रहा है। हालांकि अमेरिका ने उस क्षेत्र में और युद्धपोत तथा मरीन सैनिक तैनात करने की घोषणा भी की है। ईरान ने भी दुनिया भर के पर्यटन स्थलों पर हमले की धमकी दी है। अमेरिका के ये मिले-जुले संकेत ऐसे समय में आए हैं जब तेल की कीमतों में फिर उछाल से अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वादियां ये फिजाएं बुला रही हैं तुम्हें... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### चैत्र नवरात्र में भीड़ के बीच वैष्णो देवी यात्रा स्थगित की गई

**जम्मू।** चैत्र नवरात्र के कारण उमड़ी भीड़ के बीच शनिवार को वैष्णो देवी तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई। शनिवार को शाम चार बजे तक 39,000 श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। 19 मार्च से शुरू हुए चैत्र नवरात्र के कारण भीड़ बढ़ गई है। नवरात्र पर्व 27 मार्च तक चलेगा और इस दौरान मंदिर बोर्ड को देश भर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस वाहनों के जरिए यात्रा स्थगित करने की घोषणा की गई और रविवार को सुबह 4 बजे से नए सिरे से पंजीकरण शुरू होगा।

# पीएम मोदी ईरानी राष्ट्रपति से बोले- समुद्री मार्ग खुले और सुरक्षित रहने चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की। उन्होंने नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया कि जहाजरानी मार्ग खुले और सुरक्षित रहें। ईरानी राष्ट्रपति को मोदी ने ईद व नवरोज की शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि त्योहार का यह मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाए।

प्रधानमंत्री ने ईरान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए ईरान के निरंतर समर्थन की भी सराहना की। मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति के बीच टेलीफोन पर यह दूसरी बातचीत थी। ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने 12 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी को ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी और क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में उभर रही सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत के इस रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने अपने पड़ोसी देशों और इजराइल को निशाना बनाया। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को भी नियंत्रित करता है, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री परिवहन मार्ग है। इसके माध्यम से विश्व के 20 प्रतिशत ऊर्जा उत्पादों का परिवहन होता है। संघर्ष के बाद से, ईरान ने बहुत कम जहाजों को इससे गुजरने की अनुमति दी है।



- मसूद पेजेश्कियन को ईद और नवरोज की शुभकामनाएं दीं
- क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की

# मथुरा में गोरक्षक 'फरसा वाले बाबा' की मौत पर बवाल

- आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर राजमार्ग जाम किया, गोतस्करों पर ट्रक से कुचलने का आरोप

मथुरा, एजेंसी

मथुरा जिले में शनिवार तड़के हरियाणा बॉर्डर के समीप 'फरसा वाले बाबा' के नाम से मशहूर गौरक्षक बाबा चंद्रशेखर की राजमार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से आक्रोशित भीड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियों पर पथराव भी किया। पुलिस ने इसके बाद दंगाइयों को काबू में करने के लिए पहले हल्का बल प्रयोग किया और फिर आंसू गैस के गोले भी दागे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बाबा कोटवन बॉर्डर क्षेत्र में नबीपुर के समीप गोवंश से लदे एक ट्रक को रोकने का प्रयास कर रहे थे कि तभी गौ-तस्करों ने उन्हें कुचल दिया। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक लोगों ने माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने बताया कि बाबा के समर्थक उनका दाह संस्कार करने के लिए ही शव को आजनौख गांव स्थित उनकी गौशाला लाए थे और अब अगर वे पोस्टमॉर्टम कराना चाहेंगे तो अवश्य कराया जाएगा। मामले में चार-पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश ने कहा कि बाबा शनिवार तड़के हरियाणा सीमा क्षेत्र कोसीकलां पर वाहन में गोवंश होने की सूचना पर शिष्यों के साथ नगालैण्ड नंबर के एक कंटेनर को रोककर जांच कर रहे थे। तभी घने कोहरे में पीछे से राजस्थान नंबर के एक ट्रक ने कंटेनर को टक्कर मार दी, जिससे बाबा की मौत हो गई।



फरसा वाले बाबा की मौत के बाद भड़के लोगों ने राजमार्ग पर प्रदर्शन कर लगाया जाम।



बाबा चंद्रशेखर (फाइल)

# राज्यसभा में सीएपीएफ से संबंधित विधेयक को कल पेश करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को राज्यसभा में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पेश करेंगे जिसका उद्देश्य सीएपीएफ अधिकारियों की भर्ती, प्रतिनियुक्ति और पदोन्नति को विनियमित करना है। सभी सीएपीएफ -सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी अपने-अपने अधिनियमों द्वारा संचालित होते हैं। इन अधिनियमों के तहत बने नियम सीएपीएफ में समूह 'ए' सामान्य ड्यूटी अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों और कर्मियों की भर्ती एवं सेवा शर्तों को नियंत्रित करते हैं।

# यूपी : 2584 महिला परिचालकों की होगी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद वाले डिपो में रखा जाएगा, संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा

**अमृत विचार:** सीएम के निर्देश पर परिवहन निगम में 2584 महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा। अभ्यर्थियों के अनुबंध के लिए उनका उप्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं उप्र कौशल विकास मिशन का सदस्य होना अथवा एनसीसी बी प्रमाण पत्र, एनएसएस एवं स्काउट गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि भर्ती के लिए इण्टरमीडिएट की योग्यत के साथ सीसीसी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। प्राप्तांकों की मेरिट निर्धारित करते हुए सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि एनसीसी बी प्रमाणपत्र, एनएसएस प्रमाणपत्र, भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाणपत्र धारक अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तांकों पर 5% का वेटेज भी दिया जाएगा। संविदा चालकों-परिचालकों हेतु अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के समान दर से ही भुगतान किया जाएगा। अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद के नजदीक डिपो में नियुक्त किया जाएगा। परिचालक पद पर भर्ती के लिए 25, 28 और 30 मार्च, एवं 1 अप्रैल, 2026 को रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

### इन जिलों में आयोजित होंगे रोजगार मेले

- 25 मार्च को सहारनपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूट धाम-बांदा, प्रयागराज
- 28 मार्च को गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, अयोध्या, वाराणसी,
- 30 मार्च को मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन, आजमगढ़
- 01 अप्रैल को नोएडा,आगरा, मुरादाबाद,लखनऊ,गोरखपुर

# पंजाब: आप के मंत्री की प्रताड़ना से तंग अफसर ने की आत्महत्या

चंडीगढ़, एजेंसी

- आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगने के बाद मंत्री लालजीत भुल्लर ने दिया इस्तीफा

पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री की प्रताड़ता से आकर एक विभागीय अफसर ने आत्महत्या कर ली। अपने ऊपर आरोप लगने के बाद कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने शनिवार को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। सीएम भगवंत मान ने अमृतसर में राज्य भंडारण निगम के अधिकारी द्वारा आत्महत्या करने के बाद भुल्लर से पद छोड़ने को कहा था। भुल्लर पर अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

अमृतसर में पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शुक्रवार को कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। सोशल मीडिया पर शनिवार को एक असत्यापित वीडियो सामने आया, जिसमें पट्टी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे रंधावा को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उन्होंने जहर खा लिया है और परिवहन मंत्री पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

रंधावा को वीडियो में यह कहते सुना गया, तुम्हारे दोस्त ने सल्फास खा लिया है, मंत्री लालजीत भुल्लर के डर से। अब मैं नहीं बचूंगा। तरनतारन के पट्टी से विधायक भुल्लर ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है।

सख्ती

उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने का निर्णय, हर गोशाला में भूसा बैंक व किसानों से चारे का समन्वय पर योगी सरकार का फोकस

# गो आश्रयों को आत्मनिर्भर बनाने फील्ड में उतरें मंत्री-अधिकारी : योगी

- सीसीटीवी निगरानी, डीबीटी भुगतान और टेक्नोलॉजी से पारदर्शी होगी पूरी व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में गो-रक्षा और गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यापक रणनीति लागू करने के निर्देश दिए हैं। गोसेवा आयोग के साथ हुई शनिवार को समीक्षा बैठक में उन्होंने इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया और कहा कि गो-सेवा भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और प्राकृतिक खेती का महत्वपूर्ण आधार है।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक गोशाला में 'भूसा बैंक' स्थापित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि चारे की कमी किसी भी स्थिति में न हो। इसके लिए स्थानीय किसानों से सीधा समन्वय स्थापित किया जाए और गोचर भूमि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गो-आश्रयों को उससे जोड़ने के निर्देश भी दिए। व्यवस्थाओं की निगरानी को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी गो-आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और उन्हें कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके लिए सीएसआर फंड के उपयोग की संभावनाओं को भी तलाशने को कहा गया। साथ ही डीबीटी प्रणाली के माध्यम से समयबद्ध भुगतान, गोवंश की दैनिक गणना और रिकॉर्ड का डिजिटल संधारण अनिवार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने गोसेवा आयोग के पदाधिकारियों को 2-2 के समूह में मंडलवार भ्रमण कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। प्रत्येक दौरे की रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी।



लखनऊ में पशुधन मंत्री व अधिकारियों की बैठक लेते सीएम योगी।

### गो-आश्रय व्यवस्था की झलक

- 7,527 गो-आश्रय स्थल, 12.39 लाख गोवंश संरक्षित
- 7,592 सीसीटीवी कैमरे, 52 जिलों में कंट्रोल रूम
- 61,118 हेक्टेयर गोचर भूमि, 7,364 हेक्टेयर में चारा विकास
- 97 बायोगैस संयंत्र, आय व ऊर्जा का स्रोत
- 1.83 लाख गोवंश लाभार्थियों को सुपुर्द (सहभागिता योजना)

### 7,527 गो-आश्रय स्थलों में 12.39 लाख गोवंश

योगी ने स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ द्वारा गो-पेंट, वर्मी कम्पोस्ट, गो-दीप जैसे उत्पादों के निर्माण को आत्मनिर्भरता का सफल मॉडल बताते हुए इनके विस्तार पर जोर दिया। मुजफ्फरनगर का गो-अभयारण्य इस दिशा में एक आदर्श उदाहरण के रूप में सामने आया है। साथ ही पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए खुरपका-मुंहपका, गलाघोटू और लंपी स्किन डिजीज के खिलाफ व्यापक टीकाकरण अभियान चलाने और पशुपालकों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश में वर्तमान में 7,527 गो-आश्रय स्थलों में 12.39 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 1.14 लाख लाभार्थियों को 1.83 लाख गोवंश सौंपे गए हैं, जिनके सत्यापन और देखभाल के निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### टक्कर के बाद पुलिस कर्मियों से हाथापाई

**चंदौसी, अमृत विचार** : मौलागढ़ पुलिया पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल भिजवाया। मंगल निवासी बरेली अपने तीन बच्चों के साथ नरोली बाजार जाने के लिए मौलागढ़ पुलिया पर वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कार में सवार दो पुलिसकर्मी सादा वेश में थे और चंदौसी से बहजोई ड्यूटी पर जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ कहासुनी व हाथापाई भी कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पुलिसकर्मियों को भीड़ से सुरक्षित निकालकर थाने ले आई। इस मामले में मुकदमा पुलिसकर्मियों की ओर से दर्ज कराया गया है।

### हाईटेंशन लाइन के करंट से जानवर की मौत

**कैला देवी, अमृत विचार** : कैला देवी बिजलीघर क्षेत्र के गांव ढाठी में शनिवार सुबह हाईटेंशन लाइन का करंट उतरने से एक सूअर की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। गांव निवासी रामतौर वाल्मीकि के अनुसार सुबह करीब छह बजे वह अपने सूअर को ले जा रहे थे, तभी बिजली पोल से उतर रहे करंट की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बकाया बिल के चलते गांव के चार ट्रांसफार्मर बंद होने से तीन दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने पर ग्रामीणों में नाराजगी है। एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।

### भजन संध्या व पत्रिका विमोचन आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : भगवान परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में 21वां महाव्रत परायण रविवार को मनोरंजन सदन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भजन संध्या एवं पत्रिका विमोचन समारोह होगा। समिति के अध्यक्ष अनिमेष कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में भजन गायक राजकुमार गोस्वामी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## युद्ध खिंचा तो बढ़ सकती हैं मुश्किलें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- धीमी पड़ेगी रफ्तार, परिवहन खर्च बढ़ने से आसमान छुएंगी कीमतें

**अमृत विचार:** अमेरिका-इजरायल-ईरान के बीच युद्ध लंबा खिंचने पर लोगों की मुश्किलें और बढ़नी तय है। क्योंकि तीन सप्ताह के युद्ध की विभीषिका में कामर्शियल गैस सिलेंडर और औद्योगिक इकाइयों को आपूर्ति की जाने वाली ईंधन की कीमतें बढ़ने से लागत बढ़ने से सामानों के दाम भी बढ़ गए हैं। वहीं प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें सवा दो रुपये प्रति लीटर के करीब बढ़ने से लोगों की जेब ढीली हो रही है। अब सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ने की भी आशंका है। जिससे मुश्किलें और बढ़नी तय है।

युद्ध के चलते बनी वैश्विक परिदृश्य का असर भारत पर भी तेजी से पड़ रहा है। पहले कामर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़े। फिर उनके सिलेंडर की आपूर्ति सीमित की गई और फिर घरेलू रसोई गैस बुकिंग के लिए 25 दिनों का नियम लगा दिया गया। एक दिन पहले प्रीमियम पेट्रोल व औद्योगिक इकाइयों को आपूर्ति की जाने वाली ईंधन की कीमतें भी बढ़ा दी गईं। जिससे घरेलू उपयोग की वस्तुएं महंगी होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। लोगों को चिंता है कि युद्ध खिंचा तो दिक्कतें होंगी। यदि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी तो लोगों के दैनिक दिनचर्या के उपभोग की सामग्री की कीमतें आसमान छुएंगी। वहीं गैस की किल्लत अभी सामान्य नही हो पाई हैं। हालांकि सरकारी तौर पर लोगों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि स्थिति सामान्य है लेकिन लोगों को भरोसा नहीं हो रहा है।

## तेंदुए ने गोवंश को बनाया निवाला

**कांठ, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में तेंदुए के हमले से एक बेसहारा गौवंश की मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम और पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

ग्राम मल्हपुर खैया निवासी रमेश सिंह आर्य ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे जब वह अपने खेत पर पहुंचे तो उन्होंने दूर से देखा कि एक तेंदुआ बेसहारा गौवंश पर हमला कर रहा है। उन्होंने तुरंत गांव के लोगों और पीआरबी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण संजीव कुमार, रणवीर सिंह, रवि सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पीआरबी पुलिस और वन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। आहट पाकर तेंदुआ भाग गया।

### अयोध्या से हरिद्वार जाते समय विहिप कार्यकर्ताओं से मिलीं साध्वी प्राची

## फरसे वाले बाबा की हत्या साजिश, सरकार जांच कराए

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- बोलीं- ईरान के समर्थकों को ट्रेनों में भरकर ईरान भिजवाए सरकार

**अमृत विचार:** मथुरा में फरसे वाले बाबा की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अयोध्या से हरिद्वार जाते समय साध्वी प्राची मुरादाबाद में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए पीलीकोठी पर रुकी थीं। उन्होंने बाबा की सड़क हादसे में हुई मौत पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बाबा की हत्या एक साजिश तहत कराई गई है।

शनिवार को साध्वी प्राची ने मुरादाबाद में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान पत्रकारों से अनौपचारिक बात करते हुए बाबा की हत्या करने वालों को कड़ा संदेश दिया। कहा कि बाबा के हत्यारों को नो जेल, नो बेल, गो तस्करों के खानदान का जन्नत में बहत्तर हूरों से मेल कराया जाएगा। बोलीं हत्यारों का यही इलाज है। योगी सरकार बहुत अच्छे से यह कर रही है। कहा कि धर्मात्मा व गो भक्त की हत्या की गई है। मामले में आतंकी कनेक्शन की भी जांच सरकार से कराने की मांग की। वहीं धुरंधर 2 मूवी पर उठाए जा रहे सवालों पर साध्वी प्राची ने मुरादाबाद के पूर्व सांसद के बयान को भी आड़े हाथों लिया। कहा इस मूवी में जो दिखाया गया है वह सच्चाई है। ईद पर काली पट्टी बांध कर विरोध करने वालों पर भी वह बरसी। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, अजित डोभाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील है कि जो भारत में ईरान के समर्थक है, उन्हें ट्रेनों में भरकर ईरान भेज देना चाहिए।


विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों के साथ साध्वी प्राची। ● अमृत विचार

# सपा प्रदेश सचिव सुरेंद्र सागर के पेट्रोल पंप का लाइसेंस निरस्त

### एमएस सागर फ्यूल केएसके व एमएस सागर फिलिंग स्टेशन पर मिली खामी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** हाल में ही सपा के प्रदेश सचिव बनाए पूर्व मंत्री सुरेंद्र सागर के दो पेट्रोल पंपों पर अनियमितता मिलने पर जिला पूर्ति विभाग ने एक का लाइसेंस निरस्त कर दिया है, जबकि दूसरे के निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि दोनों पंप सुरेंद्र सागर के नाम पर नहीं हैं, परिजनों के नाम से है। एमएस सागर फ्यूल केएसके व एमएस सागर फिलिंग स्टेशन पर कार्रवाई हुई है।

जिले में उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं निर्धारित मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 20 से 21 मार्च जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में एमएस सागर फिलिंग स्टेशन, विक्रमपुर तहसील मिलक, मैसर्स सागर फ्यूल केएसके ग्राम बमरौआ तथा एमएस सागर फ्यूल, ग्राम रूपपुर, तहसील शाहाबाद का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पेट्रोल पंपों पर कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। परिसरों में आवश्यक अधिकारियों के संपर्क नंबर एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया था। जबकि अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाएं भी मानकों के अनुरूप उपलब्ध नहीं थीं। इसके अतिरिक्त मैसर्स सागर फ्यूल केएसके, ग्राम बमरौआ पर टैंक (लगभग 1000 लीटर क्षमता) में डीजल भंडारित पाया गया, जो प्रथम दृष्टया अवैध भंडारण की श्रेणी में आता है। जांच के दौरान यह भी मिला कि डीजल बिक्री से संबंधित लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किया गया था। स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर अधूरे एवं अप्रमाणित पाए गए, डेंसिटी रजिस्टर का सत्यापन नहीं किया गया था तथा पानी मापने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी।

शिकायत पुस्तिका भी अपूर्ण एवं अप्रमाणित पाई गई। उक्त अनियमितताओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए मैसर्स सागर फ्यूल केएसके, ग्राम बमरौआ को सील करते हुए लाइसेंस निरस्त किए जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। एमएस सागर फ्यूल ग्राम रूपपुर, तहसील शाहाबाद की बिक्री प्रतिबंधित करते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


पेट्रोल पंप पर तेल के भंडारण की जानकारी लेती टीम। ● अमृत विचार

- दूसरे के लाइसेंस की निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू

> सामान्य निरीक्षण अभियान के दौरान दोनों पेट्रोल पंपों पर अनियमितता मिली है, इसके बाद दोनों पर निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।
> – **पूरन सिंह**, जिला पूर्ति अधिकारी

### बंद मिला एमएस सागर फिलिंग स्टेशन

तहसील मिलक के विक्रमपुर में एमएस सागर फिलिंग स्टेशन निरीक्षण के समय बंद पाए जाने पर उसे सील करते हुए डीजल बिक्री लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। पेट्रोल एवं डीजल की गुणवत्ता एवं मात्रा में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## अधिक प्वाइंट के लिए तैयारी में पहलवान

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

- कुश्ती खेल में प्वाइंट व्यवस्था में एक जनवरी से लागू हो चुके हैं नए बदलाव

**अमृत विचार** : कुश्ती खेल में हर दांव का विशेष महत्व होता है और उससे जुड़े अंक ही मुकाबले का परिणाम तय करते हैं। कई बार पहलवानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक दिलाने, उनसे वंचित करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस खेल की अंक प्रणाली के नियमों में जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक बदलाव एक जनवरी से लागू किए जा चुके हैं।

इसमें विशेष रूप से फितले और रोल जैसे दांव के अंकों में संशोधन किया गया है, जिससे मुकाबलों में अंकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते पहलवानों का प्रशिक्षण और रणनीति में बदलाव करना शुरू कर दिया है। कुश्ती के दांव फितले में पहलवान प्रतिद्वंदी के दोनों पैर अपनी कमर में लपेटकर उसको उठाकर व गोल घुमाकर एक चक्कर पूरा करता है। पहले ये चक्कर एक बार ही लगता था यानी एक फितला बनता था। इसके दो अंक मिलते थे। अब कई फितले बनाए जा सकेंगे। दूसरा दांव रोल करने का होता है। इसमें पहलवान प्रतिद्वंदी को धक्का देते हुए लाल घेरे से बाहर करता है। इस पर रेफरी एक अंगूठा दिखाते हुए एक अंक देते थे। अब एक बार बाहर करने पर एक अंगूठा और एक अंगुली दिखाते हुए दो अंक देने की व्यवस्था की गई है। जिला स्तर पर प्रशिक्षकों ने बालक-बालिका पहलवानों को इन दांव में महारथ हासिल कराने का अभ्यास कराना शुरू कर दिया है।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में कुश्ती के कोच गोविंद ने बताया कि कुश्ती में सात प्रमुख दांव अधिक अंक दिलाते हैं। खुद को प्रतिद्वंदी से सुरक्षित से रखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए ये बदलाव किए गए हैं। ये बदलाव सिर्फ अंक ही नहीं दिला रहे बल्कि अपने प्रतिद्वंदी के प्रति सजग व सक्षम बनाने में भी सहायक हैं। प्रतिद्वंदी इन दांवों में न फंसाएं, इससे भी बचाव सिखाया जा रहा है।

**कुछ प्रमुख दांव व अंक**

| दांव | अंक |
|---|---|
| कला जंग | चार |
| ढाक | चार |
| धोबीपछाड़ | चार |
| झोली | दो |
| फितले | दो |
| भारनद्वाज | दो |
| रोल | दो |

## मारपीट के विरोध में युवक पर झोंका फायर

**सैदनगर, अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में युवक से मारपीट की गई। विरोध करने पर फायर झोंकने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव की है। गांव निवासी जीशान का गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। शुक्रवार की देर शाम जीशान अपने दोस्तों के साथ पुरानी बंद पड़ी मिल में खड़ा था। आरोप है इस दौरान गांव का ही कासिम अपने एक साथी के साथ आ गया और युवक के साथ गाली गलौज करने लगा। युवक के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने उसके ऊपर फायरिंग भी की जिससे वह बाल बाल बच गया। फायरिंग की आवाज सुन आस पड़ोस के तमाम लोग मौके पर आ गए। ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से खिसक लिए। मामले की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। युवक की तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी कासिम और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## वित्त मंत्री ने किया शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर कार्यों का निरीक्षण


निरीक्षण करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद व डीआरएम।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सांसद अरुण सागर व डीआरएम विनीता श्रीवास्तव रहीं मौजूद
- रेलवे स्टेशन पर मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

**अमृत विचार:** प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व सांसद अरुण कुमार सागर ने मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद मंडल विनीता श्रीवास्तव के साथ शनिवार को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति देखी।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री को स्टेशन बिल्डिंग ड्राइंग एवं स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, सेकंड एंट्री गेट, फुट ओवर ब्रिज के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए सेकेंड एंट्री पर किए जा रहे पुनर्निमाण कार्यों को और तेजी से कराया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि पुनर्निमाण कार्यों में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान दिया गया है। लिफ्ट, एस्केलेटर, फुट ओवरब्रिज ब्रिज, प्लेटफार्म विस्तार सभी को ध्यान देते हुए विश्वस्तरीय सुविधाओं से पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्टेशन के पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा से संबंधित कार्यों के बारे में बताया।

निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया। बताया कि शाहजहांपुर स्टेशन एवं संबंधित क्षेत्रों में प्लेटफार्म संख्या 4/5 एवं 6 को ऊंचा करने एवं उनकी सतह सुधारने का कार्य स्वीकृत किया गया है, जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। परिसर में ईवी चार्जिंग स्टैंड लगाया गया है। मंत्री व सांसद ने कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया।

### रेलवे कॉलोनी में सड़कों का किया गया निर्माण

डीआरएम ने बताया कि शाहजहांपुर के रेलवे कालोनी में लगभग 550 मीटर नई सड़क का निर्माण और लगभग 2 किलोमीटर सड़क की मरम्मत कराई गई है। तेल टंकी से मालगोदाम तक 5 .50 मीटर चौड़ी एवं 900 मीटर लंबी सड़क तथा नाले का निर्माण सांसद निधि से कराया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए 6 .0 मीटर एवं 7 .26 मीटर चौड़े पैदल उपरिगामी पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें गर्डर लॉन्चिंग पूर्ण की जा चुकी है। 7 .26 मीटर चौड़े पुल पर 3 एस्केलेटर एवं 4 लिफ्ट लगाए जा रहे हैं। जबकि 6 .0 मीटर पुल पर भविष्य में 6 लिफ्ट प्रस्तावित हैं। द्वितीय प्रवेश का निर्माण कार्य भी चल रहा है। डीआरएम ने बताया कि जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए रोजा और शाहजहांपुर रेलवे कॉलोनियों में 225 केएल क्षमता के ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जा रहा है। जल रिसाव रोकने के लिए छतों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 350 आवासों का कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य बरसात से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

## बारिश ने बिगाड़ी शहर की सूरत, कई जगह जलभराव

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद


आशियाना मोड़ पर टूटी सड़क में भरा पानी। ● अमृत विचार

- मुख्य स्थानों पर पहुंचे नगर निगम के सफाई कर्मचारी
- आशियाना फेज एक व दो के अलावा कई मोहल्लों में दिक्कत

**अमृत विचार:** एक दिन की बारिश में महानगर की सूरत बिगड़ गई है। टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़कों पर नाले की गंदगी व कीचड़ स्मार्ट सिटी को मुंह चिढ़ा रही है। मुख्य सड़कों के अलावा कॉलोनियों की गलियों में भी गंदगी है।

गुरुवार को रुक रुक कर और शुक्रवार को तेज बारिश से शहर का हाल बदसूरत हो गया है। स्मार्ट सिटी की सफाई व्यवस्था की पोल कुछ घंटों के बारिश ने खोल कर रख दिया। ईदगाह में जहां पानी भरने से नमाजियों को परेशानी हुई वहीं आसपास के क्षेत्रों में कई जगह नालियां गंदी पड़ी रहीं। इसके अलावा शहर के कई कॉलोनियों आशियाना फेज एक और दो, रामगंगा विहार की टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से वाहनों की आवाजाही के दौरान लोग संभलकर चल रहे हैं। गड्ढों में भरे बारिश और नाली के पानी की छीटें वाहनों से होकर लोगों के शरीर पर पड़ रहे हैं। सड़क पर ही कई जगह नाली का कचरा पसरा है। टूटी सड़क नागरिकों को दर्द दे रही है। आशियाना फेज एक की मुख्य सड़क पर कई नर्सिंग होम है, एंबुलेंस भी हिचकोले खाते हुए नर्सिंग होम तक पहुंच रहे हैं। आशियाना कॉलोनी में एमडीए व नगर निगम के कई अधिकारी रहते हैं फिर भी न तो सफाई की व्यवस्था दुरूस्त है न सड़कों की दशा ठीक है। इन क्षेत्रों में क्लीन मुरादाबाद क्लीन मुरादाबाद की संकल्पना गंदगी व कीचड़ में धुल जा रही है। ईद के अवकाश के चलते शनिवार को सफाई कर्मचारियों ने कॉलोनी में झांकने की भी जहमत नहीं उठाई। रविवार को भी इसकी सफाई होनी मुश्किल है। जिससे लोगों को गंदगी व कीचड़ में गुजरना मजबूरी है।

### बारिश थमने के बाद मौसम साफ

शुक्रवार को दिनभर रुक-रुक कर हुई बारिश के बाद शनिवार को मौसम साफ रहा। सुबह से ही धूप निकली। ठंडी हवा से मौसम सुहाना रहा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के कारण वातावरण में नमी से सुबह और शाम के समय हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम साफ रहने से जहां लोगों की दिनचर्या सामान्य हुई, वहीं बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी चहल-पहल रही। वहीं मौसम में बदलाव से सर्दी, खांसी और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

## होटल से तीन महिलाओं समेत 10 युवक पकड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शराब पीकर झगडे की सूचना पर पहुंची थी कोतवाली पुलिस

**अमृत विचार:** बुध बाजार के एक होटल में तीन महिलाओं और पांच युवकों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस होटल में शराब पीकर झगड़ा करने की सूचना पर पहुंची थी। पुलिस को देखकर जोड़े भागने लगे जिस पर पुलिस उन्हें पकड़ कर कोतवाली ले आई। स्थानीय लोगों के अनुसार होटल का मालिक पंजाब में रहता है। होटल संचालक ने एक महीने पहले ही किराए पर इसे चलाने के लिए लिया था।

शनिवार को कोतवाली सदर की बुध बाजार चौकी इंचार्ज सुनीता सिंह के पास दिन में तीन बजे हिंदू कॉलेज के सामने संचालित एक होटल के कमरे में कुछ लोगों के शराब पीकर झगड़ा करने की सूचना मिली थी। जिस पर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ होटल पहुंचीं और शराब पी रहे युवकों को पकड़ कर ला रही थीं। तभी बराबर के एक कमरे में तीन महिलाएं और दस युवक जाते दिखे। वह पुलिस को देखते ही भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की तो सभी मुंह छिपाने लगे। पुलिस को देखकर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने कोतवाली लाकर सभी से सख्ती से पूछताछ की तो सभी ने अपना परिचय बताया। सभी अलग अलग स्थान के रहने वाले निकले। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि होटल में पहले से गलत काम की चर्चाएं हैं।

## आय से अधिक संपत्ति जांच में तीसरी बार रिमाइंडर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीएमओ-डिप्टी सीएमओ पर आय से अधिक संपत्ति की शिकायत की जांच जारी

**अमृत विचार** : सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत की जांच में शिकायतकर्ता के बयान का इंतजार बना हुआ है। गुरुवार को लक्ष्मण सिंह को तीसरी बार रिमाइंडर भेजकर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है।

लक्ष्मण सिंह ने दो फरवरी को शासन में सीएमओ और डिप्टी सीएमओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत दर्ज कराई थी। शासन के निर्देश पर इस मामले की जांच एडी हेल्थ स्तर से कराई जा रही है। जांच के दौरान उन्हें पहले भी दो बार बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। दूसरी बार बुलाने पर उन्होंने बीमारी का हवाला देते हुए अस्पताल में भर्ती होने की बात कही थी और आने में असमर्थता जताई थी। अब बीते गुरुवार को उन्हें तीसरी बार रिमाइंडर भेजा गया है। एडी हेल्थ आशु अग्रवाल के अनुसार लक्ष्मण सिंह को अगले सप्ताह जांच टीम के समक्ष उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। शिकायतकर्ता के बयान दर्ज होने के बाद ही आरोपों की विस्तार से जांच आगे बढ़ सकेगी। फिलहाल जांच टीम उनके आने का इंतजार कर रही है, ताकि पूरे मामले में आगे की कार्रवाई की जा सके।

**निर्णय** — डीएम ने राजस्व, कृषि और फसल बीमा कंपनियों के अधिकारियों की गठित की समिति

## फसलों के नुकसान की तीन में दिन में दें रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 19 व 20 मार्च को जिले में हुई बेमौसम बारिश से फसलों के नुकसान का आंकलन करने के लिए जिलाधिकारी ने राजस्व व कृषि विभाग के अलावा फसल बीमा कंपनियों के अधिकारियों की संयुक्त समिति गठित की है। उनसे तीन दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

मुरादाबाद सदर विकास खंड में न्याय पंचायत काफियाबाद में कृषि विभाग के कर्मचारी तिलकराज, पाकबड़ा में धर्मेंद्र, खदाना में हरकेश सिंह, अगवानपुर में योगेंद्र कुमार, गोट में राजकुमार, मंगूपुरा में नवीन कुमार संबंधित क्षेत्र के लेखपाल और संबंधित क्षेत्र के बीमा कंपनी के कर्मचारी फसलों के नुकसान का आंकलन करेंगे। जिसका पर्यवेक्षण संबंधित सहायक विकास अधिकारी (कृषि) और नायब तहसीलदार करेंगे। इसी क्रम में मूंढापांडे विकास खंड में न्याय पंचायत खरगपुर बाजे में कृषि विभाग के कर्मचारी विनोद कुमार, सरकड़ा खास में अरविंद कुमार, जैतपुर बिसाहट में अरविंद कुमार, अक्का डिलारी में धर्मवीर सिंह, लालाटीकर में कमलेश कुमार, सिरसखेड़ा में धर्मेंद्र गंगवार और मूंढापांडे में अनिल गंगवार के साथ संबंधित संबंधित क्षेत्र के लेखपाल और संबंधित क्षेत्र के बीमा कंपनी के कर्मचारी फसलों के नुकसान का आंकलन करेंगे। जिसका पर्यवेक्षण संबंधित सहायक विकास अधिकारी (कृषि) और नायब तहसीलदार करेंगे। इसी प्रकार अन्य विकास खंडों में भी कृषि विभाग के कर्मचारी, राजस्व विभाग से संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व संबंधित क्षेत्र के बीमा कंपनी के प्रतिनिधि मिलकर आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। जिसका पर्यवेक्षण करने वाली अधिकारी के द्वारा रिपोर्ट तैयार की तीन दिन में जिलाधिकारी को भेजी जानी है। डीएम अनुज सिंह ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### साग-सब्जी किसानों को भारी नुकसान

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : शुक्रवार को हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खासकर साग- सब्जी की खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। लगातार हुई बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया, जिससे हरी सब्जियों की फसलें सड़ने लगी हैं। शनिवार सुबह मौसम साफ होने और धूप निकलने के बावजूद किसानों की परेशानी कम नहीं हुई है। किसान सुबह से ही खेतों में जमा पानी निकालने में जुटे हुए हैं, लेकिन कई जगहों पर पानी इतना अधिक है कि उसे पूरी तरह निकाल पाना मुश्किल हो रहा है। पानी में डूबी सब्जियां खराब होने लगी हैं। पालक, मेथी, धनिया जैसी पत्तेदार सब्जियां पानी भरने से जल्दी खराब हो जाती हैं, जिससे उन्हें तुरंत नुकसान होता है। कई किसानों ने बताया कि अच्छी आमदनी की उम्मीद थी, लेकिन बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। गेहूं और आलू किसानों को कुछ राहत मिली है। वहीं गेहूं और आलू की खेती करने वाले किसानों को थोड़ी राहत मिली है। शुक्रवार की बारिश के बाद शनिवार को निकली तेज धूप से खेतों में भरा पानी सूखने लगा है। इससे इन फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, हालांकि कुछ निचले इलाकों में अब भी जलभराव की समस्या बनी हुई है।सहफसली खेती करने वाले किसान ज्यादा चिंतित हैं। हाल ही में बोई गई उड़द और मूंग की फसल को नुकसान का खतरा मंडरा रहा है।

## चतुर्थ कूष्मांडा



नवरात्र में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्माण्डा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र... माँ कूष्मांडा: ऐं ह्री देव्यै नमः**

# अकीदत के साथ अदा की नमाज

## जिलाधिकारी, एसएसपी पुलिस बल के साथ ईदगाह मैदान में डटे रहे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शनिवार को शहर के ईदगाह मैदान में ईद-उल-फितर की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में दो पालियों में अदा की गई। सुबह 7 बजे से ही ईदगाह पर नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी थी। नमाज से पहले हुई बारिश के कारण ईदगाह मैदान के कई हिस्सों में जलभराव कीचड़ के बाद भी लोगों के उत्साह में कमी नहीं आई।

ईद-उल-फितर की पहली पाली की नमाज नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने सुबह 8:15 बजे और दूसरी 9:15 बजे की नमाज अनीस अहमद ने अदा कराई। ईदगाह मैदान में हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज अदा कर कौम व मुल्क की तरक्की, आपसी भाईचारे, एकता और अमन-चैन के लिए दुआ की। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे। ईदगाह क्षेत्र को 11 सेक्टरों में लगभग एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। सड़कों से लेकर मकानों की छतों पर पहरा रहा। आपात स्थिति से निपटने के लिए ईदगाह के सामने अस्थायी कंट्रोल रूम बनाया गया था। ड्रोन व सीसीटीवी से इलाके पर नजर रखी गई। अन्य हिस्सों में भी पुलिस टीमों ने लगातार गश्त की। किसी को भी सड़क पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। डायवर्जन प्लान लागू किया गया तो छुट्टा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए छह विशेष टीमें तैनात रहीं। नमाज के बाद जिलाधिकारी, एसएसपी और शहर इमाम ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

- अधिकारियों ने शहर इमाम को दी ईद की बधाई
- सांसद, मुरादाबाद विधायक समेत कई लोग पहुंचे



गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते बच्चे। ● अमृत विचार



नमाज के बाद दुआ करती बच्ची।



ईदगाह में नमाज पढ़ते नमाजी। ● अमृत विचार

## ईद पर बधाई का देर शाम तक चला सिलसिला

नमाज के बाद मुबारकबाद के सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। लोगों एक दूसरे घर जा कर गले मिलकर ईद की बधाई दी। वहीं ईद मिलन के लिए आए लोगों का मीठी शीर और अन्य व्यंजन परोसे गए। महानगर कई पार्कों में भी चहल पहल रही। बच्चे झूला झूलते रहे तो मॉल और सिनेमा घरों में पहुंचकर लोगों ने मूवी देखकर खुशियां मनाई। महिलाओं ने रिश्ते नातेदारों के घर जाकर ईद की मुबारकबाद दी।

## सौहार्द का दिया संदेश

ईद-उल-फितर के अवसर पर जिला कार्यालय में भाई रहीम अंसारी, सलीम सहित अन्य साथियों ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि चौधरी को मुबारकबाद दी। इस दौरान उन्होंने सभी से गले मिलकर आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। इस मौके पर कुक्कू चौधरी, मोहित ठाकुर, अशोक सैनी, अतुल सोनी आदि मौजूद रहे।

## गिले-शिकवे भुलाकर अमन कायम रखने की प्रेरणा देता है ईद का पर्व

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा स्थित ईदगाह के मैदान में ईद-उल-फितर की नमाज पुरसुकून माहौल में अदा की गई। हजारों की संख्या में फरज़न्दाने तौहीद नमाज़ अदा करने के लिए ईदगाह पहुंचे। नमाज से पहले सैय्यद नाज़िरुल कादरी ने मंच से लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व हमें आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलजुल कर रहने और समाज में अमन कायम रखने की प्रेरणा देता है। शहर इमाम पाकबड़ा काजी शम्मे आलम की मौजूदगी में नमाज अदा कराई गई। उन्होंने देश और दुनिया में अमन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की। नमाज़ियों ने हाथ उठाकर सामूहिक दुआ मांगी। ईदगाह परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित रही। नमाज़ के बाद मदनी कमेटी की ओर से शहर इमाम काजी शम्मे आलम और नायब इमाम को सम्मानित किया गया। नमाज़ अदा होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर पंचायत पाकबड़ा के चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने जनता से गले मिलकर ईद की बधाई दी।

## ईद पर शांति व्यवस्था संभालने में 200 वार्डन्स तैनात

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईद-उल-फितर के अवसर पर ईदगाह क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडीएम सिटी ज्योति सिंह के निर्देश पर 200 से अधिक वार्डन्स की ड्यूटी लगाई गई। उपनियंत्रक नीरज चक के निर्देशन में वार्डन्स ने सुबह छह बजे से ही मोर्चा संभाल लिया और नमाजियों को व्यवस्थित रूप से ईदगाह मैदान तक पहुंचाया। ईदगाह में सुबह आठ बजे और 8 :30 बजे दो बार नमाज अदा की गई। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं।

## ईद मिलन में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नागरिक एकता समिति व हरथला अमन कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में हिमगिरी कॉलोनी स्थित ख्वाजा मस्जिद के पास ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। संस्थापक उपाध्यक्ष फैजान सलमानी की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ईद प्रेम, खुशी और एकता का प्रतीक है। कमेटी वर्षों से इस परंपरा को निभाते हुए समाज में अमन का संदेश दे रही है। कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने सहभागिता कर सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।



ईदगाह में दुआ करते बच्चे। ● अमृत विचार



ईदगाह में लोगों को ईद की मुबारकबाद देती सांसद रुचि वीरा। ● अमृत विचार



ईदगाह में मौजूद जिला अधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## जगत में परमात्मा, जीव और प्रकृति अनादि

**मुरादाबाद,अमृत विचार:** आर्य समाज स्टेशन रोड पर शनिवार को नवसंवत्सरोत्सव और आर्य समाज स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत आचार्य सुश्रुत साम श्रमी ने संदीप गुप्ता, प्रेमलता गुप्ता, निर्मल आर्य -प्रीता आर्य, रविंद्र आर्य -सत्यवती देवी, वीरकांत गुप्ता-इंद्रा गुप्ता और अजब सिंह आर्य -पूजा आर्य की यज्ञमानी में यज्ञ कराया। उदयवीर ने भजन प्रस्तुत किए।

सृष्टि सृजन के बारे में वैदिक मनीषि व आर्य पीजी कॉलेज पानीपत के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष आचार्य सुश्रुत साम श्रमी ने ऋग्वेद, यजुर्वेद, तैत्तिरीय उपनिषद् छान्दोग्य उपनिषद के मंत्रों की व्याख्या की। कहा कि जगत में परमात्मा, जीव और प्रकृति तीनों सत्ताएं अनादि है। मुख्य अतिथि राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉ. अनुज अग्रवाल, डॉ. प्रमोद शर्मा और सेवानिवृत्त सूबेदार नरसिंह गंगवार रहे। अध्यक्षता आर्य विद्वान सूर्य प्रकाश द्विवेदी और संचालन मंत्री एडवोकेट रमेश सिंह आर्य ने किया।

# व्यापारियों ने नमाजियों पर बरसाए पुष्प



नमाज के बाद लोगों को सौंफ वितरित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शहर में ईद के मौके पर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल दिखी। संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी के नेतृत्व में शनिवार सुबह ईदगाह मैदान के बाहर व्यापारियों ने नमाज अदा कर लौट रहे मुस्लिम समाज के लोगों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नमाजियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें सौंफ, इलायची व मिश्री खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके माध्यम से हिंदू-मुस्लिम एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी और शहर में अमन-चैन बनाए रखने की कामना की।इस दौरान प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, सुप्रीत खन्ना, गौरव अग्रवाल, आदेश गुप्ता, सरदार गुरविंदर सिंह, नसीमुद्दीन, नीरज अग्रवाल समेत कई व्यापारी आदि मौजूद रहे।

# सम्मान से सजी परंपरा, गुरु- शिष्य बने प्रेरणा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 18 मार्च को लखनऊ में राज्य ललित कला अकादमी (संस्कृति विभाग) की ओर से आयोजित संयुक्त कला प्रदर्शनी में चित्रकला विभाग की सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीता शर्मा को उत्कृष्ट कला साधना, समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मान पत्र, 11,000 रुपये की धनराशि और अंगवस्त्र भेंट किया गया।

इसमें बरेली क्षेत्र से चयनित तीन कलाकृतियों में एक उनकी गुरु, एक वह स्वयं और उनकी शिष्या सारिका आर्य की थी। इस प्रकार एक ही मंच पर गुरु, शिष्य और शिष्य की शिष्या तीन पीढ़ियां एक साथ सम्मानित हुईं, जिसने प्राचीन गुरुकुल परंपरा को जीवंत किया। डॉ. पुनीता शर्मा ने इस सम्मान को अपनी जननी एवं गुरु मां पुष्पलता शर्मा को समर्पित किया, जो स्वयं चित्रकला की विभागाध्यक्ष रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता और गुरुओं के प्रति सम्मान, आस्था और समर्पण ही व्यक्ति को जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। कहा कि जो अपने गुरुओं और माता-पिता का सम्मान करता है, उसे ईश्वरीय शक्तियां किसी न किसी रूप में अवश्य सम्मानित करती हैं।

- लखनऊ में आयोजित प्रदर्शनी में प्रो. (डॉ.) पुनीता शर्मा ने सम्मान मां व गुरु को समर्पित किया



राज्य ललित कला अकादमी में सम्मान प्राप्त करतीं डॉ. पुनीता शर्मा। ● अमृत विचार

## राधा-कृष्ण के स्वरूप में झलकी भावनाओं की अभिव्यक्ति

प्रदर्शनी में डॉ. पुनीता शर्मा द्वारा ऑयल कलर से बनाया गया राधा-कृष्ण का लघु चित्र विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने बताया कि यह चित्र श्रृंगार और लज्जा के प्रतीक भावों को दर्शाता है, जिसमें भारतीय संस्कृति की सूक्ष्म भावनाएं और आध्यात्मिक सौंदर्य झलकता है।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


ईद मिलन के बाद मुबारकबाद देते लोग। ● अमृत विचार


ईदुलफितर की मुबारकबाद देते हाजी वाजिद अंसारी। ● अमृत विचार


लोगों को ईद की मुबारकबाद देते विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

# आपसी इत्तेहाद और सौहार्द के साथ मनाया गया ईद का पर्व

## शांतिपूर्ण तरीके के अदा हुई ईद की नमाज़, एक दूसरे को गले-लगाकर दीं शुभकामनाएं, नमाज के दौरान सतर्क रहा पुलिस बल, अधिकारियों की रही निगाह

- देहात से लेकर शहर तक छाई ईद की खुशियां

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार देशभर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मूंढापांडे के लालाटीकर ,रौंडा ,रसूलपुर नगली ,दौलतपुर अजमतपुर समेत सभी गांव में ईद-उल-फितर का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। लालाटीकर मदीना मस्जिद में ईद की नमाज़ हाफ़िज़ अरकान साहब ने पढ़ाई और नमाज के बाद देश में अमन और खुशहाली के लिए दुआ कराई गई। अकीदतमंदों ने एक एक दूसरे को गले गलाकर मुबारकबाद दी। हाफ़िज़ शहजाद अशरफी ने पूरे देश को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान एडवोकेट शाहनवाज खान ,शमशुल मलिक ,मुस्तकीम मालिक , डॉ.सारूप खान ,डॉ.अब्दुल खालिक ,हारून मालिक,जीशान अली ,फरियाद खान आदि लोग शामिल रहे।


नमाज अदा करते अकीदतमंद ● अमृत विचार

### अल्लाह के नजदीक बेहतर अमल नमाज

चौधरपुर, अमृत विचार : शनिवार को ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईदगाह में सुबह 9 बजे जामा मस्जिद के खतीबो इमाम मुफ्ती हाफिज राहिल ने नमाज अदा कराई। नमाज से पहले किताब फरमाते हुए कहा कि रमजान में की जाने वाली इबादत अल्लाह के नजदीक बेहतर अमल बताया आपसी भाईजारेऔर देश दुनिया में अमन चैन लिये दुआ कराई । नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे गले मिलकर ईद की मुबारक दी।

### शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ ईद का पर्व

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में ईद उल फितर का पर्व शांतिपूर्वक वातावरण में पुलिस की कड़ी सुरक्षा के मध्य मनाया गया। नगर स्थित ईदगाह पर लगभग 12000 से अधिक लोगों को ईद की नमाज के लिए ईदगाह स्थल पर एकत्रित नमाजियों को शहर इमाम मौलाना शोएब ने ईद की नमाज अदा कराई। नगर के अलावा तहसील क्षेत्र के ऊमरी कलां,गढी सलेमपुर, अकबरपुर चैदरी, रसूलपुर चौराहा, सराय खजूर ,बीबीपुर खुशहालपुर, पचोकरा आदि ईदगाहों पर नमाज पढ़ी गई। पुलिस ने नमाज के उपरांत हाईवे पर यातायात को रोककर नमाजियों को पंक्ति में निकालने की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई। एसडीएम संत दास पवार ने ईदगाह स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अभिनव द्विवेदी, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, चौकी इंचार्ज राहुल राघव, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, एवं छजलैट में थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार सहरावत तैनात रहे।

### ईद मेले में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गोपीवाला में ईद के अवसर पर आयोजित मेले में शनिवार को भारी भीड़ उमड़ी। मेले में महिलाओं ने सिंगार-सज्जा से जुड़ी विभिन्न सामग्रियों की खरीदारी की। मुख्य बाजार में सजे मेले में निर्मलपुर, कालेवाला, माद्योवाला, असलेमपुर और फौलादपुर समेत कई गांवों के लोग पहुंचे। यहां लोगों ने पकौड़ी, जलेबी और अन्य मिठाइयों की दुकानों पर जमकर खरीदारी की। खाने-पीने की दुकानों पर दिनभर रौनक बनी रही। मेले का आयोजन पारंपरिक उत्साह और आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान ग्राम प्रधान पति जाकिर अहमद, साकिर अहमद, गुलाम मोहम्मद, डॉ. शकील, आबिद अहमद आदि मौजूद रहे।

### मुल्क और कौम की तरक्की के लिए उठे हाथ

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर व देहात क्षेत्र में ईद उल फितर की नमाज मैं मुल्क और कोम की तरक्की के लिए विशेष दुआएं की गई। शनिवार को मुसलमानों ने ईद उल फितर की नमाज मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की। ईदगाह में ईद की नमाज मुफ्ती हामिद ने अदा कराई। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की बधाई दी। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह , एडीएम न्यायिक जितेंद्र पाल सिंह एसडीएम विनय कुमार सिंह , सीओ अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। इसके अलावा रुस्तम नगर सहसपुर, मोहम्मद इब्राहिमपुर ,थांवला, सफीलपुर मुड़िया राजा , स्योंडारा समेत विभिन्न गांव में ईद की नमाज कुशल संपन्न हुई।


ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार


ईद मिलन समारोह में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### गले लगकर दीं ईद की शुभकामनाएं

**कांठ, अमृत विचारः** प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ मोहम्मद यूसुफ सिद्दीकी ने शनिवार को अपने आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया।

जिसमें लोगों ने डॉक्टर सिद्दीकी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में लोगों ने शेर शायरी, गीत, प्रस्तुत कर शमा बांध दिया। समारोह में कुंवर सुरेंद्र सिंह, जुल्फिकार ठेकेदार, मधु चौहान, अतुल दिवाकर, राधेश्याम भुइयार, विनय शर्मा, पंकज भदौरिया, डॉक्टर जुनेद आलम, जावेद अंसारी, शब्बीर अहमद, महेश चंद गुप्ता, संजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन डॉक्टर अशोक चौहान ने किया।

### ईद-उल-फितर पर विधायक ने दीं शुभकामनायें

**कुंदरकी अमृत विचार** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ईद-उल-फित्र के पावन अवसर पर नगर कुंदरकी की ईदगाह सहित ग्राम सैफपुर चित्तू, जमापुर, चतुपुर, कमालपुर फतेहाबाद, भीकनपुर कुलवाड़ा, डोमघर, गदीपुरा, रूपपुर, चकफाजलपुर, अहमदनगर जैतवाड़ा, मोहनपुर, सौंदा और बाकीपुर का दौरा किया। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले मिलकर मुबारकबाद दी है। इस मौके पर इरशाद पठान, आमिर खान, नसीम खान, रजा खान, नफीस, असलम खान, ग्राम प्रधान ढकिया जुम्मा अब्दुल मलिक खान, अब्बास प्रधान, सुभान, मजलूम पाशा, नासिर, मोहम्मद इमरान, मुकर्रम, सलीम, बदलू, शमीम, आविद, सुल्तान, आसकार, हाजी नईम, मोइन, मोहम्मद उस्मान, नासिर आदि लोग रहे।

## आधुनिक तकनीकी से खेती करें किसानः सुनील

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- बेहतर उत्पादन के लिए किया प्रेरित, कई किसान रहे मौजूद

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गोपीवाला में शनिवार को रानीनागल त्रिवेणी चीनी मिल द्वारा किसान जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर गन्ना खेती से जुड़ी नई तकनीकों और उन्नत तरीकों की जानकारी हासिल की।

मिल के गन्ना अधिकारी एवं उप महाप्रबंधक सुनील कुमार मलिक, सहायक गन्ना प्रबंधक उमाशंकर गुप्ता और गन्ना सुपरवाइजर तन्नू सिंह ने किसानों को वैज्ञानिक विधि से गन्ने की बुवाई करने की जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि बुवाई के दौरान संतुलित मात्रा में उर्वरकों और आवश्यक दवाइयों का प्रयोग करें, ताकि फसल को बीमारियों से बचाया जा सके और उसकी गुणवत्ता भी बेहतर बनी रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं भी अधिकारियों के सामने रखीं, जिनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। गोष्ठी में दिनेश चौहान, राकेश चौहान, मनोज कुमार, कुलदीप चौहान, भूप प्रकाश सिंह, उपदेश सिंह और हरकेश सिंह रहे।

## डिवाइडर से टकराकर किशोर की मौत

संवाददाता बिलारी

- हादसे में बाइक पर सवार तीन अन्य की हालत नाजुक
- घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुराहाल


इशांत फाइल फोटो।


रोते बिलखते इशांत के परिजन व मां।

**अमृत विचारः** अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराने के बाद खाई में जा गिरी। इस दौरान चालक की गर्दन में रेलिंग का सरिया घुस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर भेज दिया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को मृत घोषित कर दिया गया।

मोहल्ला अब्दुल्ला निवासी ध्रुव पुत्र ओमकार ,निखिल यादव पुत्र बिशन सिंह यादव, दक्ष पुत्र अमित शर्मा और बहादुरपुर गांव निवासी इशांत पुत्र प्रवीण चौधरी (17) शनिवार को अपराह्न बाइक से गांव बहादुरपुर जा रहे थे। बाइक इशांत चल रहा था। बताया कि बाइक अचानक से डिवाइडर से टकराकर खाई में जा गिरी। बाइक तेज गति से होने के कारण बाइक चला रहे इशांत का सर रेलवे की रेलिंग में जा टकराया, जिससे रेलिंग का सरिया उसकी गर्दन में घुस गया। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को लेकर सीएचसी पहुंची, जहां डॉक्टरों ने इशांत को मृत घोषित कर दिया। जबकि ध्रुव, निखिल और दक्ष की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी मिलने पर इशांत के परिजन भी पहुंच गए। इशांत की मां प्रीति और पिता प्रवीण कुमार का रो रोकर बुराहाल है। इशांत अपने मां और छोटे भाई अक्कू के साथ नाना योगेश सक्सेना के घर पर रह रहा था । प्रीति ने बताया कि उनके बेटे इशांत ने इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। उसके दोस्त उसे अपने साथ ले गए।

## दुर्गा सप्तमी पर होगा 108 कुंडीय दुर्गा सप्तशती महायज्ञ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से दुर्गा सप्तमी पर 108 कुंडीय दुर्गा सप्तशती महायज्ञ 25 मार्च को संकट मोचन पार्क विजय नगर में होगा। इसके लिए शनिवार को भूमि पूजन किया गया। महायज्ञ का संचालन पंडित पुष्पराज शास्त्री महाराज करेंगे।

भूमि पूजन के बाद राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार, भारतीय संस्कृति का संरक्षण तथा जन-जन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। वैदिक परंपरा में 108 संख्या का विशेष महत्व माना गया है। 108 कुंडीय यज्ञ को अत्यंत प्रभावशाली एवं पुण्यदायी बताया गया है, जो समस्त प्रकार के दोषों, बाधाओं और नकारात्मक शक्तियों का नाश करता है। दुर्गा सप्तशती के पाठ से ग्रह बाधाओं का निवारण और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है।


भूमि पूजन करते राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना।

## ई रिक्शा और बाइक में भिडंत कई लोग घायल

- काठ-धामपुर मार्ग पर करनपुर तिराहा के पास हुआ हादसा

**कांठ, अमृत विचारः** दोपहर लगभग दो बजे कांठ नगर के कांठ धामपुर मार्ग पर स्थित करनपुर तिराहे के निकट ई रिक्शा और बाइक में हुई जबरदस्त भिडंत में कई लोग घायल हो गए। लोगों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए भेज दिया गया। दोपहर लगभग दो बजे कांठ नगर के भूड़ टीवा मंदिर के निकट सलेमपुर निवासी ई रिक्शा चालक अपनी ई रिक्शा में सवारियों को लेकर कांठ बस स्टैंड पर छोड़ने के लिए जा रहा था। पीछे से कासमपुर गांव की ओर से बाइक पर सवार तीन युवक आ रहे थे। अचानक चालक ने बाइक को मोड़ दिया, जिससे सामने से आ रहा ई-रिक्शा बाइक से टकरा गया। हादसे में कई लोग घायल हो गए।

## नमाज अदा कर की गई अमन और चैन की दुआ


ईद की नमाज के बाद मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में ईद उल फितर की नमाज इस बार पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। क्षेत्र में किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। थाना प्रभारी किरनपाल सिंह खुद पूरे क्षेत्र में सक्रिय रहे और उन्होंने विभिन्न नमाज स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने पहले से ही लोगों से शांति बनाए रखने और आपसी सौहार्द कायम रखने की अपील की थी, जिसका असर साफ नजर आया। नमाज शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कुल मिलाकर, मैनाठेर क्षेत्र में ईद का त्योहार शांति, सौहार्द और खुशियों के साथ मनाया गया, जो समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आया।

## दो विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में चयन


गुरमीत।


लवी।

**कांठ अमृत विचारः** एसडी जूनियर हाई स्कूल, कायमपुर उर्फ करारनगर के दो मेधावी छात्र-छात्राओं का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 में चयन हुआ है। विद्यालय के छात्र गुरमीत एवं छात्रा लवी ने इस प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालय में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने बताया कि दोनों विद्यार्थियों ने शुरू से ही पढ़ाई में विशेष रुचि दिखाई और कठिन परिश्रम के साथ सफलता हांसिल की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रबंधक रघुवर सिंह, संस्थापक वरुण आर्य तथा प्रधानाचार्य आंचल यादव ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह किए गए सम्मानित


डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**कांठ, अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय वानिकी दिवस 2026 के अवसर पर शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, विभूति खंड, गोमती नगर लखनऊ में अरण्य समागम राष्ट्रीय वानिकी संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा वन एवं वन्यजीव विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में तहसील कांठ क्षेत्र के मुरादाबाद वन प्रभाग में तैनात डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री के.पी. मलिक सहित वन, वन्यजीव एवं पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त की गई सरिया पुलिस ने की बरामद, आरोपी को भेजा जेल

**कांठ, अमृत विचारः** लोहे की सरिया से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कांठ के ग्राम कुम्हरिया जुमला निवासी रामपाल सिंह को 8 मार्च को गांव के ही दीपक अनूप आदि चार लोगों ने रास्ते में घेर कर लाठी, डंडा तथा सरिया से पुरानी रंजिश के चलते हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

घायल के पुत्र सुमित कुमार की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र अनूप सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त सरिया आदि बरामद कर लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।


शहर इमाम अतीकुर्रहमान से ईद मिलते अध्यक्ष फैजान खान।


मुल्को-कौम की तरक्की के लिए दुआ करते नमाजी। ● अमृत विचार


ईद की मुबारकबाद देने नूर महल पहुंचे राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख।


स्वार ईदगाह में नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### नए शहरकाजी होंगे अनस मियां

**रामपुर, अमृत विचार :** ईदगाह में ईद की नमाज के दौरान शहरकाजी खुशनूद मियां ने कहा कि उन्हें 42 साल पहले हजरत खतीबे आजम ने शहरकाजी बनाया था। 74 साल से वह खिदमत कर रहे हैं। बोले कि अब बुजुर्ग हो गया हूं। उन्होंने बेटे अनस मियां को कायम मुकाम शहरकाजी मुकर्रर कर दिया। सैयद अनस मियां ने शनिवार को ईदगाह में पहली बार ईद की नमाज पढ़ाई, खुतबा दिया और दुआ कराई। ईद की नमाज से पहले रामपुर को नया शहरकाजी मिल गया है।

### शहर इमाम ने पढ़ा खुतबा

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर सहित क्षेत्र में शनिवार को ईद उल फितर का त्योहार खुशी के साथ मनाया गया। ईदगाह में सुबह से ही हजारों की संख्या में नमाजी नमाज अदा करने के लिए एकत्रित हुए। शहर इमाम कारी अतीकुर्रहमान ने विशेष खुतबा पढ़ा और हजारों मुसलमानों ने ईद उल फितर की सामूहिक नमाज अदा की। लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा हेतु पुलिस बल ईदगाह के आसपास मौजूद रहा।

### अयातुल्लाह खामेनेई को दी श्रद्धांजलि

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कलकत्ता स्थित मुकाबिर उल मोमिनीन में अयातुल्लाह खामनेई के चित्र पर लोगों ने चरागां किया कर मगफिरत के लिए दुआ की। शिया समुदाय ने ईद सादगी से मनाई। मुकाबिर मोमिनीन में अयातुल्लाह खामेनेई के चित्र के समक्ष लोगों ने अगरबत्तियां जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोगों ने ईद पर नए कपड़े नहीं पहने और कुछ लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज अदा की। इस दौरान मौलाना मूसा रजा, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, तकी बेग, जौन जैदी, राजा, सैयद मोहम्मद अली जैदी, यावर रिजवी आदि शामिल रहे।

### सुरक्षा के बीच हुई नमाज

**स्वार, अमृत विचार :** शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्वार नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ईद की नमाज अदा की गई। स्वार-बाजपुर मार्ग स्थित ईदगाह में निर्धारित समय पर शहर इमाम मौलाना मोहम्मद अहमद खतीबी ने नमाज अदा कराई। शहर इमाम मौलाना मोहम्मद अहमद खतीबी ने कहा कि ईद का त्योहार हमें त्याग, सब्र और भाईचारे का संदेश देता है। एसडीएम अमन देओल, पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे, कोतवाल संजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार सहित भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों समोदिया, नरपतनगर, मिर्जापुर, रज़ानगर, मीरापुर, रतनपुरा आदि गांवों में भी लोगों ने ईद की नमाज अदा की। कोतवाली के करीब ईद के मौके पर मेले का आयोजन हुआ।

# जिले भर में मुल्क- कौम की तरक्की की दुआ में उठे लाखों हाथ

## ईदगाह समेत तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में अदा की गई नमाज, ईदगाह में शहरकाजी के बेटे अनस मियां ने पढ़ाई नमाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** ईद उल फितर की नमाज के बाद जिले भर में मुल्क-कौम की तरक्की व अमन के लिए लाखों हाथ बारगाहे खुदाबंदी में उठे। शहर की ईदगाह में शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां के बेटे सैयद अनस मियां ने नमाज पढ़ाई। उन्होंने कहा कि नबी ए करीम की उम्मत में पैदा किया हम सच्चे उम्मती बनने की कोशिश करें। जामा मस्जिद समेत जिले भर की तमाम ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद और ईदगाह पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में शनिवार की सुबह 7:30 बजे नमाज अदा की गई। शहर की ईदगाह में शहरकाजी सैयद खुशनूद मियां के बेटे सैयद अनस मियां ने नमाज अदा कराई। शहरकाजी खुशनूद मियां ने कहा कि जिन्होंने रोजे नहीं रखे वह अल्लाह से माफी मांगें। रोजों का बदला अल्लाह खुद अता फरमाएगा। उन्होंने रमजान के बाद भी मस्जिदों को आबाद रखने की अपील की। कहा कि जिस तरह रमजान में मस्जिदों में नमाजियों की संख्या अधिक रहती है, इसी तरह पूरे साल अल्लाह की इबादत करें। नमाज के बाद ईदगाह में सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने समेत लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह पर भाजपा नेता भाषण भूषण गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित, पालिकाध्यक्ष पति मामून शाह खां ने शिविरों का आयोजन किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन समेत तमाम लोगों से ईद पर गले मिले।


पालिकाध्यक्ष पति मामून शाह खां से गले मिलते जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन।


नमाज के बाद ईदगाह में गले मिलते लोग। ● अमृत विचार


गले लगते सपा सांसद मौलवी मोहिबुल्लाह नदवी। ● अमृत विचार

## डीएम- एसपी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** कड़ी सुरक्षा के बीच नमाजियों ने शाहबाद गेट स्थित ईदगाह में नमाज अदा की। इसके अलावा जामा मस्जिद समेत तमाम मस्जिदों में ईद की नमाज हुई। सुरक्षा के लिहाज से तमाम मस्जिदों और ईदगाह के आसपास पुलिस बल और अधिकारी तैनात रहे। जिले को 6 जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया था।

सुरक्षा व्यवस्थाओं का डीएम अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने जायजा लिया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शनिवार की सुबह ईदगाह समेत मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में तैनात समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।


शाहबाद गेट स्थित ईदगाह पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

### शिया जामा मस्जिद में गले नहीं मिले नमाजी

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में शिया जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज की गई। ईरान के सुप्रीम लीडर और शिया धर्मगुरु अयातुल्लाह खामेनेई की शहादत के सोग में नमाज के बाद नमाजी गले नहीं मिले। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि अल्लाह की नाफरमानी नहीं होना चाहिए। फितरे की बाबत कहा कि गरीब रिश्तेदार, मोहल्ले और मुस्तहिक लोगों में फितरा दें और पूरे समाज में कोई गरीब नहीं हो तो किसी भी गरीब मुसलमान को फितरे की रकम दें। कहा कि फितरे की रकम अदा करने में डंडी नहीं मारे जो चीज खाते हों वह चीज दें या उसके बदले पैसा अदा करें। फितरा पूरे साल का सदका होता है यह गरीबों और मिस्कीनों के दरवाजों पर पहुंचकर खुद अदा करें।

### ईद मेले में बच्चों ने की मस्ती

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर कोतवाली के निकट पुरानी फ्रूट मंडी में लगे ईद के मेले में बच्चों ने झूलों पर खूब मौज-मस्ती की। किसी ने बंदूक तो किसी ने रेलगाड़ी खरीदी। गुब्बारों पर भी खूब निशाने लगाए। मेले में दही बड़े, चाट, पकौड़ी के अलावा गन्ने का जूस और नींबू का शरबत पिया। कोतवाली के पास ईद मेला लगता था लेकिन, इस वर्ष पुरानी फ्रूट मंडी में मेला लगाया गया है। शाहबाद गेट पर ईद की नमाज पढ़ने के बाद बच्चों ने ईदी लेकर ईद मेले का रुख किया और शनिवार रात तक बच्चों ने खूब मस्ती की। दुकानदार रईस अहमद ने बताया कि ईद के मेले में अच्छा कारोबार हुआ है। बच्चों ने झूलों पर खूब मस्ती की घूमने वाले झूलों के अलावा कई तरह के झूले लगे हैं बच्चों ने झूला झूला। आलू की टिक्की,गोल गप्पे, आलू और छोले की चाट, दही बड़े और दही फुल्कियों का भी महिलाओं और बच्चों ने खूब जायका लिया।

## बिलासपुर में हर्षोल्लास के साथ मना ईद का पर्व



**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया शहर इमाम मौलाना नासिर खां ने ईद की नमाज अदा कराई। खौंदलपुर खेड़ा शरीफ ईदगाह में मौलाना फरमान मियां ने ईद की नमाज अदा कराई। पूर्व विधायक संजय कपूर ने ईदगाह गेट पर लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की बधाइयां दी। जिला पंचायत सदस्य अमरजीत सिंह, रालोद के किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलजीत सिंह बिट्टू, जिला पंचायत सदस्य अमरजीत सिंह, तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह विर्क, जिला कारागार समन्वय के जिला सचिव गजाली खां आदि ने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाईयां दी। इस मौके पर मोहम्मद आरिफ खां अरोमा, हरपाल सिंह, रवि टंडन, मोहम्मद याकूब खां, आदि मौजूद रहे। साथ ही नगर पालिका द्वारा ईदगाह गेट के पास पंडाल लगाया गया। वहीं कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख मुहल्ला शीरी मियां निवासी समाजसेवी शुजाअत खां के आवास पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाईयां दी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, चेतन पारुथी, विशाल शर्मा, डा. जावेद गुलाम अहमद, निषाद अख्तर खां, गुलाम मुस्तफा, हाफिज ताहिर, बाबू खां मौजूद रहे। गांव पंजाबनगर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाफिज अब्दुल सलाम के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके चलते पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बधाई दी। इसमौके पर अशकार अली, अली अहमद, आबिद अली, महफूज अहमद, जमीर, इस्तेखार अहमद आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष मुहम्मद हसन खां के आवास पर ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुराद खां, जैद खां, जमीर खां, जफर, सुखनैन खां आदि मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मना ईद-उल-फितर का त्योहार

**शाहबाद, अमृत विचार :** शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह आठ बजे ईदगाह में सामूहिक नमाज अदा की गई। सुबह से ही नमाज को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया। ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में शहर इमाम मुफ्ती मोहम्मद सलमान ने नमाज अदा कराई। नगर पंचायत अध्यक्ष के पति एवं सपा वरिष्ठ नेता वसीम खां ने नमाज के बाद ईदगाह के बाद नमाजियों व अधिकारियों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शाहबाद-बिलारी रोड पर ईदगाह के बाहर से गुजर रहे वाहनों की रफ्तार को फोर्स ने थाम दिया। नमाज के दौरान ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष साजिद मियां, जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष सरफराज अली, नसियत मियां, इन्तेखाव मियां, अनफ़ाल मियां, रफत मियां, राजा मियां, गुलाब कुरैशी, नाज़िम कुरैशी, शाजमान आर्यन, सिफत मियां आदि रहे।




काशीपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह में ईद की नमाज के बाद दुआ मांगते नमाजी। ● अमृत विचार

## नूर महल में लोगों के साथ बांटी ईद की खुशियां



**रामपुर, अमृत विचार :** नूर महल में शनिवार को लोगों के साथ ईद की खुशियां बांटी गईं। जिलेभर से काफी संख्या में लोग नूर महल पहुंचे। पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ने लोगों को सिंवइयां खिलाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, रालोद किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलजीत सिंह बिट्टू, भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता सहित कई विधानसभा क्षेत्रों के लोग मौजूद रहे।

## वीर खालसा समिति ने दी ईद की बधाई



**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति के सदस्यों ने शनिवार को ईद के पावन पर्व पर गणमान्य लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। अध्यक्ष निर्मल सिंह, अवतार सिंह, मनिंदर सिंह, कमलजीत सिंह, नारायण सिंह, इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे।

## आप के ईद मिलन समारोह में लोगों ने गले मिलकर दी बधाई


आप जिला कार्यालय पर लोगों से ईद मिलते प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को ईद मिलन समारोह मोहब्बत, अकीदत व भाईचारे से मनाया गया। कार्यक्रम की सरपरस्ती प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने की।

लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि ईद का त्योहार हमें मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत की तालीम देता है। इस मौके पर वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह, भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता, सभासद मोहम्मद जफर, सभासद यासीन उर्फ गुड्डू खां, सभासद सरफराज गुड्डू, सभासद आरिफ सिकंदर राजू, सभासद मौ. आसिफ, इमरान, मोहम्मद सलीम, सलीम अहमद, एजाज अहमद, इकरार अहमद, सलीम अहमद, जावेद हबीब, फायजा बी, शाहीन बी, फैज़ खां आदि मौजूद रहे।

## समरसता मजबूत करता है ईद का त्योहार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** ईद के अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने क्षेत्र के प्रमुख लोगों से मुलाकात की और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, त्याग, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, जो हमें एक-दूसरे के साथ मिलकर रहने और समाज में एकता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों के साथ बैठकर संवाद भी किया और क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। विधायक ने कहा कि वह सदैव क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में सहभागी रहेंगे और जनसेवा के लिए निरंतर तत्पर हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे आपसी प्रेम और भाईचारे को बनाए रखें तथा समाज को आगे बढ़ाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

वहीं भाजपा के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को ईद की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संगठनात्मक विषयों, जनसंपर्क एवं समाज में आपसी भाईचारे को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि ईद का त्योहार हमें प्रेम, सद्भाव और आपसी एकता का संदेश देता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, प्रदीप गुप्ता, सोनू लोधी, विक्रम सिंह, कपिल आर्य, दीपक गुप्ता, ओमप्रकाश लोधी आदि उपस्थित रहे।


ईद के मौके पर लोगों से मिलते शहर विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार


नई दिल्ली में मुख्तार अब्बास नकवी के साथ रामपुर के भाजपा नेता। ● अमृत विचार

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Pharmacy Supervisor
Qualification:- Graduate & Exp. in Relevant Field
Floor Supervisor
Qualification:- Graduate & Exp. in Hospital
Junior Accountant
Qualification:- Min. B.Com. & Good Excel Knowledge
Computer Operator
Qualification: Min. Intermediate & Good MS Office Knowledge & Good Typing Speed
Pharmacist
Qualification: Min. D. Pharma & Good Computer Knowledge
PRO
Qualification: Graduation
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

# सड़क निर्माण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

## 28 लाख से सड़क बनकर तैयार, शहर विधायक ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने 28 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हुई सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि काफी समय से कॉलोनीवासी इसकी मांग कर रहे थे। अब लोगों को न सिर्फ आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि यह सुनियोजित विकास की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी।

नगर पालिका क्षेत्र में नई कालोनियों की हालत खस्ता है। कच्चे रास्ते होने और नालियां न होने की वजह से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती हैं। कुछ ऐसा ही हाल डायमंड के पास बनी कालोनी का था, जहां बरसात के दिनों में कीचड़ हो जाती थी। स्कूली बच्चों की ड्रेस खराब हो जाती थीं। ऐसे में क्षेत्रीय बाशिंदों ने शहर विधायक आकाश सक्सेना से सड़क बनवाने की मांग की थी, जिसके बाद


फीता काटकर सड़क का उद्घाटन करते शहर विधायक आकाश सक्सेना।

- **नगर पालिका की ओर से अवस्थापना निधि से कराया गया है निर्माण**

विधायक ने सड़क का प्रस्ताव नगर पालिका को भेज दिया। नगर पालिका की ओर से इस सड़क का निर्माण कराया गया। शनिवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। पहले जहां कच्चे रास्ते और जलभराव जैसी समस्याओं से लोग परेशान रहते थे, वहीं अब पक्की सड़क बनने से क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्य केवल एक सड़क का निर्माण नहीं, बल्कि सुनियोजित और व्यवस्थित शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दो दिन की बारिश तेज हवा से फसलों के नुकसान का होगा सर्वे

**रामपुर, अमृत विचार:** गुरुवार और शुक्रवार को कभी तेज और कभी हल्की बारिश होती रही। बारिश के साथ तेज हवा चलने से खेतों में तैयार खड़ी गेहूं और सरसों की फसल खेतों में गिर गई है। जिसके कारण किसानों को काफी नुकसान होने का अनुमान है। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जिले में तेज और बारिश से गिरी फसलों का सर्वे जल्द कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले गेहूं का रकबा 1 लाख 92 हजार 92 हेक्टेयर है जबकि, सरसों 1845 हेक्टेयर रकबे में बोई जाती है।

बताया कि जितना भी नुकसान हुआ है उसकी रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत बताते हैं कि बारिश तैयार खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। जबकि, हल्की बारिश फसल के लिए लाभकारी है। हल्की बारिश से गेहूं का उत्पादन बढ़ जाएगा क्योंकि, जो गेहूं का दाना दूध पर है वह और अधिक मोटा पड़ेगा। हल्की बारिश गेहूं की पछेती फसल को भी लाभ पहुंचाएगी। किसान किसी भी खड़ी फसल में सिंचाई नहीं करें और खेत में पकी सरसों की फसल की कटाई मड़ाई कर सुरक्षित कर लें।

# एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** नगर की ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:30 बजे मुफ्ती कारी नजफ अली ने अदा करायी। नमाज के बाद खुतबा सुना और मुल्क में अमन चैन के लिए दुआ की गई।

दुआ के बाद सलातो सलाम पेश किया गया और लोगों ने एक दूसरों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर इमाम जामा मस्जिद कारी याकूब वहिदी, सदर सलीम मलिक, पालिका अध्यक्ष पति कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण पाल गंगवार, चंद्रभान मित्तल, मो आसिब, हाजी सईदुल रहमान, अकील अहमद, हाजी मुस्तकीम, पूर्व सभासद, इकरार हुसैन, अजय सिंघल, सुरेंद्र शर्मा, लालता प्रसाद गंगवार, मो यूनुस आदि मौजूद रहे। नसीराबाद मस्जिद में हाफिज अब्दुल वहीद में नमाज अदा कराई। वहीं पूर्व डीसीबी अध्यक्ष अमरीश कुमार पटेल ने 36 बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर क्षेत्रवासियों को मुबारकबाद दी। इस मौके पर इमाम साहब बिलासपुर मुहम्मद हसन पूर्व चेयरमैन बिलासपुर माहिर खाँ, आरिफफरोमा, मौसिनखां, केपी गंगवार, महिपाल यादव, मुन्नालाल गंगवार, साने आलम पूर्व प्रधान धावनी, बाबूभाई केमरी ,अफसर अली मास्टर आदि लोग रहे।



बधाई देते पूर्व डीसीबी अध्यक्ष अमरीश कुमार पटेल। ● अमृत विचार


दढ़ियाल में ईद की नमाज अदा करते बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

## नमाज में उमड़े रोजेदार

**दढ़ियाल,अमृत विचार :** शनिवार को नगर में टांडा मार्ग पर स्थित ईदगाह में सुबह साढ़े आठ बजे नमाज के लिए नियत की। नमाज से पूर्व टांडा मार्ग पर शहर इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान मिफ्ताई ने बयान किए। शहर इमाम मौलाना के बीमार होने के चलते नायब शहर इमाम मौलाना मोहम्मद हस्सान कासमी ने नमाज अदा कराई। काशीपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह में शहर इमाम कारी सलीम ने नमाज अदा कराई। क्षेत्र के गांव रामपुर धम्मन, अकबराबाद ,पर्वतपुर, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंड़ी, लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, भाउपुरा, जटपुरा, मुबाना, पीपली नायक आदि गांवो में ईद की नमाज अदा की गई।

# हिंदू समाज को जागृत होने की आवश्यकता

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव वर्ष के उपलक्ष्य में क्षेत्र में पथ संचलन हुआ। किशनपुर मौलागढ़ में शनिवार को पूरे क्षेत्र के संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। पंचायत भवन सचिवालय से प्रारंभ होकर पूरे गांव के प्रमुख गलियों में होकर गुजरे। गांव वालों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

सर्वप्रथम मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम अध्यक्ष तथा खंड संघचालक ने सामूहिक रूप से संघ संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार, भारत माता एवं माधव राव सदाशिव गोलवलकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद भगवा ध्वज लगाया गया। पंडित विनोद कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य के द्वारा सामूहिक गीत एवं एकल गीत अमृत वचन सुभाषित के बाद कार्यक्रम अध्यक्ष संसार सिंह का उद्बोधन प्राप्त हुआ। मुख्य वक्ता जिला प्रचार एवं प्रसार प्रमुख गोपीचंद ने कहा कि गुलामी की मानसिकता को दूर कर सनातन परंपरा को अपनाना होगा। इसके लिए हिंदू समाज को जागृत होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में खंड कार्यवाह सुधीर कुमार दिवाकर ने अतिथियों का परिचय कराया।

खंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख राजीव कुमार मुख्य शिक्षक रहे। संघ प्रार्थना सत्येंद्र कुमार ने कराई। इस दौरान खंड व्यवस्था प्रमुख नरोत्तम सिंह मौर्य, दर्शन लाल सैनी खंड सेवा प्रमुख, खंड कार्यवाहक महेंद्र सिंह, गिरवर दयाल मौर्य, मुकुट लाल, ओमपाल, बजरंग दल नगर एवं खंड संयोजक अर्जुन गुप्ता अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आभार व्यक्त प्रेम बाबू सैनी ने किया।



पथ संचलन की तैयारी में खड़े आरएसएस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **किशनपुर मौलागढ़ में आरएसएस कार्यकर्ताओं ने किया पथ संचलन**

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** ई-रिक्शा पर लदे लोहे के गेट से टकराकर एक बाइक सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

गांव टैमरा निवासी संदीप सिंह बाइक से घर जा रहा था। माटखेड़ा मार्ग पर गांव लखीमपुर गांव निवासी इरशाद ई-रिक्शा में लोहे का गेट लेकर जा रहा था। इस दौरान संदीप की बाइक ई-रिक्शा पर लदे गेट से टकरा गई। जिससे संदीप बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. एसके व्यास ने बताया कि बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ई-रिक्शा चालक इरशाद ने भी घायल को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

# नई शिक्षा नीति से बढ़ेगा कौशल: पाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को विकास भवन में नई शिक्षा नीति एवं रोजगार विषय पर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उससे उत्पन्न रोजगार के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि नई शिक्षा नीति से कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, उद्यमिता और नवाचार को मिलेगा बढ़ावा।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि उप्र पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल एवं विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मोहन लाल सैनी व जिला विकास अधिकारी हरीश चंद्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल आधारित शिक्षा तथा रोजगारपरक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है। साथ ही कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, उद्यमिता एवं नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। प्रतिभागियों ने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिनमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता तथा रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों को संबंधित स्तर पर विचार प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। मंच का संचालन मुनीश चंद्र शर्मा ने किया।


छात्रों के साथ मुख्यातिथि सूर्य प्रकाश पाल, डीसीबी चेयरमैन मोहनलाल सैनी व डीआईओएस।

- **उप्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन में हुई गोष्ठी**

# क्रिकेट: एनपीएन हंटर ने 55 रनों से मुकाबला जीता


स्वार नरपतनगर में क्रिकेट मैच का उद्घाटन करते चेयरमैन खालिद अली। ● अमृत विचार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** नगर पंचायत नरपतनगर में ईद उल फितर के अवसर पर एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

आरंभ चेयरमैन खालिद अली ने फीता काटकर किया। मैच एनपीएन वारियर और एनपीएन हंटर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एनपीएन ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए एनपीएन हंटर ने 110 रन का लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में वारियर की टीम 55 रन पर ही सिमट गई। इस तरह एनपीएन हंटर ने 55 रनों से मुकाबला जीत लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए मोहम्मद जिलानी को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने 45 रन बनाने के साथ 5 विकेट भी हासिल किए। चेयरमैन खालिद अली ने सम्मानित किया। चेयरमैन के पुत्र मोहम्मद आसिफ, इमरान अली, डॉ. मुस्तेजाब, अजीम हसन, शोएब लंबरदार, रब्बानी, गुलाम, वकार, समीर और अमान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# भक्तों ने किया मां चंद्रघंटा का श्रृंगार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र पर जिले भर में तीसरी देवी मां चंद्रघंटा की मंदिरों में पूजा अर्चना हुई। सप्तशती कवच पाठ, दुर्गा चालीसा, गणेश वंदना, भजन कीर्तन करते हुए महा आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

पंडित विश्वप्रसाद मिश्र ने कहा कि देवी मां चंद्रघंटा बाघ पर सवार होकर अपने भक्तों को दर्शन देते हुए सम्पूर्ण अरिष्ट हरती हैं। मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार में शनिवार को देवी का श्रृंगार पूजन किया गया। यज्ञ हवन में आहुति देकर जगत कल्याण के लिए पुरोहित ने प्रार्थना की। इसके बाद मां की आरती हुई। आरती में पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, प्रतीक जिंदल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज वासन, सुखदेव मिश्रा, अन्नू मिश्रा, विश्वनाथ शर्मा, नीरज, सुधा, राजू, राधा रानी, सुनीता, श्रुति जिंदल, महिमा, केशव, खुशी देवी, मुकेश कुमार रावत, पंडित सौरभ कुमार पांडेय आदि शामिल रहे। रविवार को चौथी देवी कुष्मांडा की कृपा प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पूजा अर्चना की जायेगी।


शक्ति दरबार में भजन कीर्तन करते भक्त। ● अमृत विचार

## भक्तों ने की सुख-समृद्धि की कामना

**बिलासपुर, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा मां के तीसरे स्वरुप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने परिवार की सुख–समृद्धि की कामना की। शनिवार को श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा जी के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की आराधना की और चंद्रघंटा जी का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके अलावा नगर के मोहल्ला डाम कालोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर, माता महाकाली मंदिर, श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर, मोहल्ला कायस्थान स्थित मढ़ी वाला मंदिर, माता मनोरमा मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, रामपुर रोड पर शिव मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से पूजा–अर्चना की गई। मोहल्ला डाम कालोनी में मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर में मंदिर के पुजारी सरोज मिश्रा द्वारा नवरात्र के चलते दुर्गा सप्तसती का पाठ किया गया। शाम को महिलाओं ने मंदिरों में माता के भजन छंद गाए और अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

## आढ़त से सात लाख रुपये चोरी मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** नवीन मंडी में आढ़त की दुकान में नकब लगाकर करीब सात लाख रुपये और सीसीटीवी की डीवीआर चोरी किए जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। मोहल्ला डाम कॉलोनी निवासी गोविन्द गर्ग अनाज व्यापारी हैं। वह नैनीताल हाईवे स्थित नवीन मंडी में आढ़त चलाते हैं। उनके अनुसार वह बीती 19 मार्च की शाम दुकान बंद कर घर आ गए थे। अगले दिन 20 मार्च की शाम जब वह दुकान पहुंचे, तो नजारा देख उनके होश उड़ गए। दुकान की पिछली दीवार काटकर अंदर घुसे चोर अलमारी तोड़कर लगभग सात लाख रुपये की नगदी पार कर चुके थे। शातिर चोर सबूत न छूटे, इसके लिए दुकान में लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी उखाड़कर साथ ले गए। पुलिस ने पीड़ित गोविंद गर्ग की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि जांच जारी है।

# ईद पर अजीमुद्दीन पार्क में किया गया पौधरोपण


ईद पर अजीमुद्दीन पार्क में पौधरोपण करते राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत खां और बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** ग्रीन ईद स्वीट ईद एंड हैप्पी ईद कहते हुए मुस्लिम महासंघ के तत्वावधान में बच्चों ने पौधारोपण किया।

अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां ने कहा कि ईद के मुबारक मौके पर पौधरोपण कर पर्व को यादगार बनाया जा सकता है। यह सदका ए जारिया है। मुल्क की खुशहाली खूबसूरती खुशगवारी और सवाब के लिए पौधरोपण करें। ईद के दिन शहर के मोहल्ला बजोड़ी टोला स्थित अजीमुद्दीन पार्क में जामुन, अर्जुन और नीम के पौधे रोपित किए।

# सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जमा हो रही नामावली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू की गई इस वर्ष से व्यवस्था**
- **31 मार्च तक चलेगा पहले चरण में नामावली जमा करने का चरण**

**अमृत विचार :** सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए 31 मार्च तक नामावली जमा हो रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इस वर्ष से यह व्यवस्था शुरू की गई है। जिन परीक्षार्थियों के पेपर अच्छे नहीं हुए हैं वह दोबारा नामावली जमा कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद 5 दिन के लिए दूसरा चरण होगा जबकि, तीसरे चरण में विलंब शुल्क के साथ दो दिन आवेदन किया जा सकेगा। दूसरे चरण की परीक्षा मई में होगी।

सीबीएसई ने यह व्यवस्था विद्यार्थियों को दो बार परीक्षा देकर अपने अंकों में सुधार कर सकते हैं। नामावली जमा करने की प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। पहला चरण शुरू हो चुका है जोकि, 31 मार्च तक चलेगा। यह पूरी प्रक्रिया विद्यालयों के माध्यम से होगी। प्रत्येक विषय के लिए 320 रुपये शुल्क निर्धारित है। तीन विषयों के लिए कुल 960 रुपये जमा करना होंगे। विलंब शुल्क के तौर पर 2000 रुपये जमा करना होंगे। इस परीक्षा में वही विद्यार्थी सम्मिलित होंगे जो फरवरी मार्च में हुई परीक्षा में शामिल हुए हैं। जिन विद्यार्थियों को पहली परीक्षा में कंपार्टमेंट मिला है वह भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। विद्यार्थी अधिकतम तीन विषयों में परीक्षा में सुधार के लिए परीक्षा दे सकते हैं। वहीं सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुसार सीबीएसई ने दो बोर्ड परीक्षा नीति लागू की है। जिसे 25 जून 2025 को अधिसूचित किया गया था। इस नीति के तहत कक्षा 10 के छात्रों को मई 2026 में होने वाली दूसरी बोर्ड परीक्षा के दौरान अधिकतम तीन विषयों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने का अवसर दिया जाएगा।

## यूपीटीईटी में अर्हक अंकों में छूट की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** जुलाई में प्रस्तावित यूपीटेट परीक्षा को लेकर कार्यरत शिक्षकों के लिए अर्हक अंकों में छूट देने की मांग उठी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल व जिला मंत्री आनन्द प्रकाश गुप्ता ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि इससे 15 से 25 वर्षों से कार्यरत और 40 से 55 वर्ष आयु वर्ग के शिक्षकों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। एक ओर उन्हें प्रतिदिन 8-9 घंटे विद्यालय में कार्य करना पड़ता है, वहीं 2026 में एसआईआर व जनगणना जैसे अतिरिक्त कार्यों का दबाव भी है, जिससे परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में यूपीटेट में उत्तीर्ण होने के लिए अनारक्षित वर्ग के लिए 60 प्रतिशत व आरक्षित वर्ग के लिए 55 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। संघ ने मांग की है कि कार्यरत शिक्षकों के लिए तीसरा मानक तय करते हुए न्यूनतम अर्हक अंक 45 प्रतिशत या उससे कम किए जाएं। संघ ने आयोग से मांग की है कि शिक्षकों की परिस्थितियों को देखते हुए मानवीय आधार पर निर्णय लिया जाए, ताकि उनकी सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

## नमाज के बाद गले मिलकर दी ईद की बधाई

**मसवासी, अमृत विचार:** मसवासी नगर क्षेत्र में ईद उल फितर का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।नगर के मझरा खुशहालपुर मार्ग स्थित ईदगाह पर 9 बजे चांद मस्जिद के इमाम मौलाना खुर्शीद आलम ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद कौम और मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई। नगर के मोहल्ला चाऊपुरा और भूबरा की मस्जिद में भी ईद की नमाज अदा की गई। इसके अलावा बिजारखाता में टांडा बाजपुर मार्ग स्थित ईदगाह पर नमाज अदा की गई। नमाज जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद ताजीमुल कादरी नईमी ने अदा कराई और खुतबा पढ़कर तरक्की और खुशहाली के लिए हाथ उठाए गए।

# पापी को मारते नहीं तारते हैं भगवान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी स्थित श्री हरिहर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में देवी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मां की सुंदर झांकी ने सभी का मन मोह लिया। व्यास जी ने भक्तों को बताया कि भगवान पापी से भी पापी को मारते नहीं तारते हैं। कहा कि गुरु के प्रति हमें सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए क्योंकि भगवान तक पहुंचने का मार्ग गुरु ही प्रशस्त करते हैं।

व्यास जी ने कहा कि राजा दक्ष ने भगवती की उपासना के पश्चात पुत्री रूप में भगवती को सती नाम से प्राप्त किया। सती का विवाह शिव से किया लेकिन सभा में राजा दक्ष को भगवान शिव ने प्रणाम नहीं किया। कुपित दक्ष ने शिव से बदला लेने के लिए एक यज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ का निमंत्रण शिव को भी नहीं दिया। निमंत्रण नहीं आने पर भी सती पिता के घर गई और अपमानित होकर यज्ञ में कूद गई। इसके पश्चात शिव गणों ने यज्ञ नष्ट कर दिया, सती का जन्म फिर हिमालय के यहां हुआ और पार्वती नाम पाया। पार्वती ने घोर तपस्या के बाद फिर पति रूप में शिव को प्राप्त किया। कथा से पूर्व देवी भागवत विकास में आचार्य का सेल्फ गुप्ता ने परिवार सहित पूजन किया। मंच पर सीताराम की झांकी का सभी भक्तों ने भी पूजन किया। कथा में डीआईजी राजेंद्र सिंह रावत, भारत भूषण गुप्ता, प्रमोद पांडे, विनय गुप्ता, हरीश ठेकेदार, सीताराम शर्मा, प्रवीण भांडा, नरेश शर्मा, राधेश्याम यादव, दिलीप गुप्ता, राम मुरारी लाल शर्मा, वीके जौहरी, गंगा शरण यादव, सुनील कौशिक, दीपक गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अशोक शर्मा, विकास सक्सेना, राम लखन शास्त्री, विनोद शर्मा, ज्ञान प्रकाश, अनिल सक्सेना, प्रमोद, संजय गर्ग, सुमन, उमा, पुष्पा, रीना राय , करुणा शर्मा, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।


कथा सुनाते व्यास देवराज जी।

- **आदर्श कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा में बोले कथा व्यास**

## न्यूज ब्रीफ

### गले लगकर दी ईद की मुबारकबाद

**गजरौला, अमृत विचार :** शनिवार को ईद उल फितर का पर्व शहर व देहात क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज पढ़ने के लिए सुबह साढ़े सात बजे ही मुस्लिम बंधु मस्जिदों और इदगाहों पर पहुंच गए। इस दौरान देश की तरक्की और शांति के लिए एक साथ हजारों हाथ उठाकर दुआ की। शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा कर मुस्लिम बंधुओं ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। शहर के चौपला स्थित जामा मस्जिद, चौहानपुरी मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद के अलावा अन्य मस्जिदों में भी नमाज पढ़ी गई। मुख्यालय के सकलडीहा रोड पर स्थित ईदगाह में सुबह साढ़े सात बजे पूरे अकीदत के साथ नमाज अदा की गई।

### मस्जिदों में गूंजे अमन चैन के पैगाम

**धनौरा, अमृत विचार :** शनिवार को ईद-उल-फितर का पावन पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर इमाम मुफ्ती सईद उर रहमान ने ईद की नमाज से पहले अपने संदेश में लोगों से अपील की कि वे इस पर्व को प्यार, मुहब्बत और भाईचारे के साथ मनाएं तथा समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखें। नगर की जामा मस्जिद में नमाजियों ने नमाज अदा की। एक मीनार मस्जिद, स्टेशन रोड स्थित मदीना मस्जिद, तहसील वाली मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, फैज-ए-आम मस्जिद, कब्रिस्तान वाली मस्जिद और सुभाषनगर स्थित तेलियों वाली मस्जिद में भी हजारों लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने ईद की शुभकामनाएं दीं।

### नगीना रेलवे क्रासिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

**बिजनौर, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर के जिला मुख्यालय में नगीना बिजनौर हाईवे पर स्थित रेलवे फाटक पर 79 करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू किया जाएगा। सांसद चंदन चौहान ने बताया कि हाल में ही सरकार ने ओवर ब्रिज निर्माण हेतु बजट स्वीकृत कर दिया है। इसके बनने से शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी। बिजनौर शहर के नगीना रोड स्थित रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम के कारण ओवर ब्रिज बनाने की मांग दशकों से की जाती रही है। सांसद चंदन चौहान ने मुख्यमंत्री योगी को लिखे पत्र में रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग उठाई थी।



ईद की बधाई देते पूर्व एमएलसी परवेज अली। ● अमृत विचार



ईदगाह पर ईद की नमाज पढ़ते लोग। ● अमृत विचार



ईसुरक्षा के लिहाज से निगरानी करतीं डीएम निधि गुप्ता, एसपी अमित आनंद।


# नमाज अदा कर मांगी भाईचारे और खुशहाली की दुआ

## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने गले लग कर एक दूसरे को दी ईद की शुभकामनाएं, पुलिस बल रहा सतर्क, लोगों ने एक दूसरे के घर में जाकर सांझा की ईद की खुशियां

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** जिले में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शांतिपूर्ण तरीके से ईद-उल-फितर की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाजियों ने देश में खुशहाली, अमन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।

ईद-उल-फितर के मौके पर जिले भर में लोगों में उत्साह का माहौल रहा। करीब सुबह 7.30 बजे ईदगाह पर मुफ्ती मोहम्मद आसिम ने ईद की नमाज अदा कराई। शहर की ईदगाह पर मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद आसिम, जामा मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद मुशाहिद, शिया जामा मस्जिद में नायब इमाम-ए-जुमा मौलाना डा.एहसन अख्तर सरोश, मदरसा शाही चबूतरा में मुफ्ती तौहीद अख्तर, नौगावां सादात की ईदगाह पर मुफ्ती अब्दुर्रहमान कासमी तो वहीं शिया जामा मस्जिद में मौलाना मसरूर अब्बास ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कराई। शहर में ही दाऊद सराय रोड स्थित मदरसा जामिया नूरिया अशरफुल उलूम में मुफ्ती तैय्यब कादरी नईमी ने ईद की नमाज की इमामत की। जोया की रजा ईदगाह में कारी हामिद अली, ईदगाह अमरोहा रोड पर मौलाना आलिम ने ईद की नमाज अदा कराई। ईदगाह पर मुफ्ती मोहम्मद आसिम ने कहा कि गरीबों के साथ ईद की खुशियां बांटे। इस दौरान सदर विधायक महबूब अली, पूर्व एमएलसी परवेज अली, मुफ्ती मोहम्मद हम्जा, मुफ्ती असिम मुबाशिर, एसडीएम शैलेश कुमार दुबे, सीओ सिटी अभिषेक यादव, पूर्व पालिकाध्यक्ष डा.अफसर परवेज व अतुल कुमार जैन, ईओ नगर पालिका डा.बृजेश कुमार, हरि सिंह मौर्य, कांग्रेस नेता हसन आरिफ अंसारी, मंसूर अहमद एडवोकेट, बुनकर नेता परवेज आरिफ टीटू, बसपा नेता नवेद अयाज, बसपा जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह एडवोकेट, श्रीकृष्णा गौतम, राजपाल सिंह, फरहान खान, नासिर फारूक, संजय सिंह, कमर नकवी, भाजपा नेता अखिल जैन, निखिल जैन, मोनू यादव, प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, हाजी खुरशीद अनवर, सैयद अली इमाम रिजवी एडवोकेट, मरगूब सिद्दीकी, कमर नकवी, फहीम शाहनवाज, इकराम हुसैन जैदी, फैज आलम राईनी, इकबाल खान अमरोहवी, फैसल जफर, अफजल खान आदि ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।



ईद की बधाई देते निखिल जैन, शार्दुल अग्रवाल, हाजी खुर्शीद अनवर व अन्य।

### जनप्रतिनिधियों ने दी मुबारकबाद

ईदगाह पर नमाज संपन्न होने के बाद सदर विधायक व पीएसी सभापति महबूब अली ने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। कहा कि हमें आपस में मिलजुल कर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाना है। पूर्व एमएलसी परवेज अली ने भी गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान वहां मौजूद पालिकाध्यक्ष पुत्र निखिल जैन, पूर्व सांसद दानिश अली, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया, सुखराज सिंह, ईओ डॉ बृजेश सिंह ने भी लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी।



गले मिलकर ईद की बधाई देते विधायक महबूब अली। ● अमृत विचार

### अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन

इस दौरान कड़े सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम रहे। ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। सभी स्थानों पर नमाज के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने पर पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने राहत की सांस ली। डीएम निधि गुप्ता, एसपी अमित कुमार आनंद, नगर पालिका चेयरमैन शशि जैन व ईओ डॉ.बृजेश कुमार समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। ईदगाह पर डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद सिंह मौजूद रहे। लोगों ने अधिकारियों से मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान बच्चे भी डीएम एसपी से मिले।

### बड़ी संख्या में लोगों ने की सामूहिक इबादत

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित ईदगाह में ईद उल फितर के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। नगर में शनिवार को चामुंडा रोड स्थित ईदगाह पर हजारों लोगों ने नमाज अदा की। यहां शहर इमाम मौलाना मुफ्ती मेहराजुद्दीन द्वारा ईद की नमाज अदा कराई। ईद की नमाज के बाद ईदगाह पर चेयरमैन राजपाल सैनी, एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ पंकज कुमार त्यागी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, सपा नेता बदर कुरैशी एवं चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी। क्षेत्राधिकार पंकज त्यागी ने बताया कि क्षेत्र में ईद की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है।



पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कमाल अख्तर को ईद की बधाई देते पूर्व राज्य मंत्री जगराम।

### ईद की नमाज पढ़ तरक्की के लिए मांगी दुआएं

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली में ईद की नमाज शांतिपूर्ण अदा की गई। नमाज से पहले लोगों ने फितरा अदा किया और नमाज अदा की। बुरावली की ईदगाह पर हाफिज सुहेल ने नमाज अदा कराई। गंगवार की ईदगाह पर मौलाना अजहरुद्दीन ने नमाज अदा कराई। मंदारीपुर की ईदगाह पर कारी गयास ने नमाज अदा कराई। सूतावली की ईदगाह पर मौलाना खलील अहमद ने नमाज अदा कराई। बुरावली की बिलाल मस्जिद में मौलाना कारी नजरे आलम ने नमाज अदा कराई। इस मौके पर फरमान, सब्बू, इक़्तेदार, शादान, सलमान, वकार, हाफिज सारिम, कारी वसीम, कारी फरहान, कारी सरफराज आदि लोग मौजूद रहे।



बधाई देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया, सुखराज सिंह व अन्य।

### ईद पर दिखा भाईचारे का नजारा, नमाजियों पर ओमकार ने बरसाए फूल

**अमरोहा, अमृत विचार :** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर जिले में आपसी सौहार्द और भाईचारे की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली। शहर की ईदगाह पर नमाज अदा कर लौट रहे नमाजियों का कांग्रेस नेताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया और कांग्रेस नेता सचिन चौधरी अपने समर्थकों के साथ ईदगाह पहुंचे। यहां नमाज खत्म होने के बाद जैसे ही नमाजी बाहर निकले, नेताओं ने उन पर गुलाब के फूल बरसाए। अचानक हुए इस स्वागत से नमाजियों के चेहरे खिल उठे और माहौल खुशियों से भर गया। जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने विचार व्यक्त किए। इसके बाद एक दूसरे को गले लगकर शुभकामनाएं दीं।




नमाजियों पर पुष्प वर्षा करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## अमरोहा में ओपी गोल्ड कुट्टू आटा की बिक्री पर लगी रोक

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● बागपत-बिजनौर में लोगों के बीमार होने के बाद दिए निर्देश

**अमृत विचारः** जिले में नवरात्र और व्रत के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले कुट्टू आटे को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने ओ पी गोल्ड ब्रांड के साबुत कुट्टू के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

यह उत्पाद विशाल ट्रेडर्स, राजनगर (गाजियाबाद) द्वारा सप्लाई किया जा रहा था। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि पड़ोसी जनपद बागपत और बिजनौर में इस ब्रांड के कुट्टू के सेवन से कई लोगों की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। कुछ मामलों में लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द जैसी शिकायतें सामने आईं। मामले को गंभीरता से लेते हुए अमरोहा प्रशासन ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए जिले में इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि बाजार में उपलब्ध ओ पी गोल्ड ब्रांड के कुट्टू को तत्काल प्रभाव से दुकानों से हटवाया जाए। इसके साथ ही संबंधित दुकानदारों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि वे इस उत्पाद की बिक्री न करें। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी के पास इस ब्रांड का कुट्टू मौजूद है तो उसका सेवन न करें। साथ ही यदि किसी व्यक्ति को इसे खाने के बाद अस्वस्थता महसूस होती है तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हसनपुर, अमृत विचारः** खेत से घर को लौटते समय बाइक सवार किसान को कार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार किसान घायल हो गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम मंगरौला निवासी किसान सचिन पुत्र कमल सिंह शुक्रवार की देर शाम अपने खेत पर से कार्य निमटाकर बाइक से घर आ रहा था, जैसे ही उसकी बाइक गंगा एक्सप्रेसवे के पुल के निकट पहुंची तो सामने से आ रही एक कान में उसमें टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर पेट से टकरा गई।

टक्कर लगने से बाइक सवार किस सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा घायल सचिन को उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, चार घायल

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● पुलिस ने कार को कब्जे में लिया दो की हालत गंभीर

**अमृत विचारः** शनिवार को जोया-सम्भल मार्ग पर असगरिपुर गांव के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव टिकिया निवासी जावेद पुत्र सफदर अली अपनी बहन लल्ली उर्फ परवीन और दो बच्चों के साथ स्कूटी से जोया जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वे ईद के मौके पर रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान सम्भल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार सभी लोग सड़क किनारे खेतों में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जोया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जावेद और सात वर्षीय एक बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं परवीन और उनका छोटा बेटा जोया के सरकारी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कार समेत चार तस्कर गिरफ्तार

**सैदनगली, अमृत विचारः** शनिवार को पुलिस ने चार अंतर्राज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम चरस और तस्करी में प्रयुक्त कार बरामद की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फिरोज पुत्र मोहम्मद समी निवासी जनपुर चंद बाग कॉलोनी थाना खजूरी खास दिल्ली में पता लोनी अशोक विहार, आजम पुत्र शरीफ निवासी ढक्का, जाने आलम उर्फ जाना पुत्र छुन्नू निवासी ढक्का और सतपाल पुत्र हरभजन निवासी ढक्का को चेकिंग के दौरान पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में आजम और जाने आलम शातिर अपराधी हैं, जिन पर पहले से गैंगस्टर, गोकशी और जानलेवा हमले जैसे दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया।

## काली पट्टी बांधकर अदा की नमाज, मांगी तरक्की की दुआ



काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचारः** कस्बे में ईद का त्योहार परम्परागत तरीके से मनाया गया। लगभग 12 मस्जिदों व ईदगाह पर नमाज़ अदा की गई। ईदगाह पर सम्भल से तशरीफ़ लाये मौलाना गुलाम हुसैन ने नमाज़ अदा कराई। शिया समुदाय ने नमाज़ मुहल्ला सादात की शिया जामा मस्जिद मे अदा की जो मौलाना कम्बर अली ने अदा कराई। शिया समुदाय ने पुराने कपड़ो मे काली पट्टी बांधकर नमाज़ पढ़ी। इस बार ईद बहुत सादगी से मनाई गई। नमाज़ के बाद क्षेत्र के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों ने इकट्ठे होकर देश और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। इस मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद था। जिसकी देखरेख में ईद की नमाज शांतिपूर्वक ढंग से पढ़ी गई।

## व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की हुई बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित व्यापारी नेता सचिन गुप्ता के आवास पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य संगठन के दो पदाधिकारीयों को सभासद पद पर नामित होने पर उनका स्वागत करना था। बैठक में प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में नामित सभासद पंकज भटनागर एवं ज्योति गर्ग सहित नगरपालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ बैठक में संगठन के स्थापना दिवस को भव्य रूप देने के लिए आपस में विचार विमर्श किया गया। प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने और संचालन नगर अध्यक्ष तरुण अग्रवाल ने किया।

## निजी विश्वविद्यालय पर फर्जी डिग्री देने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

● छात्र सुदर्शन कुमार ने थाना में तहरीर देकर की थी शिकायत

**अमृत विचारः** जिले के एक निजी विश्वविद्यालय पर फर्जी डिग्री देने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। न्यायिक मैजिस्ट्रेट के आदेश पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, प्रो-चांसलर समेत पांच लोगों के खिलाफ थाना रजबपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच रजबपुर थाना प्रभारी को सौंपी गई है।

दरअसल रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पीपली दाऊद निवासी छात्र सुदर्शन कुमार के अनुसार उसने वर्ष 2021 से 2024 तक बैचलर ऑफ साइंस (ऑप्टोमेट्री) का कोर्स पूरा किया था और 6 सितंबर 2024 को उसे डिग्री प्रदान की गई थी। आरोप है कि जब वह अपनी डिग्री और अंकपत्र लेकर लखनऊ स्थित उप्र मेडिकल फैकल्टी कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराने पहुंचा, तो वहां अधिकारियों ने उसके दस्तावेजों को फर्जी बताकर खारिज कर दिया। इसके बाद छात्र ने विश्वविद्यालय प्रशासन से संपर्क किया, लेकिन उसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला। सुदर्शन कुमार का आरोप है कि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष कुमार पाण्डेय, प्रो-चांसलर राजीव त्यागी सहित अन्य कर्मचारियों ने सही जानकारी देने से इनकार किया और विरोध करने पर उसे धमकाया गया। आरोप यह भी है कि छात्रों से प्रति छात्र करीब 10,300 रुपये फीस लेकर फर्जी डिग्री और दस्तावेज दिए गए। पीड़ित छात्र ने बताया कि उसने पहले जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद थाना रजबपुर में भी शिकायत की गई, परंतु वहां भी कार्रवाई नहीं हुई। छात्र का यह भी आरोप है कि शिकायत वापस लेने के लिए उस पर दबाव बनाया गया और धमकियां दी गईं। जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। अब अदालत के आदेश पर रजिस्ट्रार पीयूष कुमार पाण्डेय, प्रो चांसलर राजीव त्यागी, अनिल कुमार (स्कॉलर), मारूफ और फैजान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी रजबपुर कोमल तोमर ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## धूमधाम से मनाई जाएगी महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती

**धनौरा, अमृत विचारः** शनिवार को नगर के शेरपुर रोड स्थित मोहल्ला सैनी नगर में ऑल इंडिया सैनी सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कल्याण सिंह सैनी ने की। बैठक में ऑल इंडिया सैनी सभा के जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी ने राज्य और केंद्र सरकार पर पिछड़े वर्ग, विशेषकर सैनी, शाक्य, मौर्य और कुशवाहा समाज की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने मांग उठाई कि जिले का नाम पुनः महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम पर ज्योतिबा फुले नगर किया जाए। साथ ही भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को भारतय रत्न देने की मांग भी जोरदार तरीके से रखी गई। वही बैठक में आगामी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती जनपद मुख्यालय स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।

## तीसरे नवरात्र को भक्तों ने मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की

**हसनपुर, अमृत विचारः** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भक्तों ने मां भगवती के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर उनसे सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। शनिवार की सुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर में दिखाई दी। भक्तों ने देवी मंडल की तीसरी आराध्य देवी मां चंद्रघंटा की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। वही नगर स्थित हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर, श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर अन्य मंदिरों पर भी भक्तों की भी देखी गई। महिलाओं ने दोपहर को मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन कर प्रसाद का वितरण किया गया। तीसरे नवरात्र को मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। यह स्वरूप शक्ति, साहस और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है।

### चैत्र माह के तीसरे नवरात्र पर भक्तों ने की मां चंद्रघंटा की पूजा

**गजरौला, अमृत विचार :** चैत्र माह के नवरात्र पर्व के तीसरे दिन शनिवार को देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि-विधान संग पूजा-अर्चना की। नगर की बस्ती स्थित चामुंडा देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर के अलावा ललिता देवी मंदिर में पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी पूजन आदि किया गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नारियल, ध्वज, पान, सुपारी व मिश्री आदि की भेंट चढ़ाते हुए तप करने की शक्ति का आशीर्वाद लिया। पुजारी ने बताया कि हजारों वर्षों की कठोर तपस्या करने के कारण ही मां दुर्गा के तीसरे स्वरुप का नाम मां चंद्रघंटा पड़ा।

## सोलर पैनल बदलने को लेकर मारपीट, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचारः** गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शिशो वाली निवासी जोगिंदर ने कई सोलर पैनल लिए थे।

उन्हें खरीदने के बाद वह है दुकान पर ही छोड़ गया था। शुक्रवार की शाम वह अपने ट्रैक्टर ट्राली में सोलर पैनल भरकर कोतवाली क्षेत्र के गांव लठीरा अपनी ननिहाल ले गया। जहां पर वह अपना स्वयं का मकान बना रहा है। घर जाकर सोलर पैनल को देखा तो पता चला कि दुकानदार ने एक सोलर पैनल बदल दिया। एक सोलर पैनल को लेकर पिता पुत्र शाहपुर कला स्थित दुकान पर पहुंचे और उन्होंने दुकानदार से सोलर पैनल बदलने की बात कही। इस पर दुकानदार नाराज हो गया ओर मारपीट करने लगा। मारपीट में प्रेम देव पुत्र राम रतन निवासी लठीरा माफी गंभीर रूप से घायल हो गए।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 22 मार्च 2026


न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा चालक का मोबाइल लेकर भाग गया जालसाज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** संभल के चौधरी सराय निवासी एक ई-रिक्शा चालक से युवक ने यात्री बनकर ठगी कर ली। मोहल्ला चौधरी सराय निवासी मोहम्मद सैदान शनिवार सुबह अपने ई-रिक्शा से एक अनजान युवक को करीब 500 रुपये में बुकिंग पर ओबरी गांव लेकर गया था। सुबह करीब नौ बजे जैसे ही ई-रिक्शा गांव की घनी आबादी में पहुंचा, युवक ने कार की स्टेपनी की जानकारी के लिए चालक से मोबाइल मांगा। चालक ने भरोसे में आकर अपना फोन दे दिया। युवक ने कॉल करने का नाटक करते हुए मोबाइल कान पर लगाया और मौका मिलते ही वहां से फरार हो गया।

### धाराएं लगवाने के नाम पर 35 हजार की ठगी

**संभल, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर धाराएं लगवाने के नाम पर एक ग्रामीण से 35 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गढ़िया निवासी सौराज ने आरोप लगाया कि करीब एक वर्ष पूर्व गांव के ही कुछ लोगों से उसका विवाद हुआ था, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई थीं। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां उसकी मुलाकात ग्राम पतेई कायस्थ निवासी संजय लंबरदार से हुई। आरोप है कि संजय ने अस्पताल में अपनी पहचान का हवाला देते हुए मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में गंभीर धाराएं लगवाने का भरोसा दिया। इसके एवज में उसने 35 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित के अनुसार उसने पांच हजार रुपये नगद और शेष रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। आरोप है कि रुपये लेने के बाद भी आरोपी ने कोई काम नहीं कराया। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करता रहा और अब गाली-गलौज कर धमकी दे रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद गुन्नौर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को तलाश किया जा रहा है।


ईदगाह पर ईद की नमाज के बाद मौलाना जहीरुल इस्लाम से ईद मिलते लोग।


शहर की ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार


ईदगाह पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

# मुल्क और कौम की तरक्की की दुआ के लिए उठे हजारों हाथ

## ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए उमड़े लोग, सुरक्षा की दृष्टि से सतर्क रहा पुलिस और प्रशासन, अधिकारी करते रहे निगरानी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जिले में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करके मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। एसपी ने भी ईदगाह पहुंचकर इंतजामों को देखा। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

संभल में आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर ईदगाह इमाम मौलाना जहरीरुल इस्लाम ने ईद की नमाज अदा कराई। यहां सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क, सपा नेता सुहेल इकबाल, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष फिरोज खां, सईद अख्तर इसराईली समेत तमाम लोग रहे। संभल के अलावा सरायतरीन, हयातनगर, सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे।


ओबरी में ईदगाह पर नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार


नमाज के बाद लोगों से गले मिलते सपा नेता सुहेल इकबाल। ● अमृत विचार


महिलाओं से मिलकर ईद की मुबारकबाद देतीं सपा विधायक पिंकी यादव।


ईदगाह पर ईद की नमाज के बाद लोगों से गले मिलते सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

### शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई नमाज

**सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में ईद उल फितर की नमाज बड़े ही शांतिपूर्ण माहौल के साथ संपन्न हुई। मस्जिद शर्की सादात में पेश नमाज मौलाना मौलाना मीसम अब्बास ईदुल फितर का खुतबा बयान करते हुए बताया कि हमारा हर वो दिन ईद का है जिस दिन आदमी कोई गुनाह न करें। मौलाना हसीन अख्तर ने कहा कि ईद का दिन इबादत का दिन है न कि खुलंखुला गुनाह करने का दिन या खेल का दिन। कस्बे की सुन्नी जामा मस्जिद, शिया जामा मस्जिद, ज्यादा तर लोगों ने पुराने ही लिबास में ईद की नमाज़ अदा की।

### गले मिलकर दिया भाईचारे का संदेश

**असमोली।** ग्राम सदीरनपुर में आज ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे व शांति का संदेश दिया। जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद मूनिस ने क्षेत्रवासियों को ईद की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मास्टर मुशर्रफ, हाजी तालिब, ऊबेश, मास्टर मूनिस, इकराम हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ईदगाह पर रहे कड़े सुरक्षा प्रबंध, पहुंचे एसपी

संभल में आदमपुर मार्ग पर स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज को लेकर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। यहां पुलिस कर्मियों के अलावा आरआरएफ जवानों को भी तैनात किया गया। सुबह नमाज के समय एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने ईदगाह पर पहुंचकर सुरक्षा प्रबंध देखे। नमाज के समय अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, आलोक भाटी, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम निधि पटेल, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार भी मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्र में शांति पूर्ण संपन्न हुई ईद उल फितर की नमाज, सतर्क रही पुलिस

**ओबरी।** असमोली क्षेत्र में शनिवार को ईद उल फितर त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। ओबरी स्थित ईदगाह पर सुबह 8 .30 बजे ओबरी जामा मस्जिद के इमाम सैय्यद रिजवान मियां नमाज पढ़ाई। नमाज़ पढ़ने के बाद एक दूसरे को गले लग बधाई दी। त्योहार को लेकर एक दूसरे के घरों जाकर सेवई और तरह तरह के पकवानों का लुत्फ भी उठाया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भ्रमण पर रहीं।

## आपसी भाईचारे का दिया संदेश


चंदौसी में ईद की नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलते मुस्लिम समुदाय के लोग।

**चंदौसी, अमृत विचार:** नगर के खुर्जा गेट करेली रोड स्थित बड़ी ईदगाह में शुक्रवार को बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की। शहर इमाम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया। वहीं शहर के हिंदू समुदाय के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे और सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### सपा नेताओं ने नमाजियों पर बरसाए फूल

**संभल, अमृत विचार :** ईद के मौके पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की अनुमति न मिलने पर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अलग अंदाज में नमाजियों का स्वागत किया। शनिवार को नेताओं ने टोकरी में फूल लेकर ईदगाह पहुंचकर नमाज के लिए जा रहे लोगों पर पुष्प वर्षा की। समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खान ने पहले प्रशासन से ईद के दिन हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की अनुमति मांगी थी, लेकिन इजाजत नहीं मिलने पर उन्होंने स्वयं टोकरी में फूल लेकर ईदगाह पहुंचने का निर्णय लिया।

## ई-रिक्शा को ट्रक ने मारी टक्कर युवक की मौत

**संभल,** सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदौसी रोड स्थित नूरियो सराय के पास शनिवार देर शाम तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में मुंबई से ईद मनाने घर आए युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो फुफेरे भाइयों समेत पांच युवक घायल हो गए। गांव नूरियो सराय निवासी शारिक (20) मुंबई में वेल्डिंग का काम करता था और चार दिन पहले ही ईद मनाने घर आया था। शनिवार रात करीब 2:15 बजे वह अपने फुफेरे भाइयों शान अली, शानू, शान और शुएब के साथ ई-रिक्शा से संभल के मुख्य बाजार खरीदारी करने जा रहा था। पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। परिजन शारिक को अस्पताल ले गए, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


शारिक।

# शिया समुदाय ने काली पट्टी बांधकर अदा की नमाज, प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत सिरसी समेत जनपद के शिया बहुल इलाकों में शनिवार को ईद-उल-फितर की नमाज के दौरान गम का माहौल नजर आया। ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध में मारे गए लोगों के विरोध में शिया समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी और बाद में प्रदर्शन किया। सिरसी में नमाज के बाद नारेबाजी के बीच जुलूस निकालने को लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक नोकझोंक और हंगामे की स्थिति बनी रही।

तहसील संभल के थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मोहल्ला शर्की स्थित सादात मस्जिद में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग काली पट्टी बांधकर और कई लोग काले कपड़े पहनकर नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज से पहले तकरीर में मौजूदा हालात पर चर्चा की गई, जिसके बाद ईद की नमाज अदा की गई।


प्रदर्शनकारियों को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी सुधीर पंवार पुलिस बल के साथ मस्जिद परिसर के बाहर मुस्तैद रहे।

नमाज खत्म होने के बाद जैसे ही लोग मस्जिद से बाहर निकले, उन्होंने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ लोग जुलूस निकालने की कोशिश करने लगे। मौके पर मौजूद सिरसी पुलिस चौकी प्रभारी शाह फैसल व अन्य पुलिसकर्मियों ने जुलूस निकालने से रोक दिया। पुलिस के मना करने पर प्रदर्शनकारी जुलूस निकालने की जिद पर अड़ गए, जिससे मौके पर विवाद की स्थिति बन गई। काफी देर तक पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच कहासुनी होती रही। हालांकि बाद में पुलिस के समझाने पर लोग शांत हुए और बिना जुलूस निकाले अपने-अपने घरों को लौट गए। प्रदर्शन में शामिल नसीम अब्बास उर्फ शेरू ने बताया कि गम का इजहार करने के लिए नमाज के दौरान काली पट्टी बांधी गई और काले कपड़े पहने गए। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए दुख का दिन है और वे अपने रहबर को याद कर रहे हैं। नजफ अली ने कहा कि उन्होंने अपने रहबर के शोक में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करने के बाद विरोध दर्ज कराया है। वहीं फजल अब्बास ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने के बाद ईद के दिन इस तरह का माहौल होना उनके लिए बेहद भावुक क्षण है। पुलिस बल तैनात रहा और शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम रही।

### अमेरिका-इजरायल के खिलाफ जुलूस निकालकर की नारेबाजी

**ओबरी/मनोटा, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के शिया बहुल बुकनाला व शाहपुर सिरपुड़ा गांव में शिया समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर और सादे कपड़ों में नमाज पढ़ी तथा ईरान के समर्थन में अमेरिका और इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने ईरान में मारे गए लोगों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही रहबर-ए-मौज्जम के रूप में जाने जाने वाले जनाब सैय्यद अली खामेनेई और उनके साथियों को याद किया गया। प्रदर्शन के दौरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। मौलाना ने तकरीर में कहा कि खामेनेई साहब और मासूम बच्चों की शहादत हमेशा जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश देती रहेगी। उन्होंने कहा कि खामेनेई साहब ने जुल्म के खिलाफ डटकर मुकाबला किया और कभी झुके नहीं। उनकी आवाज केवल ईरान तक सीमित नहीं रही, बल्कि दुनिया भर के मजलूमों और दबे-कुचले लोगों के लिए उठी। मौलाना ने यह भी कहा कि रमजान जैसे पाक महीने में उनका जाना इस बात का प्रतीक है कि उन्होंने पूरी जिंदगी इबादत की तरह गुजारी और अपनी मौत को भी उसी रूह के साथ कबूल किया।


प्रदर्शन करते शिया समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

# कपड़ों पर छींटे पड़ने पर दो पक्षों में पथराव

● ईद की नमाज के बाद एक ही समुदाय के दो पक्षों में हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में शनिवार को कार के पहिए से उछले कीचड़ के छींटों को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर मारपीट और बाद में छतों पर चढ़कर जमकर पथराव किया गया। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह हालात को नियंत्रित किया।

गांव ओबरी निवासी फिदा हुसैन शनिवार सुबह करीब दस बजे अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही जावेद अपने साथियों सालिम, नफीस, इमरान और मोहम्मद नाजिर के साथ कार से जा रहे थे। इसी दौरान कार के पहिये से उछला कीचड़ फिदा हुसैन के ऊपर गिर गया। नाराजगी जताई। फिदा हुसैन ने बताया कि वह गांव के चौराहे की ओर जा रहा था, तभी सालिम व नफीस आदि अपने अन्य साथियों के साथ फिर से वहां आ धमके। उन्होंने गाली-गलौच करते हुए फिदा हुसैन के साथ लात-घूंसों और डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद हमलावरों ने अपने घरों की छतों पर चढ़कर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। पथराव में फिदा हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच झगड़े की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सीओ असमोली कुलदीप कुमार ने बताया कि जिन लोगों के बीच विवाद हुआ। वे सभी लोग मुस्लिम समुदाय के ही हैं।


पथराव में घायल हुए व्यक्ति से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

## मैजिक और ई-रिक्शा की टक्कर, सात घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

● चोटिल लोगों में चार बच्चे भी शामिल

**अमृत विचार:** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में सैदनगली-पाकबड़ा मार्ग पर शनिवार को टाटा मैजिक और बैटरी रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत में चार मासूम बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, जनपद अमरोहा के गांव गलसुआ निवासी आमीन अपने पति मतीन और बेटे जीशान के साथ बैटरी रिक्शा में सवार होकर सैदनगली पाकबड़ा मार्ग से गांव दवोई खुर्द स्थित अपने मायके ईद की मिलाई करने जा रही थीं। उसी रिक्शा में सैदनगली निवासी नाजमा भी अपने तीन बच्चों सफान, अमान और नायरा के साथ शाहपुर सिरपुड़ा स्थित अपने पिता फकीरा के घर जा रही थीं। जैसे ही ई- रिक्शा गांव भटपुरा के पास पहुंचा, तभी सामने से अमरोहा जनपद के गांव चांदनगर निवासी कुलदीप सिंह टाटा मैजिक लेकर आ रहे थे। इसी दौरान रिक्शा चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और सामने से आ रहे मैजिक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बैटरी रिक्शा सड़क किनारे पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग नीचे दब गए। हादसे में नाजमा रिक्शा के नीचे दब गईं। लोगों ने रिक्शा को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला। चिकित्सकों के अनुसार नाजमा की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।

# नमाज को लेकर छह घंटे तक रहा गतिरोध

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** जनपद के गांव धनेटा सोतीपुरा में ईद-उल-फितर की नमाज को लेकर शनिवार सुबह कई घंटे तक गतिरोध की स्थिति बनी रही। नमाजियों की संख्या को लेकर विवाद इलाहाबाद हाईकोर्ट तक पहुंचने के बाद प्रशासन सतर्क रहा। सीमित संख्या में ही नमाज की अनुमति दी गई। वार्ता के बाद नमाज अदा कराई गई।

जानकारी के अनुसार गांव में सुबह आठ बजे ईद की नमाज होनी थी, लेकिन पुलिस-प्रशासन ने बिना इमाम के केवल 15 लोगों को ही नमाज पढ़ने की अनुमति दी। इस पर मुस्लिम समुदाय के लोग अधिक संख्या में नमाज अदा करने की मांग करने लगे, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। स्थिति को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया। मौके पर एएसपी कुलदीप कुमार, एएसपी आलोक भाटी, डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र, थाना हयातनगर प्रभारी उमेश सोलंकी और क्राइम इंस्पेक्टर सत्यवीर सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन और समुदाय के लोगों के बीच काफी देर तक वार्ता चली। इसके बाद दोपहर करीब 2:30 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई । याचिकाकर्ता मुनाजिर खान ने बताया कि प्रशासन की ओर से केवल 15 लोगों को ही नमाज की अनुमति दी गई, जबकि उनका कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश में सभी को नमाज अदा करने की अनुमति का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने के बाद इमाम को नमाज की अनुमति दी और तय संख्या में ही नमाज कराई गई।

● प्रशासन से वार्ता के बाद हुई ईद की नमाज


सोतीपुरा गांव में विवादित स्थल के निकट खड़ीं पुलिस की गाड़ियां। ● अमृत विचार

# राष्ट्रपति मुर्मू ने दानघाटी मंदिर में की पूजा

**मथुरा, एजेंसी**


पूजा-अर्चना करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदेश के अपने तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन शनिवार को मथुरा के गोवर्धन स्थित दानघाटी मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति ने गिरिराज जी महाराज की आरती में भाग लिया और गोवर्धन परिक्रमा भी की। उन्होंने मंदिर में गिरिराज जी का विधि-विधान से पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दानघाटी मंदिर के रिसीवर दीप चंद्र कौशिक ने बताया कि गिरिराज धारण की जय सहित अन्य मंत्रोच्चार के बीच राष्ट्रपति ने 11 किलो दूध, दही, शहद, घी और बूरा से महाभिषेक किया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति को गिरिराज जी महाराज की चांदी की प्रतिमा, एक पटका और प्रसाद भेंट किया गया। आध्यात्मिक मान्यता के अनुसार, द्वापर युग की ब्रजभूमि से जुड़ी तीन प्रमुख धरोहरें गिरिराज जी, ब्रजभूमि और यमुना महारानी आज भी विशेष धार्मिक महत्व रखती हैं। इसके बाद मंत्रों और जयकारों के बीच गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा शुरू की।

मंदिर के सेवक पवन कौशिक ने बताया कि राष्ट्रपति मार्ग में श्रद्धालुओं को देखकर मुस्कुराती और हाथ हिलाती नजर आईं। उन्होंने पहले लगभग 200 मीटर पैदल चलकर शेष परिक्रमा गोल्फ कार्ट में पूरी की। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राज्य सरकार के मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और संदीप सिंह उनके साथ रहे। राष्ट्रपति ने गोवर्धन में बरगद का पौधा भी लगाया और परिक्रमा मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे बच्चों से बातचीत की। छात्रों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प होली और मयूर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसकी राष्ट्रपति ने सराहना की। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद, मुर्मू दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। राष्ट्रपति का उत्तर प्रदेश दौरा गुरुवार 19 मार्च को अयोध्या से शुरू हुआ था।

### लविवि छात्रा के शोध में दिखी बचाव की उम्मीद, कैंसर कोशिकाओं पर किया गया प्रयोग रहा बेहद सफल

# धतूरे की पत्तियों से रुकेगी ट्यूमर की ग्रोथ

**मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ**

**अमृत विचार:** आयुर्वेद में कहा गया है कि नास्ति मूलं अनौषधं अथार्त कोई वनस्पति नहीं जिसकी औषधि न बनती हो। भगवान शिव को प्रिय धतूरा का पौधा भी ऐसे ही चमत्कारिक गुणों से भरा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणिविज्ञान की छात्रा डॉ. प्रियंका अग्रवाल के शोध में इस पौधों को लेकर चौंकाने वाले परिणाम सामने आए हैं। शोध के अनुसार धतूरे की पत्तियों से बनाए गए एसेंशियल ऑयल में कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने की अदभुत क्षमता है। धतूरे की पत्तियों में फाइटोल नामक कंपाउंड पाया जाता है जो एंटी ऑक्सीडेंट होने के साथ ही एंटी कैंसर गुणों से भरपूर होता है जो ट्यूमर की ग्रोथ रोकने में सक्षम है।


धतूरा का पौधा। अमृत विचार

डॉ. प्रियंका अग्रवाल को उनके शोध के लिए पीएचडी अवार्ड हुई है। वह बताती है कि क्लीवेंजर्स उपकरण की मदद से उन्होंने धतूरे की पत्तियों के तेल में 36 प्रतिशत 'फाइटोल' कंपाउंड पाया। फाइटोल प्राकृतिक रूप ट्यूमर की ग्रोथ रोकने में सक्षम है। वायु प्रदूषण और धूम्रपान के कारण फेफड़े के कैंसर का पता अक्सर एडवांस स्टेज पर चलता है, जिससे इसके उपचार में दिक्कतें आती हैं। धतूरे पर आधारित यह हर्बल उपचार एक सस्ता और और बिना साइड इफेक्ट वाला सुरक्षित विकल्प साबित हो सकता है।

**पूणे से मंगाई गई कैंसर कोशिका :** क्लीवेंजर्स उपकरण की मदद से धतूरे की पत्तियों में 0.01 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल पाया गया। इस तेल में 36 प्रतिशत 'फाइटोल' कंपाउंड पाया गया। शोध के दौरान 'ए-549' कैंसर सेल लाइन को पुणे के नेशनल सेंटर फॉर सेल साइंसेज से मंगाया गया। जिसपर धतूरे के तेल का परीक्षण किया गया तो परिणाम बेहद सकारात्मक मिले।

**प्रतिवर्ष फेफड़े के कैंसर से 10 लाख मौत:** भारत में हर साल फेफड़े के कैंसर के 12 से 18 लाख मामले आते हैं। जबकि उनमें से 25 से 35 प्रतिशत लोग का जीवन ही बच पाता है। देश में प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

हमारे शोध में यह बात सामने आई कि डोज का सही होना जरूरी है। अधिक मात्रा में उपयोग नुकसानदायक होगा। धतूरे का उपयोग बिना विशेषज्ञ की सलाह के खतरनाक हो सकता है। यदि निर्धारित मात्रा (डोज) से अधिक तेल दिया जाए, तो शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है।
-डॉ. प्रियंका अग्रवाल
लखनऊ विश्वविद्यालय



### कैंसर कोशिकाएं 71 प्रतिशत हुई खत्म

- डॉ. प्रियंका अग्रवाल के शोध के दौरान 35 से 55 माइक्रोग्राम प्रति एमएल की निर्धारित डोज देने पर 24 घंटे के भीतर 71 प्रतिशत कैंसर कोशिकाएं मर गईं। इस शोध की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह तेल केवल कैंसर कोशिकाओं पर हमला करता है, शरीर की सामान्य कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट खेलते समय यूपीसीए अंपायर की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना रोजा क्षेत्र के आदर्शनगर कॉलोनी निवासी यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के अंपायर सोनल चंद्रा की क्रिकेट खेलते समय मौत हो गई। शनिवार दोपहर करीब दो बजे वह दोस्तों के साथ ओसीएफ ग्राउंड पर क्रिकेट खेलने गए थे और बैटिंग के दौरान घबराहट और उलझन होने लगी, जिसके बाद वह पिच से हटकर गिर पड़े। साथियों ने उन्हें ग्राउंड की सीढ़ियों पर लिटाया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर पहले ओसीएफ अस्पताल और फिर निजी अस्पताल ले जाया गया। परिजन उन्हें बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। सोनल तीन साल पहले यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के पैनल में अंपायर बने थे और वह अपना ड्रोन वीडियो भी बनवाते थे। घटना से पहले भी उनका वीडियो बन रहा था। उनकी मां सुनीता चंद्रा शिक्षिका रह चुकी हैं और पिता महेश चंद्रा सीमा सुरक्षा बल में तैनात थे, जो 30 साल पहले शहीद हो गए थे। वह परिवार के इकलौते पुत्र थे।

### चचेरे भाइयों की सड़क हादसे में मौत

**सहारनपुर, एजेंसी :** जिले के गंगोह थाना क्षेत्र में ईद की खरीदारी करने जा रहे दो नाबालिग चचेरे भाइयों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार को उस समय हुआ जब दोनों बाइक से बाजार जा रहे थे। गंगोह थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सांगाठेड़ा निवासी शाकिब (15) और साबिर (16) ईद की खरीदारी के लिए निकले थे। जब वे सांगाठेड़ा-महंगी मार्ग पर पहुंचे, तभी उनकी मोटरसाइकिल की सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सूचना मिलते ही गंगोह थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इलाज के दौरान शाकिब की मौत हो गई। साबिर ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

### बारहवीं मंजिल से गिरकर तीन साल के बच्चे की मौत

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी :** गौतमबुद्धनगर जिला परिक्षेत्र के ग्रेटर नोएडा पश्चिम में शनिवार को गौर सिटी एक की सातवें एवेन्यू सोसाइटी में बारहवीं मंजिल से गिरने के कारण तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि बच्चा फ्लैट की बारहवीं मंजिल की बालकनी में खेल रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। वाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिसरख थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

# निगम ने यूपीआई से टैक्स वसूली में तोड़ा रिकॉर्ड

### डिजिटल इंडिया: बरेली नगर निगम के खजाने में मौजूदा वित्तीय वर्ष में बरसे 100 करोड़

**महिपाल गंगवार, बरेली**

- **77 हजार करदाताओं ने जमा किया हाउस टैक्स, आरटीजीएस और एनईएफटी से भी हुई करोड़ों की आय**
- **अफसर बोले-नकद भुगतान पर भारी पड़ा डिजिटल ट्रांजैक्शन 37 हजार ने मोबाइल फोन से चुकाया टैक्स**

**अमृत विचार :** यूपी के स्मार्ट शहरों में शुमार बरेलीवासियों ने इस बार नगर निगम के खजाने को भरने में न केवल तत्परता दिखाई है, बल्कि डिजिटल इंडिया के सपने को धरातल पर उतारने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 20 मार्च तक वसूली का आंकड़ा 100.40 करोड़ के पार पहुंच गया है।

विभाग से मिले आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाला और सुखद पहलू डिजिटल भुगतान के प्रति जनता का बढ़ता रुझान है। बरेली नगर निगम के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब डिजिटल माध्यमों से कर जमा करने वालों की संख्या पारंपरिक नकद भुगतान करने वालों से कहीं अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, कुल 77,309 करदाताओं में से रिकॉर्ड 37,362 लोगों ने यूपीआई के माध्यम से अपना हाउस टैक्स जमा किया है। इसके अलावा 2,926 लोगों ने क्यूआर कोड स्कैन करके और 1,526 लोगों ने नेट बैंकिंग का उपयोग किया है। कार्ड और चेक के माध्यम से भी हजारों की संख्या में भुगतान प्राप्त हुए हैं।

इधर, संपत्तिकर विभाग की इस सफलता के पीछे कर निर्धारण के दायरे में आए भवनों की संख्या में हुई भारी बढ़ोतरी भी एक प्रमुख कारण है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर के दायरे में आने वाले भवनों की संख्या 52,072 दर्ज की गई थी, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 77,309 तक पहुंच गई है। यानि लगभग 25 हजार से अधिक नए भवनों को टैक्स के जाल में शामिल किया गया है। विभाग की ओर से चलाए गए डोर-टू-डोर सर्वे और जीआईएस मैपिंग के प्रभावी क्रियान्वयन से उन संपत्तियों की पहचान की गई जो अब तक निगम के रिकॉर्ड से बाहर थीं। इन नए भवनों से प्राप्त होने वाले राजस्व ने निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूती दी है।

**नकद से लेकर एनईएफटी तक, हर माध्यम से झोली में बरसा पैसा**

राजस्व के विभिन्न स्रोतों की बात करें तो 20 मार्च तक शुद्ध कर मद में 71.26 करोड़ की आय हुई है, जबकि करेत्तर (नॉन-टैक्स) मद में 29.14 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। हालांकि डिजिटल माध्यमों का बोलबाला है, लेकिन पारंपरिक नकद भुगतान का भी अपना महत्व बना हुआ है। 24,829 लोगों ने काउंटर पर जाकर नकद राशि के रूप में लगभग 18.92 करोड़ रुपये जमा किए हैं। बड़े संस्थानों और फैक्ट्रियों ने आरटीजीएस और एनईएफटी का सहारा लिया। आरटीजीएस के माध्यम से 4.62 करोड़ और एनईएफटी के जरिए 3.63 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि निगम ने छोटे घरेलू करदाताओं से लेकर बड़े औद्योगिक घरानों तक अपनी पहुंच और वसूली तंत्र को सुव्यवस्थित किया है।

**आंकड़े एक नजर में**

कुल करदाता (2026) : 77,309
यूपीआई से भुगतान : 37,362 लोग (सबसे लोकप्रिय माध्यम)
नकद भुगतान : 24,829 लोग
कुल वसूली (20 मार्च तक) : 100.40, करोड़ रुपये

**नगर निगम की आय में लगातार हो रही वृद्धि**

पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो निगम की आय में निरंतर उछाल देखने को मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल वसूली जहां 80.45 करोड़ थी, वहीं 2024-25 में बढ़कर 109.70 करोड़ हो गई थी। इस वर्ष भी 20 मार्च तक ही 100 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार करना विभाग की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि अभी वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक वसूली ग्राफ और ऊपर जाने की उम्मीद है।

नगर निगम के राजस्व में हुई रिकॉर्ड वृद्धि शहर के विकास के प्रति नागरिकों की जागरूकता को दर्शाती है। 20 मार्च तक 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना एक बड़ी उपलब्धि है। डिजिटल भुगतान, विशेषकर यूपीआई के प्रति करदाताओं का उत्साह सराहनीय है। इस राजस्व का उपयोग शहर की सड़क, सफाई और प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने में किया जाएगा। **-संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

करदाताओं की सुविधा के लिए हमने ऑनलाइन और डिजिटल भुगतान के विभिन्न विकल्प दिए थे, जिन्हें जनता ने हाथों-हाथ लिया है। 31 मार्च तक हमारा लक्ष्य पिछला रिकॉर्ड तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित करना है, जो भविष्य की विकास योजनाओं के लिए बड़ा वित्तीय आधार बनेगा। बकायेदारों से अपील है कि वे समय सीमा के भीतर अपना कर जमा करें। **-पीके द्विवेदी,** मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

# गर्मी में फाल्ट और लो-वोल्टेज की समस्या नहीं होगी बर्दाश्त

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक में बोले सांसद छत्रपाल गंगवार**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी की आहट के साथ ही बरेली की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शासन और प्रशासन सक्रिय हो गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के निर्देशों पर शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के बीच समन्वय बैठक हुई। बैठक का मुख्य केंद्र आगामी ग्रीष्म ऋतु में उपभोक्ताओं को अघोषित बिजली कटौती से निजात दिलाना रहा।

बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार ने जोर देकर कहा कि गर्मी के मौसम में फाल्ट और लो-वोल्टेज की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने 'लेफ्ट आउट हाउस होल्ड' योजना के तहत छूटे हुए घरों तक जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने और जर्जर लाइनों के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने विभाग की सक्रियता को सराहा, लेकिन भविष्य की चुनौतियों के लिए सतर्क रहने की सलाह दी। मुख्य अभियंता ने आश्वस्त किया कि विभाग के सभी अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी फील्ड में रहकर शिकायतों की निगरानी करेंगे।

एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने कहा कि विकास कार्यों की प्रगति के साथ-साथ उपभोक्ता संतुष्टि प्राथमिकता होनी चाहिए। मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा और डॉ. एमपी आर्या ने सुझाव दिया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल-फ्री नंबर और स्थानीय स्तर पर रिस्पांस टाइम को न्यूनतम किया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता सहित जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें ग्रीष्मकालीन तैयारियों को समय से पूरा करने की अंतिम समय-सीमा दी गई।

# ठेकेदारी के नाम पर निवेश पड़ा महंगा, 39 लाख हड़पे

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **पार्टनरशिप के नाम पर ऐंठे रुपये एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** इज्जतनगर क्षेत्र में खुद को रक्षा विभाग का ठेकेदार बताने वाले शातिर ने अपनी फर्म में पार्टनरशिप और मुनाफे का लालच देकर युवक को 39 लाख रुपये की चपत लगा दी। थाने में सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नैनीताल रोड निवासी गिरीश बाबू के मुताबिक सुरेश शर्मा नगर निवासी गौरव अग्रवाल ने खुद को 'तेजस ट्रेडर्स' का मालिक और बड़ा ठेकेदार बताकर उनसे संपर्क किया था। गौरव ने उन्हें विश्वास दिलाने के लिए अपनी साइट्स दिखाईं। फरवरी 2025 को आरोपी ने बरेली कैंट में एक बड़े टेंडर की सप्लाई के नाम पर रुपयों की कमी बताई और झांसा दिया कि यदि वह 30 लाख रुपये का निवेश करते हैं तो उन्हें फर्म में 25 प्रतिशत का लाभांश और पार्टनरशिप दी जाएगी। उसके मुताबिक आरोपी के जाल में फंसकर 10 मार्च 2025 को आरटीजीएस के जरिए 30 लाख रुपये गौरव की फर्म के खाते में ट्रांसफर कर दिए।

आरोपी ने अधिकारियों से मिलने और काम आगे बढ़ाने के नाम पर किस्तों में नौ लाख रुपये नकद भी ऐंठ लिए। आरोप है कि जब गौरव से पार्टनरशिप के कागजात मांगे तो वह टालमटोल करने लगा। जब रकम वापस मांगी तो वह मुकर गया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी गौरव ने अपना पुराना आवास भी बदल लिया और उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया।

# ज्वेलरी- नगदी लूट का आरोपी गिरफ्तार

**टांडा, अमृत विचार:** शुक्रवार को थाना भोजपुर के ऋतिक यादव ने दी तहरीर में बताया था कि वह टांडा क्षेत्र के गांव सेढ़ू का मझरा में दो दोस्तों के साथ यासीन मिस्त्री को पैसे देने आया था। जब वह गांव पहुंचे तो उसने आरोपी फईम से मिस्त्री का पता पूछा, आरोप है कि फईम ने धोखा देकर तीनों को कमरे में बंद कर लिया। फईम के साथ भूरी, सानिया, अकरम और एक अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित और उसके दो साथियों से एक सोने की चेन, कान की दुरिया और 25,000 रुपये छीन लिए, पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक अज्ञात समेत पांच लोगों पर मामला दर्ज कर लिया, इसी क्रम में शनिवार को टांडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इस मामले के फरार युवक को रामपुर रोड पर बिजली घर के पास से पकड़ लिया, तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक चेन, कान की दुरिया और 25,000 रुपये बरामद किए हैं। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मंत्री की फटकार, युवाओं के उद्यमी बनने में बैंक बन रहे रोड़ा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **सचान बोले, सरकार ले रही सब्सिडी और ब्याज की गारंटी फिर बैंकों को क्यों समस्या**
- **बैंक कार्यप्रणाली सुधारें, अन्यथा सरकारी योजनाओं के पोर्टल से हटाया जाएगा नाम**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' पर जबरदस्त तरीके से फोकस है, लेकिन बैंकर्स इस महत्वाकांक्षी योजना को बट्टा लगा रहे हैं। अर्बन हाट में आगरा, अलीगढ़ और बरेली मंडल की समीक्षा बैठक के दौरान एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बैंक अधिकारियों के ढुलमुल रवैये को लेकर तल्ख शब्दों में बैंकर्स से सवाल किया कि जब योजना की 100 प्रतिशत गारंटी और ब्याज सरकार दे रही है तो फिर युवाओं को चक्कर क्यों लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि बैंक अपनी कार्यप्रणाली नहीं सुधारते हैं तो उनका नाम सरकारी योजनाओं के पोर्टल से हटवा दिया जाएगा।

अर्बन हाट में शनिवार को बैठक में जब आंकड़े सामने आए तो मंत्री सचान का पारा चढ़ गया। समीक्षा में पाया गया कि प्राइवेट बैंकों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत आए 90 प्रतिशत आवेदनों को बिना किसी ठोस कारण के निरस्त कर दिया है। सरकारी बैंकों की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 60 प्रतिशत फॉर्म खारिज किए जा चुके हैं। मंत्री ने सख्त लहजे में कहा प्राइवेट बैंक बड़े लोन फौरन दे देते हैं, लेकिन जब पांच लाख के छोटे लोन की बात आती है, जिससे गरीब युवा का घर चलना है तो वे हाथ पीछे खींच लेते हैं। सरकार इसे बेहद गंभीरता से ले रही है। सचान ने विधानसभा के सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि केवल जनता ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के करीब दो दर्जन विधायकों ने सदन में बैंकर्स की मनमानी का मुद्दा उठाया है। नेता प्रतिपक्ष ने भी कहा है कि योजना बेहतरीन है, लेकिन बैंक वाले पैसा नहीं दे रहे। उन्होंने साफ कहा कि युवाओं की अपेक्षाएं सरकार से हैं और बैंक उन्हें निराश कर रहे हैं।

**मंत्री ने दिया घड़ी डिटर्जेंट का उदाहरण**

सचान ने बैंकर्स को प्रेरित करने के लिए कानपुर के 'घड़ी डिटर्जेंट' का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे 80 के दशक में खादी ग्रामोद्योग से छोटा सा लोन लेकर एक व्यक्ति आज उत्तर प्रदेश का नंबर उद्यमी बन गया। उन्होंने कहा, अगर आप आज किसी को पांच लाख देंगे, तो कल वह बड़ा होकर औरों को रोजगार देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। अगर लक्ष्य 1.5 लाख का है और बैंक 3 लाख लोगों को लोन दे दें, तो भी सरकार सब्सिडी और ब्याज देने में सक्षम है।

**बैंकों को अल्टीमेटम**

मंत्री ने बैंकर्स को कहा कि 25 मार्च के बाद कुछ नहीं हो पाएगा। 25 को पूरे प्रदेश में मेगा ऋण कैंप (लोन कैंप) लगाए जाएंगे। उन्होंने बैंकर्स से भावुक अपील भी की कि आज नवरात्रि और ईद का दिन है, आप लोग छुट्टी के बावजूद आए हैं, लेकिन मार्च क्लोजिंग का महीना है। अपने दिल और दिमाग से उन लाभार्थियों को लाभ दें जिन्होंने आवेदन किया है। बरेली मंडल में अभी भी 5000 लोन का गैप है, जिसे हर हाल में इसी हफ्ते पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अधिकारियों की फटकार**

मंत्री ने जिला उद्योग अधिकारियों को भी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन केवल इसलिए रिजेक्ट हो जाते हैं क्योंकि कागजों में छोटी-मोटी कमी होती है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे युवाओं का सही मार्गदर्शन करें और कमियां खुद पूरी करवाकर बैंकों को दोबारा फाइल भेजें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब पोर्टल पर रिजेक्ट करने का विकल्प ही खत्म करने की दिशा में विचार हो रहा है ताकि बैंकर्स को मजबूरी में लोन डिस्बर्स करना ही पड़े।

## राजनीति

### विधानसभा का हाल, छह में सिर्फ दो सीटों पर भाजपा, बाकी चार पर सपा के विधायक

# अनगिनत उपलब्धियां, फिर भी सभी सीटें जीतने का अरमान अधूरा

**विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद**

- **लोकसभा चुनाव में भी भाजपा नहीं खिला पाई थी कमल**

**अमृत विचार:** प्रदेश में भाजपा सरकार के बुधवार 18 मार्च को नौ साल पूरे हो गए। राजधानी से लेकर जिला मुख्यालय तक डबल इंजन की सरकार के नौ साल बेमिसाल, नव निर्माण के नौ साल उपलब्धियों का गुणगान सरीखे कार्यक्रम हुए। इसके बावजूद भाजपाइयों में एक टीस जरूर है। वह यह कि उनका जिले में विधानसभा की सभी छह सीटें और लोकसभा सीट जीतने का अरमान अब तक अधूरा है।

वर्तमान में जिले के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें तो केवल दो सीटें मुरादाबाद नगर और कुंदरकी (उप चुनाव में जीत) में ही कमल खिला। शेष चार विधानसभाओं में सपा के विधायक हैं। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर भी सपा का कब्जा है। ऐसे में डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी जिले और मंडल में पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सफलता न मिल पाने की टीस पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में कहीं न कहीं है, यह गाहे बगाहे झलक भी जाता है। यह सवाल उस समय भी और भी प्रासंगिक है जब 18 मार्च को प्रदेश सरकार के नौ साल के कार्यकाल पूरे होने पर योजनाओं, परियोजनाओं के माध्यम से 18 उपलब्धियां गिनाई जा रही हैं, केंद्र से लेकर प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का पारदर्शिता के साथ जिले की जनता को भी लाभ मिल रहा है। सरकार के कार्यकाल को अब एक साल बचा है। विधानसभा चुनाव अगले साल प्रस्तावित है इसलिए अब भाजपा को सभी छह सीटों पर जीत के लिए पूरा जोर लगाने की जरूरत है। उन सभी वजहों और समीकरणों की नये सिरे से समीक्षा कर पूरी ताकत और एकजुटता के साथ 2027 के विधानसभा की चुनावी रणभूमि में उतरने पर ही वह जिले में विरोधियों खासकर सपा के विजय रथ को रोकने में सौ फीसदी कामयाब हो सकेगी। क्योंकि विधानसभा की कई सीटों और लोकसभा की सीट पर हार की वजह केवल डेमोग्राफिकल (जनसांख्यिकीय) नहीं हो सकती है, भाजपा के रणनीतिकारों को इसके असल अन्य कारकों को भी समय रहते ढूंढना होगा, जिससे जिले में सपा की राजनीति को संजीवनी मिलती है।

**विधानसभा सीटें और उन पर निर्वाचित विधायक**

- मुरादाबाद नगर भाजपा रितेश गुप्ता
- मुरादाबाद ग्रामीण सपा नासिर कुरैशी
- कुंदरकी भाजपा रामवीर सिंह (उपचुनाव में जीते)
- बिलारी सपा मोहम्मद फहीम इरफान
- ठाकुरद्वारा सपा नवाब जान खां
- कांठ सपा कमाल अख्तर
- मुरादाबाद लोकसभा सीट- सपा- कुंवरानी रुचि वीरा

**जिले में प्रदेश सरकार द्वारा कराए गए महत्वपूर्ण विकास कार्य**

- विश्वविद्यालय- 169.58 करोड़ रुपये की लागत से गुरु जम्भेश्वर राज्य विवि का निर्माण
- मुरादाबाद एयरपोर्ट : जिले की देश व प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से एयर कनेक्टिविटी के लिए भदासना में एयरपोर्ट का निर्माण, जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री ने 10 मार्च 2024 को किया
- अटल आवासीय विद्यालय : : पीपली बिलारी में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों, कोरोना काल में निराश्रि बच्चों और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लिए पात्रों के लिए कक्षा 6 से 12 तक मंडलीय अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण पिछले साल 6 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया
- संविधान साहित्य पार्क और हनुमान वाटिका- बुद्धि विहार में 16 करोड़ रुपये की लागत से संविधान साहित्य पार्क का निर्माण। यहीं पर 6 करोड़ रुपये की लागत से हनुमान वाटिका का निर्माण। इन दोनों का लोकार्पण 6 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री ने किया था।
- ड्राई पोर्ट/कार्गो टर्मिनल : शराफ ग्रुप ने प्रदेश में लाजिस्टिक सुविधाओं के लिए राज्य सरकार के साथ 1250 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए। पहले चरण में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से दो लाजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का विकास। इससे लगभग 400 को रोजगार मिलेगा।
- वार मेमोरियल : बुद्धि विहार में 31 करोड़ रुपये से वार मेमोरियल (त्रिशूल रक्षा संग्रहालय) निर्माणाधीनइसके अलावा भी विकास की अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं को लागू किया गया है।

# त्योहारों पर भी गैस के लिए परेशान रहे उपभोक्ता

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- **केवाईसी तो कभी नहीं आ रहा ओटीपी**

**अमृत विचार:** त्योहारों पर भी गैस के लिए उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। गैस एजेंसी संचालक कभी कहते हैं कि केवाईसी नहीं हुई है और कभी कहते हैं कि गैस बुक कराने के बाद ओटीपी नहीं आया है। लोगों को 15-15 दिन बाद गैस मिल रही है। गैस के लिए लोगों को लाइन लगाना पड़ रही है।

ईरान, अमेरिका और इजराइल की जंग के बाद से गैस की किल्लत शुरू हो गई है। डूंगरपुर निवासी ई रिक्शा चालक मोहम्मद अहसान ने बताया कि उन्हें 15 दिन बाद गैस का सिलेंडर मिला है। रजी अहमद ने बताया कि ईद पर गैस न होने से काफी परेशानी हुई। चूल्हे पर ईद के पकवान बनाए गए। गैस के चूल्हों पर खाना बनाते-बनाते बच्चों को अब चूल्हे पर खाना बनाने की आदत छूट गई है। सुबह से गैस एजेंसी पर पहुंचकर गैस दिए जाने की मांग करते हैं। बताते हैं कि गैस एजेंसी संचालक ऊपर से ओटीपी नंबर नहीं आने की बात कहकर टाल रहे हैं। होटल और रेस्टोरेंट स्वामियों ने कोयले और लकड़ी की भट्टियों पर रोटी और सब्जियां बनाना शुरू कर दिया है। होटल संचालक मुकेश अग्रवाल बताते हैं कि 5 किलो का सिलेंडर दिया जा रहा है जबकि, पूरे दिन में औसतन 15 किलो गैस खर्च होती है। बताया कि ईद पर होटल वालों को भी काफी परेशानी हुई उन्हें 5 किलो वाला कामर्शियल सिलेंडर नहीं मिला।



बड़े बड़ाई ना करैं, बड़ो न बोलैं बोल।
रहिमन हीरा कब कहै, लाख टका मेरो मोल॥

रहीम कहते हैं कि जिन लोगों में बड़प्पन होता है, वो अपनी बड़ाई कभी नहीं करते। जिस तरह से हीरा कितना भी अमूल्य क्यों न हो, लेकिन कभी अपने मुंह से अपना मोल नहीं बताता।



# प्रकृति की शक्तियों को आदर देने की प्राचीन परंपरा

सत्य प्रत्येक परिस्थिति में उपयोगी होता है, लेकिन जीवन संघर्ष में सत्य के साथ शक्ति भी चाहिए। श्रीराम और रावण के बीच हुआ युद्ध काफी लंबा चला था, लेकिन प्रारंभिक चरण में श्रीराम की विजय सुनिश्चित नहीं थी। इसको लेकर काफी चिंता थी। प्रख्यात कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने 'राम की शक्ति पूजा' में युद्ध का भावुक वर्णन किया है। एक सायं सभी योद्धा शिविर में लौटे। निराला जी लिखते हैं, "आए तब शिविर, सुग्रीव, विभीषण जामवंत, अंगद/हनुमान बैठे रघुकुल मणि श्वेत शिला पर।" निराला जी ने श्रीराम के संशय का उल्लेख किया है,"बोले रघुमन विजय न होगी न समर ये नहीं रहा नर वानर का राक्षस से रण। उतरी पा महाशक्ति रावण से आमंत्रण।" श्रीराम बेचैन हैं। अन्याय जिधर है उधर शक्ति। श्रीराम को आश्चर्य था कि महाशक्ति रावण के पक्ष में क्यों हैं? जामवंत ने कहा, "रघुवर विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण। हे पुरुष सिंह तुम भी यह शक्ति करो धारण। आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर। शक्ति की करो मौलिक कल्पना। करो पूजन।"

रावण ने अपने तप बल से तमाम शक्तियां अर्जित की थीं। शक्ति उपासना का उत्तर शक्ति उपासना में ही संभव है। राम ने भी शक्ति पूजा का आश्रय लिया। राम आसन जमाकर बैठे। आठवें दिन ध्यान ऊर्ध्व शिखर पर पहुंचा। वे प्रत्येक पुरश्चरण के बाद देवी के चरणों में नीलकमल चढ़ाते थे। अंतिम आराधन में श्रीराम ने जैसे ही नीलकमल के लिए अपना हाथ बढ़ाया, नीलकमल गायब था। श्रीराम चिंतित हो गए। हमारा लाया हुआ नीलकमल कहां गया। उन्होंने तत्काल विकल्प बनाया। माताजी मुझको राजीव नयन कहती थीं। मैं वहीं अपने नयन अर्पित करूंगा। निराला जी कहते हैं ब्रह्मांड कांपा। देवी का उदय हुआ। देवी ने राम का हाथ पकड़ा, "देखा राम ने सामने श्री दुर्गा भास्वर।" निराला ने लिखा है,"होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन कहे महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन।"

शक्ति का अर्जन, उपासन पुरश्चरण और जागरण लोक को प्रकाश और आनंद से भर देता है। दुर्गा सप्तशती देवी उपासना के पांचवें अध्याय में देवी को प्रत्येक रूप और भाव में भरा पूरा बताया गया है।

> देवी माता हैं। माता जननी होती हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के कोने-कोने देवी उपासना के प्रतिष्ठित मंदिर हैं। असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर है। कोलकाता में काली जी का और मध्य प्रदेश के दतिया में पीतांबरा का मंदिर है। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में विंध्यवासिनी, टनकपुर, उत्तराखंड में पूर्णागिरी का मंदिर है। ढाका, बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मां का मंदिर है। बलूचिस्तान, पाकिस्तान में हिंगलाज माता का मंदिर है। इन मंदिरों में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या दर्शनार्थ जाती है। देवी उपासना की शुरुआत का आदि केंद्र भारत है। प्रकृति की शक्तियों को माता देखने और आदर देने की परंपरा प्राचीन है। ऋ ग्वेद में पृथ्वी माता हैं। गाय माता हैं। अवध्य और पूज्य हैं। सरस्वती माता हैं। वन की एक देवी अरण्यानी भी हैं। यजुर्वेद में लक्ष्मी, अंबिका आदि देवियां हैं। वैदिक ग्रंथों में जल भी माता के रूप में उपास्य हैं।

यहां देवी लज्जा हैं। विद्या हैं। माता हैं। कण-कण में व्याप्त हैं। 11 वें अध्याय के अंतिम श्लोक में देवी सबको आश्वासन देती हैं कि जब-जब बाधाएं आएंगी। दानवी शक्तियां कष्ट देंगी। तब-तब मैं प्रकट होऊंगी और दानवी शक्तियों का नाश करूंगी। यहां गीता की ध्वनि है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि "जब-जब धर्म का पराभव होगा, तब-तब सज्जनों की रक्षा और धर्म के अभ्युदय के लिए मैं आऊंगा।"



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

देवी माता हैं। माता जननी होती हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के कोने-कोने देवी उपासना के प्रतिष्ठित मंदिर हैं। असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर है। कोलकाता में काली जी का और मध्य प्रदेश के दतिया में पीतांबरा का मंदिर है। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में विंध्यवासिनी, टनकपुर, उत्तराखंड में पूर्णागिरी का मंदिर है। ढाका, बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मां का मंदिर है। बलूचिस्तान, पाकिस्तान में हिंगलाज माता का मंदिर है। इन मंदिरों में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या दर्शनार्थ जाती है। देवी उपासना की शुरुआत का आदि केंद्र भारत है। प्रकृति की शक्तियों को माता देखने और आदर देने की परंपरा प्राचीन है। ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं। गाय माता हैं। अवध्य और पूज्य हैं। सरस्वती माता हैं। वन की एक देवी अरण्यानी भी हैं। यजुर्वेद में लक्ष्मी, अंबिका आदि देवियां हैं। वैदिक ग्रंथों में जल भी माता के रूप में उपास्य हैं। ईसा पूर्व (छठी शताब्दी) यूनानी दार्शनिक थेल्स ने सृष्टि का उद्भव जल से बताया। इसके पहले ऋग्वेद में जल को जल माताएं 'आपः मातरम्' कहा गया है। इडा, सरस्वती और मही नाम की तीन देवियों का उल्लेख ऋग्वेद (5.5.8) में है। यहां रात्रि भी मां है। ऋ ग्वेद (10.127) में रात्रि भी उपास्य देवी हैं। कहते हैं, "रात्रि मां के आंचल में पैरों से चलने वाले, पंखों से उड़ने वाले कीट पतिंग और पथिक सुखपूर्वक सोते हैं।" अथर्ववेद में रात्रि देवी को संवत्सर की प्रतिमा कहा गया है। भारतीय देवतंत्र में देवी माँ की अनुभूति गहरी है।

ऋग्वेद में वाणी देवी हैं। वे कहती हैं, "मैं रूद्र, वसु, आदित्य और विश्व देवों के रूप में विचरण करती हूं। मैं मित्र वरुण इंद्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं। मैं सृष्टि के सभी प्रपंचों रूपों भावों में स्थित हूं। मेरी सहायता से ही प्राणी अन्न खाते हैं। देखते हैं। सांस लेते हैं। सुनते हैं। मैं जिसे चाहती हूं, उसे शक्तिशाली स्तोता, ऋषि और बुद्धिमान बनती हूं। मेरा निवास जल में है। वहीं से मैं सारे संसार में विस्तृत होती हूं।" सही बात है। जल सृष्टि का आदि तत्व है। दिव्यता का आदिकेन्द्र है। देवी वहीं हैं। वे अव्यक्त से व्यक्त होकर सृष्टि बनती हैं और बनाती हैं। ऋग्वेद का यही पूरा सूक्त अथर्ववेद में भी है। अथर्ववेद में अमावस्या और पूर्णिमा भी देवी हैं।

देवी दिव्यता हैं। दिव्यता अनंत रूपों आयामों में प्रकट होती है। दिव्यता के रूप नाम अनेक हैं। कहीं दुर्गा हैं, तो कहीं वाराही। खड्गधारिणी, शूलधारिणी और वैष्णवी। शाश्वत सत्य एक है। उसका कथन और आस्वश्ति एक है। हड़प्पा की खोदाई में देवी पूजा के तमाम साक्ष्य मिले थे। पत्थर की मोहरों पर देवी का अंकन अनुमानित किया गया। मौर्य काल के पुरातात्विक साक्ष्यों में देवी अभयदान की मुद्रा में हैं। महाभारत के भीष्म पर्व में अर्जुन की दुर्गा स्तुति का उल्लेख है। विराट पर्व में युधिष्ठिर भी देवी की पूजा करते हैं।

दुर्गा सप्तशती सर्वाधिक लोकप्रिय है। नवरात्र उत्सवों में इसका पाठ होता है। इसकी कथा मजेदार है। यहां एक राजा हैं सुरथ। वे मेधा ऋषि के आश्रम में पहुंचे। समाधि नाम का वैश्य है। उसने परिश्रमपूर्वक धन जुटाया था। घर वालों ने उसे घर से निकाल दिया। वह भी ऋषि आश्रम पहुंचा। सुरथ नाम में रथ गति का प्रतीक है और सु सुंदरता का, लेकिन सुरथ सुगति नहीं पा सके। समाधि का अर्थ मन से मुक्ति होता है, लेकिन यहां समाधि नाम के वैश्य धन की चिंता में पीड़ित और परेशान हैं। मेधा ऋषि हैं। मेधा ऋषि ही बनाती है। मेघा दोनों को देवी रहस्य बताते हैं। ऋषि के प्रबोधन से सुरथ सुरथी बनते हैं और समाधि नाम के वैश्य समाधि का वास्तविक अर्थ जान जाते हैं। सप्तशती के पाठ की परंपरा है। पाठ अध्ययन नहीं होता। अध्ययन में बुद्धि साझी होती है। सोच विचार भी चलता है, लेकिन पाठ में हृदय लगता है। तब शब्द अपना मूल अर्थ खो देते हैं। शब्दों के गर्भ में छिपी अक्षर शक्ति प्रकट होती है। यही बात देवी मंदिरों के दर्शन में भी है। देव प्रतीति प्राचीन परंपरा है। इस अनुभूति को दुर्गा, लक्ष्मी, वाराही, काली सहित कोई नाम दीजिए। नाम से फर्क नहीं पड़ता। सर्वत्र एक ही ऊर्जा है। भीतर, बाहर। ऊपर, नीचे, आगे, पीछे।

# कांग्रेसी विधायकों के बाजार में एक विधायक ऐसा भी

अभी हाल ही हुए राज्यसभा सदस्यों के चुनाव में लगभग सभी चुनावी प्रदेशों में कांग्रेस विधायकों के खरीद फरोख्त का पर्दाफाश हुआ है। कांग्रेस ने कुछ को पार्टी से निकाला है, तो कुछ को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। ऐसे चुनावों में कांग्रेस को अपने विधायक छुपाने पड़ते हैं और अंततः दो-चार दस बिक ही जाते हैं। साफ है कि यह कांग्रेस नेतृत्व के चाहे केंद्र का हो या प्रदेश का कहीं न कहीं उसके कमजोर होने का संदेश है। हालांकि हम इसे नैतिकता, सिद्धांत और ईमानदार होने के ढोंग से भी जोड़कर आत्मसंतुष्ट हो सकते हैं। थोक के भाव कांग्रेस विधायकों के खरीद-फरोख्त के बीच कुछ साल पहले यूपी में हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस के विधायक विरेंद्र चौधरी की चर्चा होना स्वाभाविक है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। यहां राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार भी नहीं था, सपा ने पूर्व आईएएस आलोक रंजन को मैदान में उतार रखा था। आलोक रंजन के लिए यह चुनाव अंतर आत्मा की आवाज पर ही निर्भर था। चुनाव के ठीक पहले 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन हो चुका था। ऐसे में राज्यसभा चुनाव में सपा को कांग्रेस के दोनों विधायकों के वोट की दरकार थी। इन विधायकों के लिए कांग्रेस का कोई ह्विप भी नहीं था। विधायकों की खरीद-फरोख्त जोरों पर थी। करोड़ों करोड़ की बोली लग रही थी, साथ में लखनऊ में एक वेलफर्निस्ड फ्लैट भी। अब जब ऑफर इतना आकर्षक हो,तो किसका मन नहीं लपलपा जाएगा। इस पर कंट्रोल तो कोई कलेजे वाला, वाकई ईमानदार व सिद्धांतवादी विधायक ही कर सकता है।

> यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। यहां राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार भी नहीं था, सपा ने पूर्व आईएएस आलोक रंजन को मैदान में उतार रखा था। आलोक रंजन के लिए यह चुनाव अंतर आत्मा की आवाज पर ही निर्भर था।

निःसंदेह यूपी के महराजगंज जिले के फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने ऐसा कर दिखाया। बिना किसी लोभ-लालच में उन्होंने सपा के उम्मीदवार को वोट दिया। इस बात का खुलासा किसी और ने नहीं, स्वयं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने महराजगंज में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे वीरेंद्र चौधरी के प्रचार हेतु आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। विरेंद्र चौधरी अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव सिंहपुर के निवासी हैं। बेशक वे एक जमींदार परिवार के सदस्य हैं, लेकिन धन-दौलत की लालच किसको नहीं डिगा दी है। विरेंद्र चौधरी पांच चुनाव हारने के बाद पांचवी बार जीतने में कामयाब हुए हैं। हार वाली इन पांच चुनावों में अच्छे-अच्छे लोग आर्थिक रूप से टूट जाते हैं, जाहिर वीरेंद्र चौधरी के साथ भी ऐसा हुआ हो, बावजूद इसके सिर्फ एक वोट की खातिर करोड़ों रुपये का आफर ठुकरा देना विरेंद्र चौधरी की न केवल पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा का सबूत है, आज की काजल की कोठरी की राजनीति में ईमानदार और सिद्धांतवादी होने का जीता-जागता उदाहरण भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नवरात्रः आत्मबल, संयम और सकारात्मकता

सनातन संस्कृति में विभिन्न पर्वों के पीछे सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा छिपी है। वासंतिक नवरात्र के अवसर पर भी यही भाव है कि मां दुर्गा की आराधना कर उनसे शक्ति प्राप्त करने की कामना की जाए। मां दुर्गा का जब विविध रूपों में दर्शन करते हैं, तो 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' की प्रार्थना करते है। दरअसल मानव जीवन में मनुष्य पर नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव पड़ता है। इसलिए नकारात्मकता से लड़ने के लिए पूजा-पाठ, व्रत-उपवास किए जाते हैं। साथ ही धर्मग्रंथों के अध्ययन भी इस अवधि में किए जाते हैं। ज्यादातर आस्थावान लोग श्रीदुर्गासप्तशती तो बहुत से लोग रामचरितमानस का नवाह्न विधि से पाठ करते हैं। श्रीदुर्गासप्तशती की शुरुआत ही 'मधु' और 'कैटभ' नामक राक्षसों के वध से है। मधु का एक अर्थ शराब है। यानी नशा। नशा किसी प्रकार का हो वह कोलाविध्वंस है और कैटभ का अर्थ नकारात्मकता से है। यानी जब इन प्रवृत्तियों का प्रभाव जीवन पर पड़ने लगे, तो मां दुर्गा की शरण में जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भी कोई शिशु संकट में पड़ता है और उसे कष्ट या दुःख होता है, तो अपनी मां के आंचल में जाकर सुख पाता है।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

सांसारिक जगत में कब कौन सी विपत्ति आ जाएगी कहा नहीं जा सकता। श्रीदुर्गासप्तशती में ही 'सुरथ' नाम के राजा पर कोलाविध्वंस नामक के राक्षस ने आक्रमण कर पराजित कर दिया। सुरथ का अर्थ ही 'सु-रथ' यानी शरीर रूपी रथ को सुचारू रूप से संचालित करने वाला तथा कोलाविध्वंस का अर्थ कुल का विध्वंश करने से निकलता है। राजा सुरथ पर तो राक्षस ने प्रहार किया, जबकि समाधि नामक वैश्य को उसके ही परिवार ने घर से निकाल दिया।

'सुरथ' और 'समाधि' दोनों मेधा ऋ षि के आश्रम पर गए और 'मेधा' ऋषि की सेवा करने लगे। निहितार्थ यही है कि अपना मन ही जब नकारात्मक हो जाए या अपनी पंच ज्ञानेंद्रिय रूपी परिवार साथ न दे, तो मेधा-शक्ति यानी सुचिंतन और विवेक का सहारा लेना चाहिए। इसके लिए ऋषियों ने वसंत ऋतु के मादक मौसम में मां दुर्गा की शक्ति पाने के लिए नवरात्र-अनुष्ठान का रास्ता बताया है। नौ द्वार वाला शरीर स्वस्थ रहेगा तभी मेधा शक्ति भी काम आती है। वरना अस्वस्थ शरीर में मन भी कमजोर हो जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# जल की उपलब्धता और शुद्धता का संकट

भारत में जल का वितरण सर्वत्र एक समान नहीं है। कुछ क्षेत्रों में यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, तो अन्य क्षेत्रों में इसकी कमी है। आज जरूरत इस बात की है कि जल संबंधी ऐसी वितरण व्यवस्था हो ताकि जल हानि न हो और जल प्रदूषित होने से भी बच जाए। इसे बचाने की कोशिश नहीं हुई, तो मानव जीवन का संकट में पड़ना तय है। ध्यान देना होगा कि भूजल जल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसका उचित संरक्षण और उपयोग बेहद आवश्यक है। भारत के जल संसाधन पर नजर दौडाएं, तो भारत में विश्व के जल संसाधनों का 4 प्रतिशत भाग पाया जाता है। इसका लगभग एक तिहाई भाग वाष्पीकृत हो जाता है तथा 45 प्रतिशत भाग ढाल के अनुरूप बहकर तालाबों, झीलों और नदियों में चला जाता है। वर्षा से जल की जो थोड़ी-सी मात्रा यानी तकरीबन 22 प्रतिशत मृदा में प्रवेश कर भूमिगत हो जाती है, उसे भौम जल या भू-जल कहा जाता है। भारतीय उपमहाद्वीप में भूजल का व्यवहार अत्यधिक जटिल है।

> राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरूरत है। यह समझना होगा कि भूजल समस्त वनस्पतियों, पशुओं तथा मानव जीवन का आधार है। उसे प्रदूषण से बचाने के लिए व्यावहारिक पहल की आवश्यकता है।

जीईसी 1997 के दिशा-निर्देशों एवं संस्तुतियों के आधार पर देश में स्वच्छ जल के लिए भूजल संसाधनों का आकलन किया गया, जिसके मुताबिक देश में कुल वार्षिक पुनः पूर्णयोग्य भूजल संसाधनों का मान 433 घन किमी है। प्राकृतिक निस्सरण के लिए 34 बीसीएम जल स्वीकार करते हुए नेट वार्षिक भूजल उपलब्धता का मान संपूर्ण देश के लिए 399 बीसीएम है। वार्षिक भूजल का मान 231 बीसीएम है, जिसमें सिंचाई उपयोग के लिए 213 बीसीएम तथा घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल का मान 18 बीसीएम है। धरातलीय जल तथा पुनर्भरण योग्य भूमिगत जल से 1,869 घन किमी जल उपलब्ध है और इनमें से केवल 60 प्रतिशत यानी 1,121 घन किमी जल का लाभदायक उपयोग किया जाता है। भूजल पीने के पानी के अलावा पृथ्वी में नमी बनाए रखने में भी मददगार साबित होता है। पृथ्वी पर उगने वाली वनस्पति तथा फसलों का पोषण भी इसी जल से होता है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि अन्य देशों की तुलना में भारत में सालाना मीठे व स्वच्छ पानी की खपत अधिक होती है। विश्व बैंक के विगत चार साल के आंकड़ों के अनुसार घरेलू, कृषि एवं औद्योगिक उपयोग के लिए प्रतिवर्ष 761 बिलियन घन मीटर जल का इस्तेमाल होता है। विडंबना यह है कि भूजल के स्तर में लगातार गिरावट भी हो रही है।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

भौगोलिक परिदृश्य पर नजर दौड़ाएं, तो भारत के पठारी भाग भूजल की उपलब्धता के मामले में कमजोर हैं। यहां भूजल कुछ खास भूगर्भिक संरचनाओं में पाया जाता है जैसे भ्रंश घाटियों और दरारों के सहारे। वहीं दूसरी ओर उत्तरी भारत के जलोढ़ मैदान हमेशा से भूजल में संपन्न रहे हैं, लेकिन अब उत्तरी और पश्चिमी भागों में भूजल के तेजी से दोहन से अभूतपूर्व कमी देखने को मिल रही है। गिरता भूजल सिर्फ महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड या बिहार के सीतामढ़ी तक ही सीमित नहीं है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में भूजल स्तर 70 प्रतिशत तक नीचे पहुंच चुका है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान समय में भारत के 29 प्रतिशत विकास खंड भूजल के दयनीय स्तर पर हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 2030 तक लगभग 60 प्रतिशत विकास खंड चिंतनीय स्थिति में आ जाएंगे। हालांकि देश में जल संरक्षण तथा प्रबंधन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर अनेक उपाय किए गए हैं। मसलन 1945 में केंद्रीय जल आयोग का गठन किया गया, जो राज्यों के सहयोग से देश भर में जल संसाधनों के विकास, नियंत्रण, संरक्षण तथा समन्वय को आगे बढ़ाता है। 1970 में केंद्रीय भू-जल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड का मुख्य कार्य भू-जल संसाधनों के प्रबंधन, स्थायी एवं वैज्ञानिक विकास के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करना तथा राष्ट्रीय नीति की निगरानी में उन्हें वितरित करना है। घटते भूजल संसाधनों के संवर्धन के लिए समुद्र में प्रवाहित होने वाले अतिरिक्त वर्षा अपवाह का संरक्षण करे और फिर उसकी सहायता से पुनः पूर्ण द्वारा भूजल संसाधनों में वृद्धि करें। जलाशयों के जल का समय-समय पर परीक्षण करा नियमित सफाई सुनिश्चित करें। जनसाधारण में जल प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाएं। तटवर्ती भागों में समुद्री जल का निर्लवणीकरण करके जल का विभिन्न कार्यों में प्रयोग करें। राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरूरत है। यह समझना होगा कि भूजल समस्त वनस्पतियों, पशुओं तथा मानव जीवन का आधार है। उसे प्रदूषण से बचाने के लिए व्यावहारिक पहल की आवश्यकता है। सिर्फ कागजों पर योजनाओं को उकेरने मात्र से नतीजे अनुकूल नहीं होंगे। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# अनियोजित विकासः शहरों की बढ़ती बेबसी

विकास देश के एक कोने से दूसरे कोने में घूम-घूम कर इसे सजाने और स्मार्ट बनने की जिद में है, पर जहां भी यह पहुंच रहा है, उस जगह का बाजा बज रहा है। कहां से शुरू किया जाए? हर शहर-गांव की एक ही कहानी है। जहां गांव खाली हो रहे हैं, वहीं शहरों की आफत आ रही है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी


कुमाऊं का द्वारा कहलाने वाला हल्द्वानी शहर, जिसकी काठगोदाम को शामिल कर अनुमानित जनसंख्या लगभग चार लाख होने को है। यह शहर इंसानों और वाहनों के भार से दबता चला जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सुविधा की तलाश में पहाड़ के गावों से यहां पर लोगों का आना लगातार जारी है। इसे उनकी मजबूरी भी कहा जा सकता है, क्योंकि बेहतर जीवन की चाहत और तलाश का अधिकार हर किसी को है। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों से भी लोग जीवन स्तर के सुधार की चाह में और अन्य कई सुविधाओं के कारण उत्तराखंड के इस सबसे बड़े दूसरे शहर में बसना चाहते हैं। महानगर की शक्ल लेता हुआ यह शहर अन्य अनेक शहरों की ही तरह अनियंत्रित विकास की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। शहरों को नियोजित ढंग से बसाने के मास्टर प्लान हमारे नक्शे से गायब हैं। तंग गलियों नुमा सड़कें हैं, बड़े-बड़े घर हैं, बड़ी गाड़ियां भी हैं, पर अंदर पार्किंग की व्यवस्था नहीं।

ऐसे में वाहन आ जाते हैं सड़कों पर, जो आने-जाने वालों के लिए बड़ी ही मुसीबत पैदा करते हैं। 14-15 फीट की सड़क जहां पर पहले से ही सैकड़ों जीआई पाइप उलझे हुए टेढ़े-मेढ़े जंक लगी अवस्था में दफन है, वहां पर कभी ट्यूबवेल का पाइप, कभी नई पेय जल योजना, सीवर, सड़क के दोनों तरफ गैस के पाइप एक दूसरे से टकराते-उलझते टूट पड़ रहे हैं। घरों से चैंबर तक पहुंचने वाला सीवर पाइप कहीं-कहीं पर एक डेढ़ फीट ही जमीन से नीचे है। कोई इंसान अगर काम करने वाले मजदूरों के साथ खड़ा होकर उसे गहरा करा लेता है, तो थोड़ा गहरा हो जाता है अन्यथा सब कुछ बड़ा हॉच-पॉच है। काम करने वाले मजदूरों को नहीं इतनी जानकारी होती है और न ही इतनी जरूरत। निर्माण कार्य और गुणवत्ता पर बात करना एक अलग मुद्दा हो जाएगा। यूं भी हमारी आधी व्यवस्था अर्थव्यवस्था तो जुगाड़ पर ही टिकी हुई है। पाइपलाइन बिछाने वाली विभिन्न संस्थानों में आपस में ही सामंजस्य नहीं होने की कीमत जनता को चुकानी पड़ रही है। नगर निगम की तरफ से कूड़ा गाड़ी एक दिन छोड़कर हर क्षेत्र में आती है, लेकिन गलियां खुदी होने के कारण लोगों को कूड़े की बाल्टियां उठाकर मुख्य मार्ग तक जाना पड़ता है। ऐसे में स्मार्ट सिटी का सपना कभी-कभी कोरी कल्पना लगता है। एक सुनियोजित प्लानिंग हो, भले ही दो-चार साल और लग जाएं। अनियोजित विकास कार्य कई बार परेशानी का सबब बन जाता है। यहां पूरा खुदा हुआ शहर स्मार्ट सिटी की ओर कदम बढ़ा रहा है, लेकिन मेरे विचार में इस तरह की व्यवस्था गली-मोहल्ले की छोटी-छोटी गलीनुमा सड़कों के लिए उपयोगी नहीं है। मात्र जनता के पैसों की बर्बादी है। 30-35 लाख की आबादी वाला एक मेट्रोपॉलिटन सिटी इंदौर जो अपनी स्वच्छता के लिए हमेशा चर्चा में बना रहता था, लेकिन अचानक दूसरी वजह से चर्चा में आ गया। पानी और सीवर के पाइपों का आपस में एक-दूसरे से लिपटते देखकर मुझे डर लगता है कि कहीं हल्द्वानी भी इंदौर तो नहीं बन जाएगा आने वाले समय में?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# वैश्विक संघर्ष एवं वसुधैव कुटुंबकम्

पूरी पृथ्वी ही परिवार के समान है। यह भावना वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में समसामयिक तथा और अधिक आवश्यकीय प्रतीत होती है। वैदिक ऋषि ने यजुर्वेद में द्युलोक, अंतरिक्ष लोक, पृथ्वीलोक, जल, औषधियों, वनस्पतियों सहित समस्त चराचर जगत की शांति की कामना की है, लेकिन वैदिक कालीन मूल्यपरक शिक्षा पद्धति के अभाव में एवं भौतिकवादी शिक्षा के प्रभाव तथा समाज/राष्ट्रों के मध्य विस्तारवादी नीतियों के कारण वैदिक शिक्षा के विपरीत वैश्विक अशांति की ओर चराचर जगत पहुंच रहा है, जो मानव जगत के लिए दुःखद एवं चिंताजनक है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। जहां एक ओर कुछ दिन पूर्व भारत में परिवर्तित यूजीसी नियमों के कारण समाज में आंतरिक जातिगत असंतोष एवं असमानता फैली है। भविष्य में जिसके जातिगत विभाजक घातक दुष्परिणामों की ओर संकेत हो रहे हैं। वही दूसरी ओर इरान, इजरायल, संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हो रहे संघर्ष युद्ध से भी देश में अशांति बढ़ी है, जिसकी निवृत्ति के लिए वर्तमान सरकारें प्रयासरत हैं।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

वैश्विक संदर्भ में विश्व के मध्य-पूर्व का क्षेत्र लंबे समय से विश्व राजनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां के राजनैतिक संघर्ष, धार्मिक मतभेद और रणनैतिक हित अक्सर वैश्विक तनाव का कारण बनते रहे हैं। वर्तमान समय में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ता तनाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस तनाव में कई बार अमेरिका भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल दिखाई देता है। इजरायल की स्थापना और प्रारंभिक स्थिति 1948 में इजरायल की स्थापना के साथ ही मध्य-पूर्व की राजनीति में बड़ा बदलाव आया। कई अरब और मुस्लिम देशों ने इजरायल के गठन का विरोध किया। हालांकि उस समय ईरान में शाह का शासन था और ईरान ने इजरायल के साथ पूर्ण विरोध की नीति नहीं अपनाई थी। दोनों देशों के बीच कुछ सीमित आर्थिक और कूटनीतिक संबंध भी बने रहे। मध्य-पूर्व में प्रभाव की प्रतिस्पर्धा ईरान और इजरायल दोनों ही मध्य-पूर्व में अपना राजनीतिक और सामरिक प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इस कारण कई बार दोनों देशों के बीच सीधे युद्ध की बजाय परोक्ष संघर्ष देखने को मिलता है। सीरिया और लेबनान जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के हित टकराते रहे हैं। कई बार इजरायल ने सीरिया में उन ठिकानों पर हमले किए हैं, जिन्हें ईरान समर्थित मानता है।

मध्य-पूर्व की राजनीति में अमेरिका की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। अमेरिका लंबे समय से इजरायल का प्रमुख सहयोगी रहा है और कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसका समर्थन करता रहा है। दूसरी ओर ईरान और अमेरिका के बीच भी कई राजनीतिक और आर्थिक विवाद रहे हैं। इस कारण जब भी ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ता है, तब अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका की भूमिका भी चर्चा में आ जाती है। ईरान-इजरायल संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि यह ऐतिहासिक, राजनीतिक, धार्मिक और रणनीतिक कारणों से जुड़ा हुआ एक जटिल अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। फिलिस्तीन का प्रश्न, ईरान का परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव की प्रतिस्पर्धा और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन इस संघर्ष को और अधिक जटिल बनाते हैं। यही कारण है कि मध्य-पूर्व में उत्पन्न होने वाला कोई भी तनाव केवल स्थानीय नहीं रहता, बल्कि उसका प्रभाव विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है, क्योंकि प्राकृतिक तेल, गैस आदि दैनिक मूलभूत आवश्यकताओं से युक्त देश के संकट में आने से पूरे विश्व में अशांति एवं संकट बढ़ा सकती है। आज के परिप्रेक्ष्य में परिवार-समाज से लेकर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक वसुधैव कुटुंबकम् की भावना ही शांति-सुकून प्रदान कर सकती है, जिसको राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के साथ ही वैश्विक मंचों में प्रमुखता से स्थान मिलना चाहिए। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### यूपीएसएसएससी ने जारी किए कई भर्तियों के परिणाम

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने विभिन्न लंबित भर्तियों के परिणाम जारी करते हुए चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। आयोग ने सम्मिलित तकनीकी सेवा (सामान्य चयन) परीक्षा-2016 के तहत अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस भर्ती में नर्स, कंपाउंडर और हॉस्टल वार्डन के कुल 248 पदों के लिए पूर्व में विभागवार, पदवार व श्रेणीवार विवरण प्रकाशित किया गया था। अब इनमें से 7 पदों के सापेक्ष अंतिम रूप से 7 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के नाम और कटऑफ अंक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। साथ ही आयोग ने अनुदेशक (सामान्य चयन) भर्ती-2015 के तहत स्टेनोग्राफी (हिंदी) के 8 पदों पर साक्षात्कार के बाद चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम भी जारी किया है। वहीं, सीधी भर्ती (सामान्य चयन) 2016 के अंतर्गत सहायक प्रशिक्षक (एथलेटिक्स) पद के लिए भी अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। आयोग की ओर से अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे विस्तृत परिणाम, कटऑफ और अन्य जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर जाकर विवरण देखें।

### 'बीमारू' से सर्वोत्तम बना यूपी, कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव: शाही

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि योगी सरकार के नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश का कृषि क्षेत्र व्यापक बदलाव का गवाह बना है और प्रदेश 'बीमारू' छवि से निकलकर देश के अग्रणी कृषि राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की नीतियों से किसानों की आय, उत्पादन और सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मंत्री ने बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया गया, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली। गन्ना किसानों को अब तक 3.15 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि पहले यह भुगतान वर्षों तक लंबित रहता था। सिंचाई के क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अधूरी परियोजनाओं को पूरा कर 30 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई से जोड़ा गया है। साथ ही 92 हजार से अधिक सोलर पंप लगाए गए हैं, जिन पर किसानों को 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया गया, जिससे निर्बाध सिंचाई संभव हुई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक किसानों को 99,500 करोड़ रुपये सीधे खातों में भेजे गए हैं। उत्तर प्रदेश आज गन्ना, गेहूं, धान, दूध और खाद्यान्न उत्पादन में देश में अग्रणी है।

# मुख्यमंत्री योगी बोले- प्रकृति को मां मानकर करें संरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय वानिकी संवाद के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी, बोले- जन आंदोलन से मिली सफलता

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय वानिकी संवाद के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में प्रकृति को "मां" का दर्जा दिया गया है और उसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण असंतुलन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे समय में वनों का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने वैदिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" का भाव हमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय वन दिवस की थीम 'फॉरेस्ट एंड इकोनॉमिक्स' पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वन केवल पर्यावरण संतुलन ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास का भी महत्वपूर्ण आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में वनाच्छादन बढ़ाने के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं, जिनकी सफलता का आधार जनभागीदारी रही है।



सीएम योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में जहां प्रदेश में केवल एक रामसर साइट थी, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई है और इसे 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। रामसर साइट्स जल संरक्षण, जैव विविधता और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने पौधरोपण अभियान की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 242 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। पहले जहां वन महोत्सव में 5.5 करोड़ पौधरोपण होता था, वहीं अब एक दिन में 37 करोड़ पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया है। इस वर्ष 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। दुधवा नेशनल पार्क में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने और वन आधारित ग्रीन इकोनॉमी मॉडल को विकसित करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। प्रदेश में 2,467 ग्रीन उद्योग स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखकर राज्य ने एक नई पहल की है। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के बाद गांगेय डॉल्फिन की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। देश में वर्तमान में 6,327 डॉल्फिन हैं, जिनमें से 2,397 अकेले उत्तर प्रदेश में हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में भी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

#### 9 वर्षों में 242 करोड़ किया गया पौधरोपण

- रामसर साइट्स की संख्या 1 से बढ़कर 11, लक्ष्य 100
- दुधवा नेशनल पार्क में इको-टूरिज्म को बढ़ावा
- 2,467 ग्रीन इकोनॉमी आधारित उद्योग स्थापित
- यूपी में 2,397 गांगेय डॉल्फिन, देश में कुल 6,327
- 4 लाख रूफटॉप सोलर से 1,400 मेगावाट क्षमता विकसित
- 5 वर्षों में 22,000 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी का लक्ष्य

## दुग्ध व्यवसाय से बदली तस्वीर 3.5 लाख महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुग्ध उत्पादन और संग्रहण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर

**अमृत विचार:** प्रदेश में दुग्ध व्यवसाय के जरिए ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश की करीब 3.5 लाख महिलाएं मिल्क प्रोक्योरमेंट से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इस उपलब्धि के साथ दुग्ध उत्पादन और संग्रहण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर पहुंच गया।

इस बदलाव की मुख्य धुरी उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बना है, जिसने गांव-गांव में महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने का काम किया है। मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस) से जुड़ी महिलाएं अब आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और परिवार की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

प्रदेश में दुग्ध मूल्य श्रृंखला (मिल्क वैल्यू चेन) विकसित होने से महिलाओं और किसानों को अब अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य मिल रहा है। साथ ही भुगतान व्यवस्था को पारदर्शी और नियमित बनाया गया है, जिससे उनकी आय में स्थिरता आई है और भरोसा बढ़ा है। दुग्ध व्यवसाय ने ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। छोटे स्तर पर शुरू हुआ यह कार्य अब एक संगठित आर्थिक मॉडल का रूप ले चुका है, जिससे न केवल महिलाओं की आय बढ़ी है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। सरकार की योजनाओं के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके चलते अब महिलाएं केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

### पोक्सो के मामलों में घायल की चोटों का विवरण दर्ज करना अनिवार्य

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पोक्सो अधिनियम के तहत आरोपी को बरी करने वाले निचली अदालत के फैसले पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा कि निचली अदालत ने अपने निर्णय में नाबालिग पीड़िता के शरीर पर पाई गई चोटों का न तो उल्लेख किया और न ही उनकी चर्चा की। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय और अजय कुमार (द्वितीय) की खंडपीठ ने कहा कि यह "खेदजनक" है कि स्पष्ट न्यायिक निर्देशों के बावजूद चोट रिपोर्ट को निर्णय का हिस्सा नहीं बनाया गया। कोर्ट ने 1982 और 2002 के उच्च न्यायालयीय परिपत्रों का हवाला देते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए घायल व्यक्ति की चोटों का विवरण दर्ज करना अनिवार्य है। मौजूदा मामला राज्य सरकार की अपील से संबंधित है, जिसमें अप्रैल 2025 में निचली अदालत द्वारा आरोपी को बरी किए जाने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## कॉर्नियल दान को बढ़ावा देने के लिए यूपी में गठित हुई हाई लेवल टास्क फोर्स

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- अंधत्व रोकने की दिशा में बड़ा कदम, नेत्रदान व प्रत्यारोपण तंत्र होगा मजबूत

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने कॉर्नियल दान और प्रत्यारोपण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रो. राजेश हर्षवर्धन की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स में प्रदेश के प्रमुख नेत्र विशेषज्ञों और सरकारी मेडिकल कॉलेजों के विभागाध्यक्ष शामिल हैं। यह निर्णय स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोट्टो) और पीजीआई के संयुक्त तत्वावधान में बीते दिनों संपन्न 'नेत्रमंथन' कार्यक्रम में चर्चा के बाद लिया है।



प्रो. राजेश हर्षवर्धन।

नेत्रमंथन कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश में रोके जा सकने वाले अंधत्व को समाप्त करना और नेत्र चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाना है।

गठित टास्क फोर्स राज्य में कॉर्नियल दान की स्थिति, आई बैंकिंग सिस्टम और प्रत्यारोपण की वर्तमान व्यवस्था का व्यापक मूल्यांकन करेगी। साथ ही, दान और प्रत्यारोपण में आने वाली सामाजिक, संस्थागत और तकनीकी बाधाओं की पहचान कर समाधान सुझाएगी। टास्क फोर्स जन-जागरूकता बढ़ाने, स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण, आई बैंकों की क्षमता बढ़ाने और बेहतर समन्वय के लिए रणनीति तैयार करेगी। साथ ही अन्य राज्यों और देशों के सफल मॉडल का भी अध्ययन किया जाएगा। तत्पश्चात सरकार को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुझावों के साथ कार्यान्वयन की रूपरेखा भी शामिल होगी।

## 2028 तक मत्स्य उत्पादन में 18 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' के तहत अब मत्स्य क्षेत्र में भी तेज़ी से बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और इससे जुड़े उद्योगों को विकसित करने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2028 तक मत्स्य उत्पादन को 13.30 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 18 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचाना है। राज्य सरकार मत्स्य बीज और मत्स्य आहार के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए निवेश परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता और आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूत किया जा सके।

मत्स्य क्षेत्र में निवेश को लेकर उद्योग जगत का रुझान भी बढ़ा है। विभिन्न कंपनियां प्रदेश में कुल 1407 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने जा रही हैं। इससे दो हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। ये निवेश वाराणसी, बाराबंकी, अमेठी समेत कई जिलों में प्रस्तावित हैं। इससे मत्स्य उद्योग को संगठित रूप मिलेगा और निर्यात की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

### वन संरक्षण से ही सुरक्षित भविष्य : केशव मौर्य

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि वन हमारे जीवन का आधार हैं। ये न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि जैव-विविधता के संरक्षण, जलवायु संतुलन तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मानव तथा पृथ्वी के अस्तित्व के लिए वन एवं वन्यजीवों का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे अधिकाधिक वृक्षारोपण करें तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि हम सभी को हरित, स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे वर्तमान के साथ-साथ भावी पीढ़ियों को भी स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त हो सके।

## मौर्य के हाथों मिली ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बस डिपो परिसर, मंझनपुर कौशाम्बी में "गौरव प्रतिमा अनावरण" महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों-अश्वनी कुमार यादव, मुलायम सिंह पटेल, अबु सलीम, विनोद कुमार, आशीष सिंह, अभिलाषा देवी, शंकर दयाल सिंह, अंजली गुप्ता, गोविन्द सिंह एवं प्रहलाद मौर्य को ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट प्रदान किया एवं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना के अन्तर्गत बैंको के माध्यम से चार लाख 5000 का महिन्द्रा ट्रैक्टर एवं 90 हजार रूपए में मिनी फ्लोर मिल या ऑयल मिल या मसाला मिल या राइस मिल सहित कुल चार लाख 95 हजार ऋण के माध्यम से चार साल तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त कोलेटरल गारण्टी मुक्त ऋण के साथ 10 प्रतिशत सब्सिडी दिया जा रहा है, जबकि यही परियोजना बाजार में ब्याज सहित लगभग 09 लाख रूपए में उपलब्ध होती है।

## बरेली की नसरीन बी बनीं मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के प्रभाव से बरेली की नसरीन बी ने न सिर्फ अपनी जिंदगी बदली, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार का रास्ता खोल दिया। बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के घंघोरा-घंघोरी गांव की रहने वाली नसरीन बी ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने सफर की शुरुआत की।

"जनता" स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उन्होंने बेकरी व्यवसाय शुरू किया, जो आज उनकी सफलता की पहचान बन चुका है। उन्होंने अपने साथ 10 महिलाओं को जोड़कर उन्हें रोजगार दिया। नसरीन को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत आर्थिक सहायता मिली। वर्ष 2022 में समूह को 15 हजार रुपये की प्रारंभिक सहायता और बाद में एक लाख रुपये की वित्तीय मदद दी गई, जिससे उनके व्यवसाय को मजबूत आधार मिला। आज उनके बेकरी यूनिट में रस्क, फैन और क्रीम रोल जैसे उत्पाद तैयार किए जाते हैं। क्रीम रोल बनाने की मशीन लगने से उत्पादन क्षमता बढ़ी और कारोबार का विस्तार हुआ। उनके उत्पाद अब बरेली शहर तक सप्लाई हो रहे हैं, जिससे आय में लगातार वृद्धि हो रही है। बेकरी उत्पादों के अलावा अब यह समूह पापड़, मसाले और चिप्स जैसे अन्य उत्पाद भी बना रहा है, जिससे आय के नए स्रोत विकसित हुए हैं।

## मेरठ स्पोर्ट्स इंडस्ट्री को मिली रफ्तार यूपी बनेगा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. में उद्योग आधारित विकास की रफ्तार अब वैश्विक पहचान की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में क्लस्टर आधारित औद्योगिक मॉडल ने मेरठ को देश के प्रमुख स्पोर्ट्स इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में मजबूत किया है। अब सरकार की नीतियों और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के सहारे यह क्षेत्र ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट में भी पारंपरिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टरों के आधुनिकीकरण पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यदि मेरठ जैसे केंद्रों को आधुनिक तकनीक और नीतिगत सहयोग मिले, तो भारत स्पोर्ट्स गुड्स निर्यात में कई गुना वृद्धि कर सकता है।

मेरठ लंबे समय से क्रिकेट बैट, फुटबॉल, बॉक्सिंग ग्लव्स और जिम उपकरण जैसे उत्पादों का प्रमुख उत्पादन केंद्र रहा है। यहां 250 से अधिक निर्यात इकाइयों के साथ हजारों सूक्ष्म उद्यम सक्रिय हैं। सरकार इन पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और स्किल डेवलपमेंट से जोड़ रही है, जिससे गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता दोनों में सुधार हो रहा है। प्रदेश में एक्सप्रेस-वे, सड़क नेटवर्क और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के विस्तार ने उद्योगों को नई गति दी है। खासतौर पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और ग्रेटर नोएडा का उभरता लॉजिस्टिक्स हब इस क्षेत्र के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। इससे निर्यात लागत कम होगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच तेज होगी। केंद्र सरकार के बजट में स्पोर्ट्स गुड्स सेक्टर के लिए विशेष प्रावधान और क्लस्टर विकास पर जोर ने इस उद्योग को नई ऊर्जा दी है। राज्य सरकार सिंगल विंडो सिस्टम, प्रोत्साहन और नीतिगत सरलता के जरिए उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रही है।

## सौहार्द के साथ अदा हुई ईद की नमाज, सियासी चेहरे भी पहुंचे

### एक साथ दिखे अखिलेश-अजय राय, बहुगुणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ में ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को पूरे उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया। ऐशबाग ईदगाह समेत विभिन्न मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने एक साथ नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और पूर्व मंत्री रीता बहुगुणा जोशी सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

ऐशबाग ईदगाह पर सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां करीब 50 से 60 हजार लोगों ने नमाज अदा की। भीड़ अधिक होने के कारण कई लोग आसपास के इलाकों और गलियारों में खड़े होकर नमाज पढ़ते नजर आए। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर सियासी दलों के कई प्रमुख चेहरे भी नजर आए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और भाजपा नेता रीता बहुगुणा जोशी ने ईदगाह पहुंचकर लोगों को बधाई दी। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए। पुराने लखनऊ सहित संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा और सीसीटीवी के जरिए निगरानी की गई। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए 27 मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया।

### अलग-अलग धर्म-जाति के लोगों का एक साथ त्योहार मनाना ही हिन्दुस्तानियत है : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने राजधानी के ऐशबाग ईदगाह में ईद की नमाज के बाद एकत्र मुस्लिम भाईयों को ईद की बहुत-बहुत मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार खुशियां लेकर आता है। ईद खुशियों का त्योहार है। सेंवई खाओ, गले मिलो, आपस में प्रेम से रहो, ताकि दूरियां कम हो।

सपा प्रमुख ने शनिवार को कहा कि कुछ दिन पूर्व होली का त्यौहार मनाने के बाद आज सभी देशवासी आपस में मिलजुल कर ईद का त्योहार मना रहे हैं। हमारी यही हिन्दुस्तानियत है। जहां अलग-अलग धर्म-जाति के लोग मिलकर एक साथ त्योहार मनाते है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले दिनों भाजपा का नाटक देखा। शंकराचार्य लखनऊ आए, तमाम भाजपाइयों ने कहा था हम उनके सामने लेट जाएंगे। साष्टांग होकर सम्मान करेंगे। शंकराचार्य आए तो वे अदृष्य हो गए। वटुकों के पैर छूकर दक्षिणा दी जाती है पर यहां तो उनकी चुटिया पकड़ कर खींचा गया, उन्हें अपमानित किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लिए बेईमान शब्द छोटा दिखता है। जो गंगा मईया के साथ बेईमानी कर सकता है वह किसी के साथ भी ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता अकेले लड़ेंगी तो भी वह जीत जाएंगी। वह अकेले लड़कर भी सबका मुकाबला कर रही है। भाजपा षडयंत्रकारी पार्टी है वह तनाव न पैदा कर दे? किसी को पता नही।

आयोजन — अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर वनकर्मियों, संगठनों व किसानों को भी मिला सम्मान

## सीएम ने अच्छेलाल और तनु सिंह की वीरता को किया सलाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में साहसिक कार्य करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। तेंदुए के हमले से खुद और अपने परिवार को बचाने वाले बच्चों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने बहराइच के 10 वर्षीय अच्छेलाल और प्रयागराज की 18 वर्षीय तनु सिंह को उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया। अच्छेलाल ने 6 दिसंबर 2025 को गन्ने के खेत से निकले तेंदुए के हमले का डटकर सामना किया और साहस दिखाते हुए खुद को सुरक्षित बचाया। वहीं, तनु सिंह ने 8 जनवरी 2026 को झूंसी क्षेत्र में घर में घुसे तेंदुए के दौरान अद्भुत सूझबूझ दिखाई। उन्होंने दो छोटे बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला और तेंदुए को कमरे में बंद कर दिया, जिससे बिना किसी जनहानि के उसका रेस्क्यू संभव हो सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे साहसिक कार्य समाज को प्रेरित करते हैं और नई पीढ़ी को हिम्मत व सूझबूझ का संदेश देते हैं। इस अवसर पर वानिकी एवं वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन विभाग के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर तनू सिंह को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुरादाबाद के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, हमीरपुर के वन रक्षक सुनील कुमार गौंड, रामपुर के वन रक्षक शिवम कुमार और एटा की माली रीना शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, वानिकी क्षेत्र में योगदान देने वाले सामाजिक संगठनों को भी सम्मान मिला। लोकभारती के बृजेंद्र पाल सिंह और हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान, झांसी के सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुशीनगर के ईश्वर चंद और रायबरेली की सुनीता को चेक वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से पूर्व वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अप्रैल से शुरू होंगे 25 नए वन स्टॉप सेंटर, मिशन शक्ति को मिलेगी गति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अप्रैल में वन स्टॉप सेंटर की कुल संख्या बढ़कर 121 होगी।
- लखनऊ, जौनपुर, सोनभद्र और गौतमबुद्ध नगर में 2-2 सेंटर
- मिशन शक्ति अभियान को मिलेगी मजबूती।
- एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी, काउंसलिंग व पुलिस सहायता।
- प्रत्येक केंद्र पर आपातकालीन वाहन की व्यवस्था।
- अब तक 2.39 लाख मामलों में दी जा चुकी है सहायता।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अप्रैल से 25 नए वन स्टॉप सेंटर शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में इन केंद्रों की कुल संख्या 96 से बढ़कर 121 हो जाएगी।

सरकार की यह पहल मिशन शक्ति अभियान को और गति देने वाली मानी जा रही है। खास बात यह है कि लखनऊ, जौनपुर, सोनभद्र और गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में दो-दो नए केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे इन जिलों में महिला सुरक्षा तंत्र को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी। वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए एकीकृत सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करते हैं, जहां हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रदेश सरकार ने इन केंद्रों का विस्तार व्यापक स्तर पर किया है। लखनऊ, जौनपुर, सोनभद्र और गौतमबुद्ध नगर के अलावा अयोध्या, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा समेत कई जिलों में एक-एक नया केंद्र खोला जाएगा। साथ ही प्रत्येक वन स्टॉप सेंटर पर आपातकालीन सहायता के लिए वाहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे जरूरतमंद महिलाओं तक तुरंत पहुंचा जा सके।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### प्रतिक्रिया जानने को सड़कों पर लगाए क्यूआर कोड बोर्ड

**नई दिल्ली।** नागरिकों की सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पीडब्ल्यूडी ने सुदृढ़ीकरण के दौर से गुजर रही सड़कों पर क्यूआर कोड-सक्षम डिस्प्ले बोर्ड लगाए हैं। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महत्वपूर्ण जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करके और प्रतिक्रिया के लिए एक सीधा माध्यम बनाकर सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं के साथ लोगों के जुड़ने के तरीके को बदलना है। पीडब्ल्यूडी के मंत्री ने कहा, पारदर्शिता का अर्थ केवल सूचना साझा करना नहीं है; इसका अर्थ है लोगों की बात सुनना। इस पहल से नागरिकों को न केवल सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी मिलेगी, बल्कि वे सीधे अपनी प्रतिक्रिया भी दे सकेंगे।

### कर्नाटक में दरियाई घोड़े के हमले में पशु चिकित्सक की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में शिवमोगा स्थित त्यावरेकोप्पा चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े के हमले में पशु चिकित्सक डॉ. समीक्षा रेड्डी की दर्दनाक मौत के बाद राज्य में वन्यजीव संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस बीच सरकार ने उनके परिवार के लिए 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार हाल ही में पशु चिकित्सा अधिकारी नियुक्त हुई 27 वर्षीय डॉ. समीक्षा रेड्डी प्रशिक्षण पर थीं। वह गुरुवार देर रात नियमित ड्यूटी के दौरान हमले का शिकार हो गईं। बताया गया कि रात करीब 10:30 बजे एक पक्षी का इलाज करने के बाद वह एक गर्भवती दरियाई घोड़ी के बाड़े में उसकी शारीरिक स्थिति की निगरानी के लिए थर्मल कैमरा लेकर गईं। इसी दौरान जानवर आक्रामक हो गया और उसने उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर आंतरिक चोटें आईं।

### अभिनेता निकोलस ब्रेंडन का निधन

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी टीवी सीरीज 'बफी द वैम्पायर स्लेयर' में 'जैंडर हैरिस' की भूमिका निभाकर दुनिया भर में लोकप्रियता बटोरने वाले अभिनेता निकोलस ब्रेंडन (54) का कई गंभीर बीमारियों के कारण निधन हो गया है। उनके परिवार ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए इस दुखद खबर की पुष्टि की। परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया, हमें अपने भाई और बेटे निकोलस ब्रेंडन के निधन की खबर साझा करते हुए गहरा दुख हो रहा है।

# अमेरिका ने पश्चिम एशिया भेजीं बड़ी संख्या में पैट्रियट

- रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा की उत्पन्न हुई चिंता

लंदन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ युद्ध पर ध्यान केंद्रित करते हुए अमेरिका ने बड़ी संख्या में 'पैट्रियट' मिसाइलों को यूरोप से हटाकर पश्चिम एशिया की ओर भेज दिया है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन मिसाइलों को पश्चिम एशिया में भेजे जाने के कारण यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा कमजोर होने को लेकर चिंता पैदा हो गई है।

संवेदनशील सैन्य मामलों पर गोपनीयता के कारण अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी है। एक अधिकारी ने बताया कि ईरान युद्ध के कारण यूरोप और अन्य क्षेत्रों में पैट्रियट मिसाइलों का भंडार निश्चित रूप से कम हो रहा है और स्थिति काफी चिंताजनक है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधकारिक आवास व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तय किए ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हथियार, गोला-बारूद और सैन्य भंडार मौजूद हैं। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ शुरू किए सैन्य अभियान को 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम दिया है।

## अंधेरे की आहट समाधान की राह

वर्तमान में पूरी दुनिया एक अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना कर रही है, जो न केवल आर्थिक विकास को बाधित कर रहा है बल्कि वैश्विक सुरक्षा के लिए भी खतरा बना हुआ है। पिछले कुछ समय में, ऊर्जा की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिससे विकसित और विकासशील दोनों तरह की अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। संकट की जड़ें केवल संसाधनों की कमी में नहीं, बल्कि जटिल भू-राजनीतिक समीकरणों, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान में निहित हैं। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद स्थितियां बेहद खराब हुई हैं। तेल अवसंरचनाओं पर हमलों के चलते कच्चे तेल की निकासी और परिवहन प्रभावित हुआ है। होर्मुज जलडमरुमध्य पर टैंकरों की आवाजाही पर ईरान की रोक ने संकट को और बढ़ा दिया है। वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल ही इसका बेहतर समाधान हो सकता है।

# वैश्विक ऊर्जा संकट



### संकट का कारण

- भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष : मार्च 2026 में मध्य पूर्व विशेष रूप से ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते युद्ध और तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित किया है।
- हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य की बंदी : यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग है। इसके बंद होने या असुरक्षित होने से वैश्विक तेल और एलएनजी आपूर्ति का लगभग 20% हिस्सा रुक गया है। भारत अपनी एलएनजी जरूरतों का लगभग 60% इसी मार्ग से आयात करता है, जिससे आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा है।
- आपूर्ति श्रृंखला में बाधा : कतर जैसे प्रमुख उत्पादकों से एलएनजी और एलपीजी के शिपमेंट में देरी हुई है। इसके कारण वैश्विक बाजार में स्पॉट कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं।
- भारी आयात निर्भरता : भारत एलपीजी जरूरतों का 85-90% और कच्चे तेल का लगभग 85% आयात करता है। आपूर्ति कम होने और कीमतें बढ़ने का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ा है।

### प्रमुख देशों में मांग और आपूर्ति

- अमेरिका : यहां कच्चे तेल की मांग लगभग 20 .5 मिलियन बैरल प्रतिदिन है, जबकि आपूर्ति लगभग 13 मिलियन है। प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 880-900 बिलियन क्यूबिक मीटर है। ● चीन : कच्चे तेल की चीन में मांग लगभग 15-16 मिलियन प्रतिदिन है, लेकिन इसका घरेलू उत्पादन केवल 4 मिलियन के करीब है। चीन अपनी 70% से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। यहां प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 400 बीसीएम है। चीन तेजी से कोयले से गैस की ओर बढ़ रहा है, जिससे इसकी मांग और आयात दोनों बढ़ रहे हैं। ● रूस : कच्चे तेल की रूस की घरेलू मांग लगभग 3 .5 मिलियन बैरल रोज है, जबकि इसका उत्पादन 9-10 मिलियन है। रूस की घरेलू गैस मांग लगभग 470 बीसीएम है। ● भारत : कच्चे तेल की भारत की मांग लगभग 5 .2 - 5 .5 मिलियन रोजाना है। भारत अपनी जरूरत का 85% तेल आयात करता है क्योंकि घरेलू उत्पादन काफी कम है। प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 65-70 बीसीएम है। भारत लगभग 50% एलएनजी आयात करता है।

### भारत के पास विकल्प

- नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य : 2030 तक 500 गीगा वॉट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करना।
- इथेनॉल सम्मिश्रण : पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिलाकर आयात बिल को कम किया जा सकता है। सौर ऊर्जा का भी इस्तेमाल

ईवी का इस्तेमाल : इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम की जा सकती है।

- सामरिक तेल भंडार : आपात स्थिति के लिए देश के भीतर तेल का बड़ा स्टॉक जमा करना (जैसे विशाखापत्तनम और पादुर में)।

# छीनने नहीं देंगे मताधिकार, अंत तक लड़ेंगे

## मुख्यमंत्री ने भाजपा पर लगाया पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बहाने मताधिकार छीनने का आरोप

- ईद पर रैली में बोलीं, विधानसभा चुनाव बंगाल की रक्षा की लड़ाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के माध्यम से लोगों के मतदान अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सबसे बड़ा घुसपैठ करने वाला करार दिया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता ने कोलकाता के प्रतिष्ठित रेड रोड पर ईद की नमाज के बाद नमाजियों को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को लोकतांत्रिक अधिकारों और बंगाल के बहुल सामाजिक ताने-बाने की रक्षा की लड़ाई करार दिया।

ममता ने कहा कि हम मोदी जी और भाजपा को आपके मतदान के अधिकार छीनने नहीं देंगे। हम अंत तक लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने के लिए उन्होंने कोलकाता से लेकर दिल्ली तक की अदालतों का रुख किया है। उनकी ये टिप्पणी निर्वाचन आयोग द्वारा कराई जा रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर बढ़ते राजनीतिक टकराव के बीच आई है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि एसआईआर के कारण वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, खासकर अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों से। उन्होंने कहा कि जब आप विदेश जाते हैं, तो नेताओं से हाथ मिलाते हैं और मित्रता की बातें करते हैं। यह आपकी पसंद है, और मैं सभी देशों का सम्मान करती हूं। लेकिन जब आप भारत लौटते हैं, तो अचानक हिंदू-मुस्लिम विवाद शुरू हो जाता है, और लोगों को घुसपैठिया कहा जाने लगता है।ममता ने मोदी और भाजपा द्वारा सीमावर्ती राज्य में घुसपैठ के बार-बार लगाए जा रहे आरोपों को लेकर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, आप फिर नाम हटाने और लोगों को घुसपैठिया करार देने की बात करते हैं। मैं कहूंगी कि आप और आपकी सरकार सबसे बड़ी घुसपैठ करने वाले हैं। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। ममता बनर्जी ने इस मौके का उपयोग पार्टी के उस चुनावी विमर्श को मजबूत करने के लिए किया कि भाजपा संस्थागत तंत्र और ध्रुवीकरण करने वाली बयानबाजी के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।



### समाज को बांटने वालों को नरक में भेज दिया जाएगा

ममता बनर्जी ने कहा कि जो लोग बंगाल को निशाना बना रहे हैं और लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें नरक में भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सांप्रदायिक सौहार्द की पश्चिम बंगाल की पुरानी परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश करने वाली ताकतों को राज्य सफल नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि बंगाल एकता में विश्वास करता है। हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई यहां सभी साथ रहते हैं। हम किसी को भी इस सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने नहीं देंगे। तृणमूल सुप्रीमो ने भाजपा पर निशाना साधते हुए नारा दिया, भाजपा हटाओ, देश बचाओ। इस वर्ष ईद का यह उत्सव विशेष राजनीतिक महत्व रखता है, क्योंकि यह विधानसभा चुनावों से कुछ सप्ताह पहले हो रहा है। तृणमूल लगातार चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है, जबकि भाजपा राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रही है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने नमाजियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के संदेश को दोहराया कि बंगाल की सामाजिक सद्भाव की रक्षा की जाएगी। डायमंड हार्बर के सांसद ने कहा कि बंगाल की सांप्रदायिक सद्भाव की रक्षा की जाएगी।

### केरल में भाजपा ने जारी की अपने 11 उम्मीदवारों की नई सूची

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** भाजपा ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 11 उम्मीदवारों की एक नई सूची जारी करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष करमना जयन को तिरुवनंतपुरम से मैदान में उतारा है। नवीनतम सूची के साथ, भाजपा ने नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अब तक 97 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जयन का मुकाबला एलडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे अभिनेता सुधीर करमना और कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी एवं संयुक्त लोकतांत्रिक मार्चा नेता सी पी जॉन से होगा। भाजपा की नई सूची में एक और महत्वपूर्ण नाम व्यवसायी एस राजशेखरन नायर का है, जो नेय्याट्टिनकारा से चुनाव लड़ेंगे। उनका मुकाबला मौजूदा विधायक अनसलान और कांग्रेस उम्मीदवार एन सक्तन से होगा। भाजपा ने एससी आरक्षित चिरायिनकीझू निर्वाचन क्षेत्र से बीएस अनूप और चदयामंगलम से आरएस अरुण राज को भी उतारा है, जो कांग्रेस द्वारा टिकट न दिए जाने के बाद पार्टी में शामिल हुए थे। राजद छोड़ने के बाद भाजपा में शामिल हुए टीएन सुरेश कोवलम से चुनाव लड़ेंगे। अभिनेता विवेक गोपन अरुविक्कारा से चुनाव लड़ेंगे। रवींद्रनाथ वकत्थानम पुथुप्पल्ली से चुनाव लड़ेंगे। पीरुमाडे में वी रथीश, एससी-आरक्षित मवेलिककारा में अजिमोन, एससी-आरक्षित अडूर में पंडालम प्रतापन और चवारा में केआर राजेश को मैदान में उतारा है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 23 मार्च है।

# भाजपा की बी टीम हैं कांग्रेस और राहुल गांधी : विजयन

- केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस को घेरा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर शनिवार को निशाना साधते हुए उन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी टीम होने का आरोप लगाया। विजयन ने यह आरोप एक साक्षात्कार के दौरान लगाया। राहुल गांधी ने हाल में टिप्पणी की थी कि देश में केंद्रीय एजेंसियों ने केरल के मुख्यमंत्री को छोड़कर अन्य विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया है या पूछताछ के लिए बुलाया है।

गांधी की इस टिप्पणी के बारे में सवाल किए जाने पर विजयन ने कांग्रेस नेता एवं उनकी पार्टी पर भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग अनुभवों से नहीं सीखते। वे सामान्य लोग नहीं होते। वे एक दुर्लभ उदाहरण हैं। ऐसा उन लोगों के साथ होता है जो आमतौर पर चीजों को समझने में असमर्थ होते हैं। राहुल गांधी इसी श्रेणी में आते हैं। विजयन ने कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन अदालत ने उन सभी आरोपों को खारिज कर दिया और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को क्लीन चिट दे दी। वाम नेता ने कहा



कि यह राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेतृत्व के लिए एक करारा झटका था। इसके बावजूद, यह दुखद है कि वह वही गलती दोहरा रहे हैं। इसीलिए मैंने कहा था कि वे अपने अनुभवों से सबक नहीं सीखते। विजयन ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के मामलों का विश्लेषण करने पर हमें यह ज्ञात होता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस, भाजपा की वास्तविक 'बी-टीम' बन गई है। लेकिन मैं अभी इसके विवरण में नहीं जाऊंगा।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस-भाजपा का गठबंधन राज्य में अतीत में कई बार देखा गया है, लेकिन आगामी चुनावों में क्या परिणाम निकलेंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। विजयन ने कहा कि दोनों दल एक ही तरीके से एलडीएफ (सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा) का विरोध करती हैं।

# डॉ. वंदना दास हत्या मामले में दोषी शिक्षक को उम्रकैद

- अभियोजन ने कहा-आरोपी के लिए मृत्युदंड की करेंगे अपील

कोल्लम (केरल), एजेंसी

केरल में कोल्लम के एक अस्पताल में डॉ. वंदना दास की सनसनीखेज हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए शिक्षक को शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई। अभियोजन पक्ष ने कहा कि वह आरोपी के लिए मृत्युदंड दिए जाने का अनुरोध करते हुए अपील दायर करेगा। चिकित्सक के परिवार ने भी फांसी देने की मांग की है। डॉ. दास की मई 2023 में एक तालुक अस्पताल के अंदर जी संदीप ने बेरहमी से हत्या कर दी थी।

विशेष लोक अभियोजक प्रताप जी पडिकल ने बताया कि कोल्लम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने संदीप को भादंसं के तहत विभिन्न अपराधों के लिए कुल 30 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई और कहा कि इस सजा को पूरा करने के बाद चिकित्सक की हत्या के लिए उसकी आजीवन कारावास की सजा शुरू हो जाएगी। विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि वह अभियोजन पक्ष को यह सिफारिश करेंगे कि आजीवन कारावास की सजा को मृत्युदंड में बदलने के लिए अपील दायर की जाए। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष ने संदीप के लिए अधिकतम सजा की मांग की थी, लेकिन अदालत ने शायद इसे दुर्लभतम मामला नहीं माना और इसीलिए मृत्युदंड नहीं दिया गया। डॉ. दास के पिता ने कहा कि यह फैसला परिवार के लिए राहत की बात है, लेकिन वह निश्चित रूप से यह नहीं कह सकते कि उनकी बेटी को न्याय मिला है या नहीं। उन्होंने सजा पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सजा बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# ब्रिटेन में दिमागी बुखार का प्रकोप हाई अलर्ट जारी

**लंदन।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य सुरक्षा निकाय ने देश के कई हिस्सों में मेनिंजाइटिस (मस्तिष्क ज्वर) के मामलों में अचानक हुई वृद्धि के बाद हाई अलर्ट जारी किया है। पिछले दो हफ्तों में लंदन और दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के कुछ इलाकों में संक्रमण के मामलों में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ गयी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रकोप विशेष रूप से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं को प्रभावित कर रहा है। यूकेएचएसए के मुख्य चिकित्सा सलाहकार ने चेतावनी दी है कि मेनिंजाइटिस बी और डब्ल्यू स्ट्रेन के मामले अधिक देखे जा रहे हैं। अधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे टीकाकरण की स्थिति की तुरंत जांच करें। ब्रिटिश सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है।

# कर्नाटक : सामाज कल्याण अधिकारी ने की आत्महत्या

- मोबाइल पर बनाया वीडियो वरिष्ठों को दोषी ठहराया

तुमकुर, एजेंसी

तुमकुर जिले में सामाजिक कल्याण विभाग के एक अधिकारी ने अपने वरिष्ठ सहकर्मी पर उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद अपने कार्यालय में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सहायक निदेशक मल्लिकार्जुन का शव शुक्रवार को पावागड़ा कस्बे में समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में पंखे से लटका मिला। विभाग के तालुक-स्तरीय अधिकारी ने आत्महत्या करने से पहले अपने मोबाइल फोन पर एक सेल्फी वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त निदेशक कृष्णप्पा द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने बताया कि मल्लिकार्जुन पावागड़ा के गुंडरलाहल्ली का मूल निवासी था। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मां, पत्नी और बच्चों ने उसका अच्छे से ख्याल रखा है। पीड़ित ने दावा किया कि ईश्वर और कानून वरिष्ठ सहयोगी को उनके कृत्यों के लिए दंडित करेंगे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मल्लिकार्जुन के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत और सेल्फी वीडियो के आधार पर संयुक्त निदेशक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि संयुक्त निदेशक ने हाल में मल्लिकार्जुन के खिलाफ जांच शुरू की थी।

# नौका पर अमेरिका के हमले में दो नशा तस्करों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा लातिन अमेरिका में कथित तस्करों के खिलाफ अभियान के बीच पूर्वी प्रशांत महासागर में एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करी नौका पर सेना के हमले में दो लोगों की मौत हो गयी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने शुक्रवार को 'एक्स' पर बताया कि हमले के तुरंत बाद अमेरिकी तटरक्षक को हमले में जीवित बचे तीन लोगों की तलाश के लिए सक्रिय किया गया है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने एक बयान में कहा कि उसके एक जहाज ने दो शव और एक जीवित व्यक्ति को बरामद कर उन्हें कोस्टा रिका के तटरक्षक बल को सौंप दिया। इस ताजा हमले के साथ सितंबर की शुरुआत से ट्रंप प्रशासन द्वारा मादक पदार्थ आतंकवादियों के खिलाफ अभियान शुरू होने के बाद नावों पर हमलों में मारे गए लोगों की संख्या कम से कम 159 हो गई है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**वृष** — आज व्यापार से धन लाभ के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं।

**मिथुन** — आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सफल होंगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कर्क** — आज का दिन नए कार्य की योजना बनाने के लिए शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार में साझेदारी करने के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आप समाज में लोकप्रिय रहेंगे। विद्वान लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

**कन्या** — आज नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। इसके कारण आपको अपने खर्चों में कटौती भी करनी पड़ेगी।

**तुला** — आज व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को पूर्ण कर लेंगे। आपको बड़ा पद सौंपा जा सकता है। कार्यशैली में परिवर्तन कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ आइडियाज आएंगे।

**धनु** — आज विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप लोगों के बीच लोकप्रिय रहेंगे।


**मकर** — आज पुरानी उलझनों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी का विचार बनाएंगे। बच्चों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**मीन** — आज धन से जुड़े मामलों में देरी हो सकती है। लोन संबंधी मामले उलझने की आशंका है। अपने मन की बातें साझा करने से बचें।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 22 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 21.16 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- भरणी 20 .42 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

### सुडोकू - 95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |

### सुडोकू -96

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | 8 | 5 | | |
| | 2 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 7 | 8 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 5 | 2 | | | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 6 | | | 7 |

# पंजाब में तस्करी के 6.5 किलो हेरोइन बरामद

**फिरोजपुर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) फिरोजपुर ने शनिवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय करते हुए तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर 6.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पाकिस्तान स्थित तस्करों ने जीरो लाइन पार की और सीमा बाड़ के बहुत करीब आ गए। वे अंधेरे का फायदा उठाकर नशीले पदार्थों की खेप को भारतीय सीमा के भीतर धकेलने की कोशिश कर रहे थे।

संगोष्ठी

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति नागरत्ना ने किया आह्वान

# लंबित मुकदमों के निस्तारण को बने न्यायिक सुधार आयोग

बेंगलुरु, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने शनिवार को अदालतों में बढ़ते लंबित मामलों को कम करने के लिए एक न्यायिक सुधार आयोग के गठन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों में प्रणालीगत खामी की वजह से न्याय वितरण में देरी हो रही है।

वह यहां सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायिक शासन की पुनर्कल्पनाः लोकतांत्रिक न्याय के लिए संस्थानों को मजबूत करना विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। यहां 'लंबित मामलों से त्वरित न्याय की ओरः भारतीय न्यायालयों में न्याय वितरण पर पुनर्विचार' विषय पर आयोजित परिसंवाद का हिस्सा रहीं न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इस सुधार आयोग में न केवल उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका के सदस्य होने चाहिए, बल्कि बार एसोसिएशन, अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल और संस्थागत स्तर पर बार का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ सदस्य, जैसे कि बार अध्यक्ष, और सरकार की ओर से भी सदस्य होने चाहिए ताकि लंबित मामलों को कम करने पर अंतर-संस्थागत संवाद स्थापित किया जा सके।



### सरकार की भूमिका मुकदमेबाजी का बड़ा स्रोत

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने सरकार की भूमिका को मुकदमेबाजी का सबसे बड़ा स्रोत बताते हुए कहा कि अधिकारी जांच से बचने के लिए अपील दायर करते हैं, यहां तक कि उन मामलों में भी जहां विवादों का निपटारा पहले किया जा सकता था। इसके परिणामस्वरूप मामले अनावश्यक रूप से कई न्यायिक स्तरों से गुजरते हैं। सरकार सार्वजनिक रूप से लंबित मामलों के बारे में चिंता जताती है.।

उन्होंने रेखांकित किया कि विभिन्न हितधारकों के दृष्टिकोण, मुकदमे की यथास्थिति से पक्षकार के लाभ जैसे कारणों से कार्यवाही को लंबा खींचने की कोशिश होती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि एक वकील या अधिवक्ता को स्थगन और सुनवाई में देरी पसंद होती है क्योंकि इससे उसे प्रति उपस्थिति और विस्तारित समयसीमा का लाभ मिलता है। सरकारी विभाग हार स्वीकार करने के बजाय अपील करके नौकरशाही संबंधी जोखिम को कम करता है।



हमने पिछले दो से तीन सीजन में जो हासिल किया, उसे हासिल करने के लिए हमने बहुत मेहनत की है, और यह और भी मुश्किल होने वाला है क्योंकि दूसरी टीमें हमें कड़ी टक्कर देंगी। हम एक मिनट भी बर्बाद न करें और अपना 120 परसेंट देना होगा।

–विराट कोहली

# स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 22 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट



पोलैंड के टोरून में वर्ल्ड एथलेटिक्स इनडोर चैंपियनशिप की हेप्टाथलॉन 60 मीटर हर्डल्स में हिस्सा लेते जमैका के जेरोम कैंपबेल। एजेंसी

### आयरलैंड के खिलाफ 26 और 28 जून को टी-20 खेलेगा भारत

नई दिल्ली। मौजूदा विश्व चैम्पियन भारत 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलेगा। बीसीसीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों मैच बेलफास्ट में होंगे जहां भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार खेलेगी। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने एक बयान में कहा टीम इंडिया दो मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये जून 2026 में आयरलैंड जायेगी। उन्होंने कहा पिछले आठ साल में भारतीय टीम ने तीन बार ( 2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। बेलफास्ट में भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार खेलेगी । इससे दो दिन पहले आयरलैंड के हाई परफार्मेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इसकी पुष्टि की थी। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के बाद इंग्लैंड में एक से 19 जुलाई तक पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी।

### कैमरन ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

शेनजेन (चीन)। ओलंपिक और विश्व चैंपियन तैराक कैमरन मैकएवॉय ने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 17 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया के 31 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को शेन्ज़ेन में चाइना ओपन में 20 .88 सेकंड का समय दर्ज किया, जो ब्राजील के खिलाड़ी सेसार सिएलो के पिछले रिकॉर्ड से 0 .03 सेकंड कम है। सिएलो ने 2009 में तैराकी के तथाकथित 'सुपर सूट' युग के दौरान 20 .91 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। बाद में इस तरह की प्रतियोगिताओं को बंद कर दिया गया था। इन प्रतियोगिता में खिलाड़ी की क्षमता बढ़ाई जाती थी जिसके कारण 2009 में लगभग 150 विश्व रिकॉर्ड टूट गए थे। इस तरह की प्रतियोगिताओं पर 2010 में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### ओलंपिक में पदार्पण को सौरव घोषाल ने ऐतिहासिक बताया

नई दिल्ली। भारत के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सौरव घोषाल ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में स्क्वाश को शामिल किए जाने को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि खेल के विकास के लिए बेहतर कोचिंग और 'इकोसिस्टम' को मजबूत बनाने की जरूरत है। हाल ही में विश्व प्रीमियर स्क्वाश के खेल कमिश्नर नियुक्त किये गए घोषाल ने कहा मैं खुशकिस्मत रहा हूं कि मैने भारत के लिये 20 साल से ज्यादा पेशेवर स्क्वाश खेला है। यह उस सारे अनुभव को साथ लाने का दौर है और मुझे खुशी है कि वैश्विक स्तर पर योगदान दे पा रहा हूं।

# केकेआर को बड़ा झटका, चोटिल आकाशदीप आईपीएल सत्र से बाहर

## पीठ के निचले हिस्से में फिर उभरा दर्द, स्वस्थ्य होने में लग सकते 12 हफ्ते

कोलकाता, एजेंसी

चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को शनिवार को तब एक और झटका लगा जब उसके प्रमुख तेज गेंदबाज आकाशदीप पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए। आकाशदीप कम से कम आठ सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे जिससे दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज का जून की शुरुआत में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया आकाशदीप की पीठ के निचले हिस्से में दर्द फिर से उभर गया है और उन्हें ठीक होने में आठ से 12 सप्ताह तक लग सकते हैं। वह आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे और उनका अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है। इस 29 वर्षीय गेंदबाज ने अपना आखिरी मैच जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के रूप में खेला था। तब वह पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे थे। उन्होंने पहली पारी में केवल 13 ओवर और दूसरी पारी में सात से कम ओवर फेंके थे। तब से वह बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उन्होंने बुधवार से यहां शुरू हुए केकेआर के अभ्यास शिविर में हिस्सा नहीं लिया।

सूत्र ने कहा पूरी तरह से फिट होकर वापसी करने में काफी समय लगेगा। इस तरह की चोट में फिट होने के लिए लगभग 10 सप्ताह का समय लगता है। लेकिन इस मामले में इससे भी अधिक समय लग सकता है। आकाशदीप तीन बार के चैंपियन केकेआर की चोटिल खिलाड़ियों की सूची में नया नाम हैं। इस सूची में भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा और 18 करोड़ रुपये में खरीदे गए श्रीलंकाई खिलाड़ी मथीशा पथिराना भी शामिल हैं, जिससे टीम का तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर पड़ गया है। आकाशदीप और राणा की अनुपस्थिति में केकेआर को वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और फिट होकर वापसी करने वाले उमरान मलिक पर निर्भर रहना पड़ेगा। राणा पहले ही आईपीएल से बाहर हो गए थे। बीसीसीआई के निर्देश के बाद इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करना पड़ा, जिसके बाद केकेआर ने उनके स्थान पर जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को टीम में शामिल किया।



### कोलकाता नाइट राइडर्स की गेंदबाजी में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा : अश्विन

चेन्नई, एजेंसी। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजी आक्रमण में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा और उनके 'मिस्ट्री' स्पिनरों में 'नवीनता का तत्व' भी फीका पड़ गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले केकेआर की ताकत और कमजोरी का विश्लेषण करते हुए अश्विन ने कहा कि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर अब काफी जिम्मेदारी होगी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा मुझे नहीं लगता कि केकेआर की गेंदबाजी देखकर विरोधी टीम डरेंगी। 'मिस्ट्री फैक्टर', 'नवीनता' और खौफ, ये सब अब खत्म हो चुके हैं। पहले बल्लेबाज विश्लेषक के कमरे में जाकर गेंदबाज के हाथ को देखते थे या फिर एक रन लेने की बात सोचते थे। उन्होंने कहा वरुण अपने करियर के ऐसे दौर में हैं जहां उन्हें जवाब ढूंढने होंगे। यह हर क्रिकेटर के विकास का हिस्सा होता है। मुझे लगता है कि नवीनता का तत्व अब खत्म हो गया है। अश्विन ने यह भी कहा कि अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण की प्रभावशीलता भी कम हो गई है। उन्होंने कहा सुनील नारायण अब अपने एक्शन की वजह से अपनी तेज गेंद नहीं डाल सकते। ईडन गार्डन्स छोटा मैदान है इसलिए विरोधी टीमों के लिए आक्रामक होना आसान हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केकेआर के गेंदबाजों के लिए आक्रामक बल्लेबाजी लाइन-अप को रोकना मुश्किल हो सकता है, खासकर छोटे मैदानों पर। उन्होंने यह भी कहा कि चोटों और खिलाड़ियों में बदलाव के कारण गेंदबाजी इकाई कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा नीलामी के बाद मैंने कहा था कि केकेआर की गेंदबाजी मजबूत है। लेकिन अब मुस्तफिजुर रहमान टीम में नहीं हैं। माथिशा पाथिराना चोटिल हैं और हर्षित राणा भी बाहर हो चुके हैं। अश्विन ने कहा केकेआर के पास ब्लेसिंग मुजारबानी हैं जिन्होंने मेहनत की है और मैं उन्हें देखने के लिए उत्साहित हूं। लेकिन इतनी चोटों के बीच किसी को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी और वो कौन होगा, मुझे नहीं दिखता। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप भी केकेआर के पूरे सत्र के लिए बाहर हो गए हैं। अश्विन ने श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया जिन्होंने 2024 में केकेआर को तीसरा खिताब जिताया था लेकिन टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया। उन्होंने कहाकोरबो है, लोरबो है, लेकिन जीतबो नहीं है। केकेआर ने तीन बार खिताब जीता, दो बार गौतम गंभीर के नेतृत्व में और एक बार श्रेयस अय्यर की अगुआई में। अश्विन ने कहा श्रेयस अय्यर की कप्तानी प्रभावशाली रही है। केकेआर का नुकसान पंजाब किंग्स का फायदा बन गया। अय्यर पंजाब किंग्स में शामिल हुए और पिछले साल टीम को एक दशक में पहली बार आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया।



अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में छात्र-छात्राओं के साथ सेल्फी लेते गुजरात टाइटन्स के खिलाड़ी कुमार कुशाग्र, मानव सुथार व अरशद खान।

## किसी सत्र का एक भी मिनट बर्बाद नहीं करना : कोहली

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के करिश्माई बल्लेबाज विराट ने साथी खिलाड़ियों को दी सलाह

बेंगलुरु, एजेंसी

करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अपने साथी खिलाड़ियों से 'स्विच आन' करने का आग्रह किया और कहा कि आईपीएल खिताब बरकरार रखने की तैयारी में अब उन्हें अभ्यास सत्र का एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोहली ने कहा कि उसी जज्बे को बरकरार रखना है जिसके दम पर उन्होंने पिछले साल खिताब जीता था। कोहली ने कहा हमने पिछले दो तीन सत्र में काफी मेहनत की है जिसके दम पर पिछले साल यह उपलब्धि हासिल कर सके। अब रास्ता और कठिन होगा क्योंकि बाकी टीमें भी पूरी चुनौती देंगी। आरसीबी को 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। कोहली ने कहा हमें समय बर्बाद नहीं करना है। हमें आगे रहना है तो स्विच आन कर लीजिए। किसी भी सत्र का एक मिनट भी व्यर्थ नहीं करना है। हमें अगले ढाई महीने में अपना 120 प्रतिशत देना होगा। आरसीबी ने टीम में वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, जोर्डन कॉक्स, विकी ओस्तवाल और सात्विक देसवाल को शामिल किया है।

मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा नीलामी काफी रोचक थी और हमारी टीम बेहतर हुई है। हमने कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों को लिया है। विराट और रजत की अगुवाई में स्थापित खिलाड़ियों के साथ उन्हें आरसीबी का हिस्सा बनाना रोमांचक होगा। उन्होंने यह भी कहा इस साल बात अलग होगी क्योंकि अब हम खिताब जीत चुके हैं।

## तन्वी का शानदार अभियान सेमीफाइनल में हार के साथ समाप्त

ओरलियंस। भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा को शनिवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में अपनी गलतियों पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।

भारत की सत्रह वर्षीय खिलाड़ी पूरे मैच के दौरान अपनी लेंथ और नियंत्रण को लेकर जूझती रहीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता को 35 मिनट में 31 वर्षीय ओकुहारा (2016 की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 2017 की विश्व चैंपियन) के हाथों 9-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

तन्वी ने पिछले साल सैयद मोदी इंटरनेशनल में ओकुहारा के खिलाफ तीन गेम के एक रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की थी। लंबी रैलियों के लिए मशहूर ओकुहारा ने पहले गेम में 3-0 की बढ़त बना ली और फिर तन्वी की गलतियों के कारण 6-3 पर पहुंच गईं। तन्वी लगातार लाइन से चूकती रहीं और ब्रेक तक जापानी खिलाड़ी से 6-11 से पिछड़ रही थीं।


## महिला टी20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं फैनी

- नाइजीरिया इनविटेशनल के एक मुकाबले में 65 गेंदों पर खेली 111 रनों की नाबाद पारी

अबुजा, एजेंसी

रवांडा की फैनी उतागुशीमानिंदे महिला टी20 डेब्यू में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज़ बनीं। उन्होंने घाना के खिलाफ नाइजीरिया इनविटेशनल महिला टी20 टूर्नामेंट के एक मुकाबले में 65 गेंदों में 111 रनों की नाबाद पारी खेली।

15 साल और 223 दिन की उम्र में उतागुशीमानिंदे महिला टी20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज भी बनीं। इससे पहले महिला टी20 डेब्यू में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की कैरेन रॉलटन के नाम था जिन्होंने 2005 में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टांटन में 96 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वह मैच महिला टी20 इतिहास का सिर्फ दूसरा ही अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबला था। दूसरी तरफ इससे पहले महिला टी 20I में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड यूगांडा की प्रोस्कोविया अलाको के नाम था जिन्होंने 16 साल और 233 दिन की उम्र में माली के ख़िलाफ़ किगाली में 2019 में 116 रनों की पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में अभी तक चार बल्लेबाज़ों ने टी20 डेब्यू में शतक लगाया है, लेकिन उसमें से



एक भी पूर्ण सदस्य देश से नहीं हैं। कनाडा के मैथ्यू स्पूर्स ने 2022 में फ़िलीपींस के ख़िलाफ़ 108 रनों की नाबाद पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में फ्रांस के गुस्ताव मैकियोन टी20 में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज़ हैं जिन्होंने यह रिकॉर्ड 18 साल और 280 दिन की उम्र में बनाया था। उतागुशीमानिंदे के शतक की मदद से रवांडा ने 210 पर 3 का बड़ा स्कोर बनाया और उनके बाद दूसरी सर्वश्रेष्ठ स्कोरर मेर्विल उवासे रहीं जिन्होंने 19 गेंदों में 32 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा 28 रन अतिरिक्त से आए जिसमें 25 वाइड थे। घाना की टीम 20 ओवर में 88 पर 8 का स्कोर ही बना सकी और उन्हें 122 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

## मानव व यशस्विनी ने जीता राष्ट्रीय टेबल टेनिस का खिताब

इंदौर। पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के मानव ठक्कर और यशस्विनी घोरपड़े ने शनिवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एकल खिताब जीता। पुरुषों के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मानव ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन करते हुए रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के जीत चंद्र पर 4-1 (11-2 11-4 6-11 11-9 11-3) की शानदार जीत हासिल की।

इसके विपरीत महिला एकल के फाइनल में काफी कड़ा मुकाबला देखने को मिला तथा आखिर तक रोमांच बन रहा। आखिर में यशस्विनी ने अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। उन्होंने फाइनल में पीएसपीबी की युवा खिलाड़ी सिंड्रेला दास पर 4-3 (11-6 12-14 11-5 9-11 13-11 6-11 11-8) से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी और सुहाना सैनी ने अनिकेत बोस और सम्प्रीति रॉय की पश्चिम बंगाल की जोड़ी को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-9 11-7 9-11 13-15 12-10) से हराया।

## जापान ने जीता महिला एशियाई कप



जापान की माइका हमानो के खिलाफ फुटबॉल पर नियंत्रण करने की कोशिश करतीं ऑस्ट्रेलिया की एली कारपेंटर। एजेंसी

- मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया, माइका हमानो ने किया एकमात्र गोल

सिडनी, एजेंसी

माइका हमानो के पहले हॉफ में किए गए गोल की बदौलत जापान ने शनिवार को यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर महिला एशियाई कप का खिताब जीत लिया।

हमानो चेल्सी से 'लोन' पर टोटेनहम के लिए खेलती हैं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 17वें मिनट में बाएं ओर से मिले पास पर पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से जोरदार शॉट लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 10 मिनट में बराबरी के लिए पूरा दबाव बनाया, लेकिन जापान की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें लगातार रोके रखा। जापान ने 2014 और 2018 में भी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगातार महिला एशियाई कप जीते थे। इस तरह उसने पिछले चार महाद्वीपीय टूर्नामेंटों में तीसरी बार खिताब जीता है। एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए छह मैचों में सिर्फ एक गोल खाया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2010 के बाद से यह महाद्वीपीय चैंपियनशिप नहीं जीती है, जब सैम केर (तब 16 वर्ष की थीं) ने फाइनल में गोल किया था। एशियाई कप से छह टीमें अगले साल ब्राजील में होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। मध्य पूर्व युद्ध से प्रभावित ईरानी टीम की भागीदारी के कारण 12 टीमों के इस टूर्नामेंट ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया।

**मियामी ओपन**

**एरीना सबालेंका ने एन ली और एलेना रिबाकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को हराया**

# सबालेंका और रिबाकिना तीसरे दौर में पहुंचीं

मियामी, एजेंसी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका और वर्ल्ड नंबर दो एलेना रिबाकिना ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में अपने मियामी ओपन अभियान की विजयी शुरुआत की। सबालेंका ने अमेरिकन एन ली पर 7-6(5), 6-4 से दूसरे राउंड में 1 घंटे, 42 मिनट की जीत हासिल की जबकि रिबाकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को एक घंटे, 17 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया।

सबालेंका ने अपनी जीत के बाद माना कि हालांकि वह अपने ओवरऑल खेल के लेवल से खुश नहीं थीं, लेकिन वह मुश्किल हालात में अपने रिस्पॉन्स से खुश थीं। शुरुआत में वह 4-1 से आगे थीं, लेकिन ली ने लगातार तीन गेम जीतकर बराबरी कर ली। जिसमें 4-4 के लिए



एक होल्ड भी शामिल था जिसमें उन्होंने सात ब्रेक पॉइंट बचाए। सेट में बने रहने के लिए दो बार सर्व बचाने के बाद, ली ने बाद में टाईब्रेक के बीच में सबालेंका को लीड किया, लेकिन टॉप सीड ने आखिरी पांच में से चार पॉइंट जीतकर अपनी लीड वापस पा ली। दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार तीन ब्रेक के बाद, सबालेंका ने ली को चौथे सेट के दो मौके देने से मना कर दिया। और बाकी रास्ते में सर्विस पर चार पॉइंट गंवाकर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में अपना लगातार नौवां ओपनिंग मैच जीत लिया। सबालेंका का अगला मैच कैटी मैकनेली से होगा। मियामी में पहले दो पहले राउंड से बाहर होने के बाद, मैकनेली ने रेबेका मासरोवा पर शुरुआती जीत के साथ नंबर 29 सीड वांग शिन्यु को 6-4, 1-6, 6-0 से हराया। रविवार को इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में वर्ल्ड नंबर ए आर्यना सबालेंका से हारने के बाद डब्ल्यूटीए टूर पर अपना पहला मैच खेलते हुए, रायबाकिना ने शुरुआत में ही ब्रेक करके 3-1 की बढ़त बना ली। हालांकि पुतिनत्सेवा, जिन्होंने अपनी पिछली तीन मुलाकातों में से दो जीती थीं, ने 3-3 से बराबरी कर ली, लेकिन रायबाकिना ने आठवें गेम में एक और ब्रेक के साथ जवाब दिया और सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में, रायबाकिना ने सातवें और नौवें गेम में ब्रेक करके 1 घंटे, 17 मिनट में 6-3, 6-3 से जीत पक्की कर ली।

मैं वहां थी, मैं लड़ रही थी, चाहे कुछ भी हो, भले ही मेरा गेम शायद मेरा सबसे अच्छा गेम नहीं था, जहां उन्होंने वर्ल्ड नंबर 39 की भी तारीफ की। उन्होंने आगे कहा उन्होंने ज़बरदस्त टेनिस खेला। वह सुपर एग्रेसिव थीं, उनकी सर्विंग ज़बरदस्त थी, वाह। यह एक शानदार मैच था, एक शानदार लेवल था, और मैं यह बहुत मुश्किल जीत पाकर बहुत खुश हूं।

**-एरीना सबालेंका**

बहुत खुश हूं, सच कहूं तो यूलिया के खिलाफ मैच हमेशा मुश्किल होते हैं। मुझे खुशी है कि आज मेरी सर्व काम कर रही थी। मुझे कोर्ट के हिसाब से ढलने के लिए भी कुछ समय चाहिए था। मैंने अभी तक यहाँ हिट भी नहीं किया था। इसलिए मैं जीत से बहुत खुश हूँ।

**-एलेना रिबाकिना**

## विंबलडन ने छह कोर्ट पर वीडियो रिव्यू की सुविधा शुरू की

लंदन। ऑल इंग्लैंड क्लब ने शनिवार को घोषणा की कि विंबलडन इस साल के टूर्नामेंट में पहली बार वीडियो समीक्षा (रिव्यू) तकनीक का इस्तेमाल करेगा।

सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट में यह तकनीक सेंटर कोर्ट, नंबर एक कोर्ट (क्लब का दूसरा सबसे बड़ा कोर्ट) और चार अन्य कोर्ट पर उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को चेयर अंपायर द्वारा दिए गए कुछ खास फैसलों जैसे ''डबल बाउंस'' का रिव्यू करने की अनुमति होगी। वीडियो रिव्यू ने 2023 अमेरिकी ओपन में ग्रैंड स्लैम टेनिस में अपनी शुरुआत की थी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी इस तकनीक का इस्तेमाल करता है।

## कर्स्टन ने छोटे कोचिंग समय के लिए पीसीबी के दखल को जिम्मेदार ठहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व हेड कोच गैरी कर्स्टन ने टीम के साथ अपने छोटे समय के बारे में बात की है, और बताया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बहुत ज़्यादा दखल ने उनके समय से पहले जाने में अहम भूमिका निभाई। कर्स्टन, जिन्हें अप्रैल 2024 में दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर अपॉइंट किया गया था, ने सिर्फ़ छह महीने बाद पाकिस्तान की वनडे और टी 20 टीमों के हेड कोच का पद छोड़ दिया, टीम के ऑस्ट्रेलिया के तय वनडे दौरे से कुछ ही दिन पहले।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओपनर ने कहा कि टीम के मामलों में बाहरी दखल का लेवल ऐसा था जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। कर्स्टन ने टॉकस्पोर्ट क्रिकेट को बताया, "जिस चीज़ ने मुझे सबसे ज़्यादा हैरान किया, वह थी दखल का लेवल। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसे पहले कभी उस लेवल पर देखा है। क्या इससे मुझे हैरानी हुई? मुझे नहीं पता, लेकिन यह काफ़ी था।

उनके इस्तीफे के बाद, पीसीबी ने टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम कोच बनाया, जिसमें छह लिमिटेड-ओवर मैच थे। हालांकि, कुछ महीने बाद गिलेस्पी ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कर्स्टन ने बताया कि लगातार बाहरी दबाव की वजह से खिलाड़ियों के साथ काम करने का एक स्थिर माहौल बनाना मुश्किल हो गया।

उन्होंने कहा जब बाहर से लगातार शोर हो रहा हो, तो कोच के लिए आकर खिलाड़ियों के साथ काम करने का तरीका बनाना काफी मुश्किल होता है। यह मुश्किल था, बाहर से लगातार शोर और खराब परफॉर्मेंस और इस तरह की चीजों के लिए बहुत सारी सज़ा देने वाली कार्रवाई।